खबरों के 69 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

जबलपुर, मंगलवार 08 जुलाई 2025 । वर्ष – 69 । अंक – 233 पृष्ठ – 12 । मूल्य – 3.00 रु.



■ नोटबंदी से वोटबंदी तक
■ विनाश को विस्तार देते युद्ध 04

■ चीन को अपना पोर्ट लीज पर लेकर पछता...
■ सऊदी अरब ने तोड़ ए सजा-ए-मौत के... 09

■ भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से मक्का...
■ 9 जुलाई को बैंकिंग और बीमा सेवाएं... 11

■ अगर हमारी टीम मेरे...
■ ईस्ट बंगाल व साऊथ... 10


## सार संक्षेप

### राहुल वीडियो मामले में दिल्ली में भी प्राथमिकी दर्ज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की सैनेटरी पैड वीडियो से जुड़े विवाद को लेकर यहां एक शिकायत दर्ज की गई है जिसे मिलाकर देशभर में इस मुद्दे में अब तक तीन शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं। युवा कांग्रेस के अनुसार यह शिकायत संगठन के अध्यक्ष उदय भानु चिब, बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्ण अल्लावरु, लीगल सेल के चेयरमैन रूपेश सिंह भदौरिया के नेतृत्व में यहां मंदिर मार्ग पुलिस थाने में दर्ज कराई गई है। युवा कांग्रेस लीगल सेल दिल्ली के अध्यक्ष विवेक पुनिया द्वारा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से एक समानांतर शिकायत भी प्रस्तुत की गई है।

### संजोग गुप्ता 'आईसीसी' के नए सीईओ नियुक्त

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने संजोग गुप्ता को अपना सीईओ नियुक्त करने की घोषणा की है। 'आईसीसी' ने नए सीईओ का ऐलान करते हुए कहा, आईसीसी संजोग गुप्ता का स्वागत करता है। वह क्रिकेट की वैश्विक यात्रा को एक परिवर्तनकारी भविष्य की ओर लेकर जाने की तैयारी कर रहे हैं। आईसीसी ने मार्च में वैश्विक भर्ती प्रक्रिया शुरू की थी। इस पद के लिए 25 देशों से 2,500 से अधिक आवेदन आए थे। उम्मीदवारों में स्पोर्ट्स गवर्निंग बॉडी से जुड़े लीडर्स से लेकर विभिन्न क्षेत्रों के सीनियर कॉर्पोरेट एग्जीक्यूटिव शामिल थे।




### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**-जर्जर सड़क पर लोगों ने गड़ढों में बैठकर प्रदर्शन किया।

**चुहिया- हां प्रिये**- जब जिन्दगी ही 'गड्ढे' में जा रही हो तो लोग और क्या करें?

## रिहायशी इलाकों में भी... नाक तक पहुंची बाढ़



मानसून के तीखे तेवर

# हिमाचल, मध्यप्रदेश,गुजरात-महाराष्ट्र सहित उत्तर भारत में पानी ही पानी

**नई दिल्ली,भोपाल,जबलपुर देशबन्धु।** जुलाई के शुरूआत से ही बारिश उत्तर भारत में अपने तीखे तेवर दिखा रही है। कहीं चार घंटे में 5 इंच तो कहीं बादल फट पड़ते हैं और ऐसी मूसलधार लगती है कि देखते ही देखते रिहायशी इलाकों में नाक तक पानी चढ़ जाता है। लोग अपनी जान और सामान बचाने की जद्दोजहद में लग जाते हैं। हिमाचल, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, बिहार, झारखण्ड सहित कई राज्यों में बड़ी संख्या में लोग बाढ़ से निपट रहे हैं। केन्द्रीय तथा प्रदेशों के राहत दल और सुरक्षा एजेंसियां बचाव कार्य में लगी हुई हैं।

### अनूपपुर में कार बही, पति-पत्नी और दो मासूम बच्चों की मौत



*अनूपपुर में रविवार रात अमरकंटक रोड पर सजहा नाले में तेज बहाव के दौरान एक कार बहने से एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। मृतकों में एसईसीएल सोहागपुर के फोरमैन चंद्रशेखर यादव (38), उनकी पत्नी प्रीति यादव (37), पुत्र रेयांश (8) और पुत्री सीबी (2) शामिल हैं। हादसा तब हुआ जब पुलिया पर पानी होने के बावजूद चंद्रशेखर ने कार आगे बढ़ाई, जिससे वह बह गई।* ***(विस्तृत समाचार अंतिम पृष्ठ पर)***

## देश में पहली बार लोग खुद भर सकेंगे जनगणना का फॉर्म

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** भारत में होने वाली अगली जनगणना को लेकर सरकार ने एक बड़ा ऐलान किया है। यह देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें आम लोग खुद भी अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। इसके लिए सरकार एक खास वेब पोर्टल लॉन्च करने जा रही है। इसके अलावा, मोबाइल ऐप के जरिए भी जनगणना का काम पूरा किया जाएगा।

भारत में अब तक जनगणना के लिए घर-घर जाकर सरकारी कर्मचारी कागज पर जानकारी इकट्ठा करते थे। लेकिन अब सरकार इस प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल बनाने जा रही है। पहली बार मोबाइल ऐप और ऑनलाइन पोर्टल के जरिए लोगों की जानकारी ली जाएगी। इससे न केवल काम तेजी से होगा, बल्कि डेटा भी सुरक्षित तरीके से सीधे सरकार के केंद्रीय सर्वर पर

**केंद्र सरकार का वेव पोर्टल लांच करेगी**

पहुंचेगा। सरकार ने कहा है कि नागरिक चाहें तो खुद ही अपनी जनगणना की जानकारी वेब पोर्टल पर दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए दो चरणों में जनगणना होगी। पहला चरण हाउस लिस्टिंग एंड हाउसिंग सेंसस यानी घर और मकान की जानकारी, और दूसरा चरण पॉपुलेशन एनुमरेशन यानी जनसंख्या की गिनती। दोनों चरणों में लोग खुद अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे।

जनगणना 2026 और 2027 में दो चरणों में होगी। पहला चरण 1 अप्रैल 2026 से शुरू होगा, जिसमें मकानों की गिनती की जाएगी। दूसरा चरण 1 फरवरी 2027 से शुरू होगा, जिसमें लोगों की जनसंख्या, जाति और बाकी जरूरी जानकारियां जुटाई जाएंगी। इसके लिए 16 जून 2024 को सरकारी अधिसूचना जारी की गई है।

## बिहार वोटर लिस्ट मामले में 10 को सुप्रीम सुनवाई

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के मामले को लेकर एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। एडीआर की ओर से दायर याचिका में वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने जल्द सुनवाई की मांग की है। सिब्बल ने कोर्ट में कहा, यह लाखों मतदाताओं का सवाल है। अगर इस कार्रवाई को तुरंत नहीं रोका गया तो इसका असर सबसे कमजोर तबके पर पड़ेगा। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के इस मामले में शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध स्वीकार करते हुए कहा कि अदालत गुरुवार इस मामले में विचार करेगी।

### आयोग ने 11 दस्तावेजों की सूची जारी की है

बिहार में कुछ ही महीनों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इससे पहले मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसको लेकर भारत निर्वाचन आयोग ने 11 दस्तावेजों की सूची जारी की है। इसमें जिन दस्तावेजों का जिक्र किया गया है, उन्हें स्थानीय निवासी को फॉर्म के साथ बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को देना होगा। अलग-अलग माध्यम से मतदाताओं को जागरूक भी किया जा रहा है। विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर बिहार पीआईबी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर मतदाताओं को जागरूक किया। उन्होंने कहा, अगर वोट देना है तो फॉर्म भरना होगा।

### लुधियाना और पंजाब के निवेशकों को मध्यप्रदेश में किया आमंत्रित

## लुधियाना में मिले 15,606 करोड़ के निवेश प्रस्ताव : मुख्यमंत्री

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश का आर्थिक तंत्र मजबूत हुआ है। देश में औद्योगीकरण बड़ा है, अब हम विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं। लुधियाना भारत का मैन्चेस्टर है।

यहां के उद्योगपतियों ने बड़ी मेहनत से अपनी पहचान बनाई है। लुधियाना में निर्मित ए-वन और हीरो साइकिल्स देश-दुनिया में मशहूर हैं। पंजाब के निवेशक देश की आर्थिक समृद्धि में योगदान देने वाले प्रमुख ध्वजवाहक हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज लुधियाना में हुये इंटरैक्टिव सेशन, वन-टू-वन चर्चा और संवाद सत्रों में यहां के उद्योगपतियों से 15 हजार 606 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त



हुये हैं, जिससे 20 हजार से अधिक रोजगार का सृजन होगा। हमने लुधियाना और पंजाब के उद्योपतियोंत को मध्यप्रदेश में उद्योग लगाने के लिये आमंत्रित किया। साथ ही उन्हें मध्यप्रदेश में उपलब्ध संसाधनों के साथ राज्य की

- **20 हजार से अधिक रोजगार का होगा सृजन**
- **इंटरैक्टिव सेशन और संवाद-सत्र में 400 से अधिक प्रतिभागी हुए शामिल**
- **निवेशकों ने म.प्र. के विभिन्न क्षेत्रों में दिखाई निवेश के प्रति रूचि**

औद्योगिक नीतियों से भी अवगत कराया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को पंजाब की उद्योग नगरी लुधियाना में मध्यप्रदेश में निहित निवेश की संभावनाओं के संबंध में निवेशकों को संबोधित कर रहे थे।

## पंजाब में बस पलटने से 8 की मौत, 32 घायल

**40 यात्रियों को लेकर हाजीपुर से दसूहा जा रही थी**

**होशियारपुर,(एजेंसियां)।** पंजाब में जिला होशियारपुर के तलवाड़ा-दसूहा मार्ग स्थित गांव संघरां के पास सोमवार सुबह हाजीपुर से दसूहा जा रही एक निजी मिनी बस कार से टकरा कर पलट जाने से एक बालक सहित आठ लोगों की मौत हो गई और 32 अन्य सवार घायल हो गए। मुकेरियां के पुलिस उपाधीक्षक कुलविंदर सिंह विर्क ने बताया कि करीब 40 यात्रियों को लेकर बस हाजीपुर से दसूहा जा रही थी, तभी सामने से आ रही एक कार से टकरा कर बस चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। बस बेकाबू होकर बीच सड़क पर ही पलट गई, जिसमें आठ लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में मां और पुत्री भी शामिल हैं, जिनकी पहचान रज्जू बाला पुत्री अशरफ और मीना पतनी अशरफ अली निवासी बुड्डा मल के

**मृतकों में मां और पुत्री भी शामिल**

रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि घायल यात्रियों को इलाज के लिए दसूहा के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया है। प्रशासन को तुरंत घायलों की मदद करने के निर्देश दिए।

### बिहार में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या

## महिला को डायन बता कर जिंदा जलाया

- **16 साल का बेटा घटना का चश्मदीद गवाह**
- **पूर्णिया जिले में मुफस्सिल थाना क्षेत्र की घटना**

**पटना, (देशबन्धु)।** बिहार में हत्या की बड़ी वारदात सामने आई है। प्रदेश के पूर्णिया जिले में एक महिला के डायन होने के शक में उसे और उसके परिवार के चार लोगों की हत्या कर दी गई। पांचों रविवार रात से ही रहस्यसमी ढंग से लापता थे। मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के राजीगंज पंचायत के टेटगामा वार्ड संख्या 10 का है। इसी गांव में रहने वाले बाबू लाल उरांव, उसकी पत्नी और तीन अन्य लोगों को जिंदा जला दिया गया

मृतक बाबू लाल उरांव का 16 साल का बेटा खुद घटना का चश्मदीद गवाह है। वारदात के बाद से घर के आस-पास रहने वाले सभी लोग अपने घर से फरार हैं। पूरे गांव में सन्नाटा पसरा है। घटना को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि गांव के कुछ लोगों को बाबू लाल उरांव की पत्नी पर डायन होने का शक था। इसी के बाद पड़ोसियों ने रविवार देर रात बाबू लाल उरांव, उसकी पत्नी और तीन अन्य को जिंदा जला कर मार डाला। पुलिस ने घटना की पुष्टि कर दी है, हालांकि इस पर अभी कुछ भी कहने से बच रही है। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना समेत आस-पास के तीन थाने की पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है।

**पुलिस तीन लोगों से पूछताछ कर रही**-घटनाक्रम के वक्त बाबू लाल उरांव का बेटा किसी तरह अपनी जान बचाकर भागा और नानी के घर पहुंचा, उसने आंखों देखी नानी को सुनाया, जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। चश्मदीद बच्चे को लेकर एसपी स्वीटी सहरावत घटनास्थल पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। मुफ्फसिल थानाध्यक्ष उत्तम कुमार इस मामले में तीन लोगों को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ कर रहे हैं। मृतकों की पहचान 70 वर्षीया मौसमात कातो देवी, 50वर्षीय बाबूलाल उरांव, 40 वर्षीय सीता देवी, 25 वर्षीय मनजीत कुमार और 20 वर्षीय रानी देवी के रूप में हुई है।





अब पाइये चश्मे से छुटकारा
मात्र कुछ सेकेण्ड्स में
Teneo- 2 तकनीक से इलाज
TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित
आज ही विजिट करें
9165108121 janjyotieyehospital.com
1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur

Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2025-26
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200


### प्रदर्शन — जर्जर सड़क पर ग्रामीणों का अनोखा विरोध

## पानी भरे गड्ढों में बैठकर किया कीर्तन

***छतरपुर, देशबन्धु।** चुनाव आते हैं वादों की झड़ी लग जाती है। ऐतबार करें तो ऐसा लगता है कि जो वादे किए जा रहे हैं वे पूरे हो जाएं तो मुसीबत ही टल जाए लेकिन चुनाव जाते ही वादे भी हवा से हो जाते हैं। ऐसी ही वादाखिलाफी की मुसीबत खजुराहो से सटे कुछ गांव के लोग कई वर्षों से झेल रहे हैं। सड़क ऐसी की जिस पर जानलेवा गड्ढों का राज है। वाहनों का आवागमन तो दूर पैदल गुजरना भी खतरे से खाली नहीं है। मुसीबतजदा ग्रामीण कई बार कई तरह से आवेदन-निवेदन कर चुके लेकिन उनकी जिन्दगी गड्ढों से बाहर नहीं निकल पाई। तब ऐसा रास्ता अपनाया, जो व्यवस्था के कानों तक उनकी आवाज पहुंचा सके।*



खजुराहो से सटे ग्राम खर्रोही, उदयपुरा और धनुपुरा को जोड़ने वाली सड़क की जर्जर स्थिति ने ग्रामीणों के लिए आवागमन को दुष्कर बना दिया है। बारिश के कारण सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे हादसों का खतरा बढ़ गया है और बारिश में ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उक्त समस्या को उजागर करने के लिए ग्रामीणों ने पानी भरे गड्ढों में बैठकर कीर्तन किया और इस अनोखे प्रदर्शन के माध्यम से मरम्मत की मांग की गई। स्थानीय निवासी प्रवीण जैन ने बताया कि सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि आवागमन लगभग असंभव हो गया है, खासकर बारिश के मौसम में। ग्रामीणों ने गड्ढों में बैठकर और वीडियो बनाकर स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की।

उनका कहना है कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधि सड़क निर्माण के वादे करते हैं, लेकिन बाद में कोई कार्रवाई नहीं होती। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत शुरू नहीं हुई, तो वे और बड़े स्तर पर प्रदर्शन करेंगे।

# देश-विदेश

## 166 लोगों की अस्थियों को लेकर जा रहा अंतरिक्ष कैप्सूल क्रैश

**नई दिल्ली।** प्रशांत महासागर एक ऐसा हादसा हुआ है, जिसको सुन सब हैरान हैं. एक अनोखा अंतरिक्ष कैप्सूल जो 166 लोगों की अस्थियों को ले जा रहा था, पृथ्वी की परिक्रमा करने के बाद प्रशांत महासागर में क्रेश हो गया है. ये कैप्सूल एक जर्मन स्टार्टअप की ओर से लॉन्च किया गया था, जिसको मिशन पॉसिबल का नाम दिया गया था. इसमें 166 लोगों के अवशेष थे, जो अंतरिक्ष में दफन होना चाहते थे, साथ ही भांग के बीज भी थे। हालांकि, 23 जून को लॉन्च होने के बाद कैप्सूल ने दो पृथ्वी के दो चक्कर लगाए, लेकिन तीसरे चक्कर में ये प्रशांत महासागर में गिर गया. कैप्सूल बनाने वाली एक्सप्लोरेशन कंपनी ने कहा कि मिशन पॉसिबल आंशिक रूप से सफल रहा है।

# ब्रिक्स देश घनिष्ठ सहयोग जारी रखेंगे : मोदी

## प्रधानमंत्री मोदी बोले, ब्रिक्स का नया अर्थ-'सहयोग और स्थिरता के लिए लचीलापन और नवाचार

**रियो डी जेनेरियो, ( एजेंसियां )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स समूह को नया आयाम देते हुए कहा है कि इसका मतलब 'सहयोग और स्थिरता के लिए लचीलापन और नवाचार ' है। रियो डी जेनेरियो में सोमवार को 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दूसरे और अंतिम दिन अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले वर्ष भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स देश सभी विषयों पर घनिष्ठ सहयोग जारी रखेंगे और समूह को फिर से परिभाषित करने पर काम करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, अगले वर्ष भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के तहत हम सभी विषयों पर घनिष्ठ सहयोग जारी रखेंगे...हम ब्रिक्स को फिर से परिभाषित करने की दिशा में काम करेंगे।

भारत अगले वर्ष ब्रिक्स की अध्यक्षता संभालेगा। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स का मतलब होगा सहयोग और स्थिरता के लिए लचीलापन तथा नवाचार । उन्होंने कहा कि जिस तरह जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत ने जी-20 समूह को व्यापक बनाया और एजेंडे में ग्लोबल साउथ के मुद्दों को प्राथमिकता दी, उसी तरह ब्रिक्स की अध्यक्षता के दौरान भारत इस मंच को जन-केंद्रित और मानवता सर्वोपरि की भावना से आगे ले जाएगा।



### अगले वर्ष ब्रिक्स की अध्यक्षता संभालेगा भारत

### मलेशियाई प्रधानमंत्री से मिले मोदी

रियो डी जनेरियो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत-मलेशिया के बीच संबंधों की प्रगति की समीक्षा की और निवेश व व्यापार संबंधों को बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान मलेशियाई पीएम अनवर इब्राहिम के साथ मुलाकात की तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने पोस्ट में लिखा, ब्राजील में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ बहुत अच्छी बैठक थी। मलेशिया भारत के लिए महत्वपूर्ण है, हमारे विजन महासागर और एक्ट ईस्ट पॉलिसी में इसका महत्वपूर्ण स्थान है।

# पतंजलि ने इंडियन डेंटल एसोसिएशन की उपस्थिति में लॉन्च किया दन्त कांति गंडूष ऑयल पुलिंग



**हरिद्वार,देशबन्धु।** पतंजलि ने आज एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त करते हुए दन्त कांति गंडूष ऑयल पुलिंग नामक उत्पाद लांच किया। यह उत्पाद आयुर्वेद ग्रंथों में उल्लेखित गंडूष विधि पर आधारित है। आयुर्वेद में इसे 'दिनचर्या' का अभिन्न हिस्सा माना गया है।

- पतंजलि केवल उपचार नहीं, अपितु संस्कृति, परंपरा और विज्ञान का सामंजस्य विश्व के सामने प्रस्तुत कर रहा है - स्वामी रामदेव
- दन्त कांति गंडूष ऑयल पुलिंग केवल एक दैनिक क्रिया नहीं, यह एक चिकित्सा विज्ञान है, जो आज के समय की आवश्यकता है - आचार्य बालकृष्ण

दन्त कांति गंडूष ऑयल पुलिंग का भव्य अनावरण स्वामी रामदेव महाराज और आचार्य बालकृष्ण महाराज एवं इंडियन डेंटल एसोसिएशन, उत्तराखंड शाखा के अध्यक्ष डॉ. राजीव बंसल, सचिव डॉ. विश्वजीत वालिया, कोषाध्यक्ष डॉ. वैभव पाहवा के कर-कमलों द्वारा किया गया। यह लॉन्च न केवल एक उत्पाद का लोकार्पण, अपितु आयुर्वेद की खोई हुई दैनिक परंपरा को पुनर्स्थापित करने का एक ऐतिहासिक प्रयास था।

इस अवसर पर स्वामी रामदेव ने कहा पतंजलि का यह प्रयास योग और आयुर्वेद के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान है। पतंजलि केवल उपचार नहीं, अपितु संस्कृति, परंपरा और विज्ञान का सामंजस्य विश्व के सामने प्रस्तुत कर रहा है।

इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा की यह उत्पाद हमारे पतंजलि अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों की तीन वर्षों के अथक पुरुषार्थ और समर्पण का परिणाम है। दन्त कांति गंडूष ऑयल पुलिंग केवल एक दैनिक क्रिया नहीं, यह एक चिकित्सा विज्ञान है, जो आज के समय की आवश्यकता है। यह पतंजलि की दंत कांति श्रृंखला का नवीनतम और अभिनव उत्पाद है।

उन्होंने कहा कि इसमें तुम्बरू तेल है, जो दाँतों व मसूड़ों को मजबूत करता है। लौंग तेल है, जो दांत के दर्द में राहत प्रदान करता है। पुदीना तेल, मुँह की दुर्गंध का नाश करता है। एवं नीलगिरी तेल है, जोकि एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर है, और बैक्टीरिया की ग्रोथ को रोकता है, साथ ही तुलसी तेल जीवाणुनाशक होने के कारण दाँतों को सड़न और संक्रमण से बचाता है। इस अवसर पर इंडियन डेंटल एसोसिएशन, उत्तराखंड शाखा के सचिव डॉ. विश्वजीत वालिया ने कहा कि स्वामी जी व आचार्य जी ने योग एवं आयुर्वेद के माध्यम से जनमानस को निरोगी बनाने का अभूतपूर्व कार्य किया है। उन्होंने कहा कि दंत कांति गंडूष ऑयल पुलिंग एक अनुसंधान व साक्ष्य आधारित आयुर्वेदिक औषधि है जो मुख के पायरिया एवं विभिन्न दंत रोगों में अत्यंत सहायक होगी। उन्होंने पतंजलि रिसर्च फाउण्डेशन द्वारा किए जा रहे अनुसंधानों की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

इस भव्य अनावरण समारोह में पतंजलि हॉस्पिटल के दंत विभाग प्रमुख एवं इंडियन डेंटल एसोसिएशन, हरिद्वार शाखा के सचिव डॉ. कुलदीप सिंह, पतंजलि अनुसन्धान संस्थान के उपाध्यक्ष एवं प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय, इंडियन डेंटल एसोसिएशन, हरिद्वार शाखा के कोषाध्यक्ष डॉ. गुरप्रीत ऑबराय तथा उत्तराखंड के कई प्रख्यात दन्त चिकित्सक उपस्थित रहे।

## भारत सहित कई देशों के साथ व्यापार वार्ता जारी

# अमेरिकी टैरिफ अब 1 अगस्त से होंगे लागू

**नई दिल्ली/वाशिंगटन, ( एजेंसियां )।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के देश-विशिष्ट टैरिफ अब 1 अगस्त से प्रभावी होने वाले हैं, जो भारत सहित कई देशों के साथ व्यापार वार्ता के तेज होने के बीच एक अस्थायी राहत प्रदान करते हैं। इससे पहले, अमेरिकी टैरिफ 9 जुलाई से प्रभावी होने वाले थे। अमेरिका के वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक ने मीडिया से बात करते हुए टैरिफ राहत की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप अभी दरें और सौदे तय कर रहे हैं।

**9 जुलाई तक काम पूरा कर लेंगे-** ट्रंप ने संवाददाताओं से कहा, मुझे लगता है कि हम 9 जुलाई तक अधिकांश देशों के साथ पत्रों या अंतिम समझौतों के माध्यम से काम पूरा कर लेंगे। उन्होंने आगे कहा कि आगामी टैरिफ बढ़ोतरी की चेतावनी देने वाले अधिसूचना पत्र सोमवार (अमेरिकी समय) से जारी होने लगेंगे। ट्रंप ने कहा कि बैठकर 15 अलग-अलग तरह की चीजों पर काम करने से कहीं अधिक आसान नोटिस भेजना होगा। अगर आप संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ व्यापार करना चाहते हैं तो आपको यही भुगतान करना होगा। अप्रैल में ट्रंप ने अमेरिका के अधिकांश व्यापारिक साझेदारों पर 10 प्रतिशत का बेस टैरिफ और उसके बाद 50 प्रतिशत तक अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा की थी।

### ब्रिक्स की नीतियों पर ट्रंप की घोषणा

मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में भारत का उच्च स्तरीय आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल अमेरिकी अधिकारियों के साथ व्यापार वार्ता के बाद कृषि और डेयरी उत्पादों के व्यापार के संवेदनशील मुद्दे पर अंतिम समझौते पर पहुंचे बिना वाशिंगटन से लौट आया है, जिस पर अमेरिका जोर दे रहा है। इस बीच, ट्रंप ने घोषणा की है कि उन देशों पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा जो ब्रिक्स की अमेरिकी विरोधी नीतियों के साथ खुद को जोड़ते हैं।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं मेलम गुरैया, पिता स्व. श्री मेलम बाल गुरैया, उम्र लगभग 59 वर्ष, हाल निवासी मं.नं. 496, शंकर शाह नगर, रामपुर तहसील व जिला जबलपुर ( म.प्र. ), आधार नंबर 8014-0920-6553 शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं कि-

1. यह कि, मैं उपरोक्त पते पर स्थायी रूप से निवास करता हूँ।
2. यह कि, मेरा पूरा व सहीं नाम मेलम गुरैया ( MELAM GURAIYA ) पिता स्व. श्री मेलम बाल गुरैया ( MELAM BAL GURAIYA) है। जबकि मेरे सेवा अभिलेखों में मेरा नाम गौरैय्या, पिता श्री बाला गौरैय्या दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण है।
3. यह कि, मैं मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर में दफ्तरी के पद पर कार्यरत हूं।
4. यह कि, मेरे सेवा अभिलेखों में मेरा व मेरे पिता जी का पूरा व सहीं नाम मेलम गुरैया ( MELAM GURAIYA ) पिता स्व. श्री मेलम बाल गुरैया ( MELAM BAL GURAIYA ) दर्ज कराने हेतु एवं भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना एवं पढ़ा लिखा जावे हेतु मेरे द्वारा यह शपथ पत्र निष्पादित एवं प्रस्तुत किया जा रहा है।
5. यह कि, मेरे एवं मेरे पिता जी के नाम परिवर्तन सबंधी विवरण निम्नानुसार है -

त्रुटिपूर्ण नाम- गौरैय्या पिता श्री बाला गौरैय्या
सहीं नाम- मेलम गुरैया ( MELAM GURAIYA ) पिता स्व. श्री मेलम बाल गुरैया ( MELAM BAL GURAIYA )

र.नं. 1076

### न्यायालय तहसीलदार गोरखपुर, जिला-जबलपुर

रा.प्र.क्र. /0886/अ-6/2025-26
जबलपुर, दिनांक 26/06/2025

**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम महेशपुर, नं.ब. 662, प.ह.नं. 6. तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर के द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति रविन्दर कौर पति स्व. हरजसपाल सिंह विरदी व अन्य निवासी मकान नं. 1220, होम साईस कॉलेज रोड, लक्ष्मी बाग, नेपियर टाउन, जबलपुर के द्वारा मौजा महेशपुर, नं.ब. 662, प.ह.नं. 6, रा.नि.नं. जबलपुर-1, तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर स्थित भूमि खसरा नं. 56/1/1 रकबा 2160 वर्गफुट भूमि पर फौती नामांतरण कर आवेदित भूमि के समस्त विधिक वारिसानों के नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किये जाने से प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति हो तो लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज सहित इस न्यायालय में स्वंय उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 26/06/2025
पेशी दिनांक 11/07/2025

तहसीलदार गोरखपुर
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जबलपुर

र.नं. 1074

( विक्रय पत्र )

### न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्र. /0747/अ-6/2023-24
जबलपुर, दिनांक 03/07/2025

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनील कुमार जैन व अन्य पिता कैलाशचन्द जैन निवासी संगम कॉलोनी आनंद कॉलोनी जबलपुर के द्वारा मौजा जबलपुर ब्लॉक ... नंबर... प्लॉट नंबर.... स्थित भूमि खसरा नंबर 139/11/7/1/1/1/1/1/1 में से रकवा 1800 वर्गफुट भूमि जो आवेदक के द्वारा विक्रेता कमलरानी पत्नी कैलाश चंद जैन मृत्यु दि. 30/03/2020 से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक.... से क्रय किया जाना लेख किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 24/06/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 03/07/2025
पेशी दिनांक 10/07/2025

तहसीलदार
अधारताल, जबलपुर

र.नं. 1975

### न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर

रा.प्र.क्र. 0640/ अ-6/2025-26

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, पराग दीवान पिता स्व. अरूण कुमार दीवान निवासी 21 सत्य बिहार महर्षि स्कूल गोरखपुर के पीछे द्वारा फौती के आधार उन उनके ........मृत्यु दिनांक ..... हो जाने से उनका नाम विलोपित कर मौजा हाथीताल नं.बं. 753 प.ह.नं. 24/2 ख.नं. 149/2, 150/2, 155/1, 186/1 रकवा 1080 वर्गफुट भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज रखने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनामा/ बटवारानामा/ हस्तांतरण पत्र/ हकत्याग पत्र/ दान पत्र एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 10/07/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयाविधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 26/06/2025 को जारी।

जारी दिनांक - 26/06/2025
पेशी दिनांक - 10/07/2025

नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर

र.नं. 1080

### न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर

रा.प्र.क्र. 1530/ अ-6/2025-26

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, धीरज यादव पिता स्व. भानचंद यादव निवासी यादव मोहल्ला रामपुर गढ़ा द्वारा फौती के आधार पर उनके ........मृत्यु दिनांक 30/08/2019 हो जाने से उनका नाम विलोपित कर मौजा रामपुर नं.बं. ..... प.ह.नं. 22 ख.नं. 27/1/6/1, 27/31/2 / रकवा 0.8098, 0.1230 वर्गफुट भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज रखने पंजीकृत विक्रय पत्र / हकत्याग पत्र/ दान पत्र एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति/फौती नामांतरण संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 22/07/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयाविधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 07/07/2025 को जारी।

जारी दिनांक - 07/07/2025
पेशी दिनांक - 22/07/2025

नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर

र.नं. 1086

# इजरायल ने गाजा पर फिर बरसाए बम, हमास के नौसेना कमांडर समेत तीन ढेर

**तेल अवीव।** इजरायली सेना ने हमास के नौसेना बल के कमांडर रमज़ी रमज़ान अब्द अली सालेह को मार गिराया है. आईडीएफ ने इस हमले में हमास के दो और लड़ाकों के मारे जाने की भी पुष्टि की है. इज़रायली सेना ने इस कार्रवाई को गाज़ा में सक्रिय आतंकवादियों की क्षमताओं को कमजोर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है.

इजरायल और हमास के बीच जंग जारी है. इसी क्रम में इजरायली सेना ने हमास के नौसेना बल के कमांडर रमज़ी रमज़ान अब्द अली सालेह को मार गिराया है. ये कार्रवाई गाज़ा सिटी में की गई, जहां आईडीएफ ने हमास के लड़ाकों को निशाना बनाकर हवाई हमला किया. इज़रायली सेना के अनुसार सालेह हमास के भीतर एक अहम रणनीतिक व्यक्ति था और हाल के हफ्तों में वह गाज़ा में तैनात इज़रायली सैनिकों के खिलाफ समुद्री हमलों की योजना और उन्हें अंजाम देने में शामिल था.

आईडीएफ ने इस हमले में हमास के दो और लड़ाकों के मारे जाने की भी पुष्टि की है. इनमें हिशाम अयमान अतिया मंसूर शामिल है, जो हमास की मोर्टार शेल यूनिट का डिप्टी हेड बताया गया है. वहीं, नसीम मोहम्मद सुलेमान अबू सब्हा भी इस हमले में मारा गया है, जो हमास की उसी मोर्टार यूनिट से जुड़ा हुआ था. इज़रायली सेना ने इस कार्रवाई को गाज़ा में सक्रिय आतंकवादियों की क्षमताओं को कमजोर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है. इस ऑपरेशन का मकसद हमास के सैन्य ढांचे को तोड़ना और इज़रायली सैनिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है.

**गाजा सिटी के कैफे पर हमला-** द टाइम्स ऑफ इजरायल के मुताबिक आईडीएफ ने पुष्टि की कि ये हमला गाजा सिटी के एक कैफे पर किया गया था, जिसमें हमास से जुड़े स्थानीय अधिकारियों के अनुसार 24 लोगों की मौत हुई थी. सेना के मुताबिक, इस ऑपरेशन में हमास के कई अन्य आतंकवादी भी मारे गए हैं.

**हमले के वक्त मीटिंग कर रहा था सालेह-** इजरायली सेना के अनुसार, सालेह हमास की समुद्री हमलावर क्षमताओं का प्रमुख चेहरा था और हाल के दिनों में इजरायली सैनिकों के खिलाफ समुद्री हमलों की योजना बना रहा था. उसे गाजा सिटी की एक बिल्डिंग में निशाना बनाया गया, जहां वह अन्य हमास लड़ाकों के साथ बैठक कर रहा था. यह सटीक हमला इज़राइली वायुसेना के एक लड़ाकू विमान द्वारा किया गया था, जिसे नौसेना, सैन्य खुफिया निदेशालय और शिन बेट से मिली खुफिया जानकारी के आधार पर अंजाम दिया गया. इजरायली सेना ने यह भी कहा कि नागरिकों को नुकसान से बचाने के लिए कई सावधानियां बरती गईं, जिनमें सटीक हथियारों का उपयोग, हवाई निगरानी और अतिरिक्त खुफिया जानकारी भी शामिल थी।

### न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल जिला जबलपुर

**आम इश्तहार**

रा.प्र.क्रं/0171/अ-6/2025-2026
जबलपुर दिनांक...........

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नूरुलहुदा अंसारी पिता श्री मोहिउद्दीन अंसारी निवासी 200, नालबंद मोहल्ला नया पुल जबलपुर द्वारा ब्लाक नं. 23 प्लाट नं. 40/2, रा.नि.म. जबलपुर-1, तह. व जिला जबलपुर स्थित रकवा 792 वर्गफुट भूमि श्रीमती सायमा बी पति श्री मोहिउद्दीन निवासी मोतीनाला जबलपुर का नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। आवेदक के पिता का निधन भी पूर्व में हो चुका है। उक्त संपत्ति का नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है । तत्संबंध में नामातरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी अपत्ति लिखित में मय दस्तावेज पेशी दिनांक 14/7/2025 तक कार्यालय हाट बाजार में स्थित न्यायालय नायर तहसीलदार अधारताल में स्वंय उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक-30/06/2025
पेशी दिनांक-14/07/2025

नायब तहसीलदार,
तहसील अधारताल जबलपुर

र.नं. 1092

### नाम परिवर्तन की सूचना

मैं दर्शिता शर्मा पत्नी श्री सुमित शर्मा पता-एल.आई.टू. न्यू. पोलीपाथर कॉलोनी, ग्वारीघाट रोड़, जबलपुर। मेरा विवाह पूर्व नाम दर्शिता पाण्डेय पुत्री श्री देवेन्द्र कुमार पाण्डेय रहा है। विवाहोपरांत प्रचलित नाम दर्शिता शर्मा पत्नी श्री सुमित शर्मा है।

मैं वर्तमान में पटवारी के पद पर तहसील कार्यालय जबलपुर में पदस्थ हूं। अब शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य विभाग शैक्षणिक संस्था, बैंक या वित्तीय संस्था में मेरे विवाह पूर्व नाम दर्शिता पाण्डेय पुत्री श्री देवेन्द्र कुमार पाण्डेय के स्थान पर विवाहोपरांत प्रचलित नाम श्रीमती दर्शिता शर्मा पत्नि श्री सुमित शर्मा अंकित कर लिखा, पढ़ा, जाना, माना, पहचाना व सम्बोधित किया जावे।

पूर्व नाम -
दर्शिता पाण्डेय पुत्री
श्री देवेन्द्र कुमार पाण्डेय
वर्तमान प्रचलित नाम-
दर्शिता शर्मा पति श्री सुमित शर्मा

र.नं. 1088

### नाम परिवर्तन की सूचना

मैं दीक्षा दुबे पत्नि श्री अनिल दुबे पता- म.नं. 9/461, वार्ड नं. 09, शिव मंदिर के सामने निराला नगर, रीवा। मेरा विवाह पूर्व नाम दीक्षा पाण्डेय पुत्री श्री कमलेश पाण्डेय रहा है। विवाहोपरांत प्रचलित नाम दीक्षा दुबे पत्नि श्री अनिल दुबे है।

मैं वर्तमान में पटवारी के पद पर तहसील जबलपुर में पदस्थ हूं। अब शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य विभाग शैक्षणिक संस्था, बैंक या वित्तीय संस्था मे मेरे विवाह पूर्व नाम दीक्षा पाण्डेय पुत्री श्री कमलेश पाण्डेय के सथान पर विवाहोपरांत नाम दीक्षा दुबे पत्नि श्री अनिल दुबे अंकित कर लिखा, पढ़ा, जाना, माना, पहचाना व सम्बोधित किया जावे।

पूर्व नाम -
दीक्षा पाण्डेय पुत्री
श्री कमलेश पाण्डेय
वर्तमान प्रचलित नाम
दीक्षा दुबे पत्नि
श्री अनिल दुबे

र.नं. 1088

### In The Court of IV, Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur

presiding Officer: संध्या गर्ग

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रं.
**(MJC SUC/ 0000069/2025)**
सुनील चौधरी ............आवेदक
Vs
भविष्य निधि कार्यालय .....अनावेदक
Process Id-/2025
पेशी दि.:-17/07/2025

प्रेषिती-
( 1 ) आम जनता पता- जिला जबलपुर म.प्र.
( 1 ) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनील चौधरी पता ने मृतक स्व. स्व. कला बाई निवासी 2783, पुरानी बस्ती झंडा चौक, रांझी, जबलपुर ( म.प्र. ) की भविष्य निधि फंड का खाता क्र. **MPJBP/0016774/000/589** राशि-1,80,000/- राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 17 जुलाई 2025 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक होने सम्बंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 17 जुलाई 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 01 जुलाई 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी- उपस्थिति एवं प्रकाशन नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(संध्या गर्ग)
चतुर्थ सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ खण्ड)
जबलपुर (म.प्र.)

र.नं. 1078

### In The Court of III Civil Judge Class-II, District Court, Jabalpur

Presiding Officer: रिशा अहमद कुरैशी
( आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु )
**(RCS A/ 0000499/ 2024)**
हेमराज ( काछी ) पटेल ................वादी
Vs
राकेश तिवारी ..... प्रतिवादी
Process Id-2025
पेशी दिनांक 12/08/2025

प्रेषिती
( 1 ) अजय कुमार श्रीवास्तव पिता अशोक कुमार पता- निवासी चम्पा नगर मानेगांव जिला जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी हेमराज ( काछी ) पटेल ने आपके विरूद्ध सिविल सूट वादपत्र वास्ते घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा एवं आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 1 नियम 10 सी पी सी 1908 के लिए वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर ( अधिवक्ता ) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते हैं तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 03 जुलाई 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी- प्रकाशन नोटिस के साथ वादपत्र वास्ते घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा एवं आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 1 नियम 10 सी पी सी 1908 की छायाप्रति संलग्न।

कृपया ध्यान दें: 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(रिशा अहमद कुरैशी)
तृतीय सिविल न्यायाधीश (कनिष्ठ खण्ड)
जबलपुर (म.प्र)

र.नं. 1090

### न्यायालय सुश्री उर्वशी यादव तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ट खण्ड सिहोरा जिला जबलपुर म.प्र.

आर.सी.एस ए. 74/2025
अनवर खां विरूद्ध
नगर पालिका परिषद सिहोरा
पेशी.. 29/07/2025

आम जनता को सूचित किया जाता है कि अनवर खां पिता अजीज खां पठानी मोहल्ला सिहोरा ने इस न्यायालय के समक्ष आयपक निर्देश हेतु दावा किया है कि, उसका नाम जन्म मृत्यु पंजी में जन्म तारीख 18/09/55 दर्ज नहीं हो पाया था वह नगर पालिका के जन्म पंजी रजिस्टर में उपरोक्त दिनांक दर्ज कराना चाहता है किसी को आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 29/07/2025 करें आपत्ति स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकते हैं। आपत्ति न आने पर आवश्यक कार्यवाही की जावेगी।

अत: आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप नियत पेशी दिनांक पेशी 29/07/2025 को न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो उक्त प्रकरण की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

न्यायालय की मुद्रा -

सुश्री उर्वशी यादव
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2
सिहोरा जि. जबलपुर म.प्र.

र.नं. 1054

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं निरंजन सिंह नेगी उम्र 46 वर्ष पिता स्व. ख्यात्त सिंह निवासी म.नं. 305, वार्ड नं. 16, खितौला बस्ती, मझगवां रोड, सिहोरा जिला जबलपुर का निवासी हूँ एवं मैं 6वीं वाहिनी एस.ए.एफ. विसबल रांझी जबलपुर में बैच नं. 169 आरक्षक के पद पर पदस्थ हूँ। मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम निरंजन सिंह नेगी पिता स्व. श्री ख्यात सिंह दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड एवं पेनकार्ड में मेरा नाम निरंजन सिंह नेगी पिता स्व. श्री ख्यात सिंह नेगी दर्ज है। मैं अपने सर्विस रिकार्ड में अपना नाम निरंजन सिंह नेगी पिता स्व. श्री ख्यात सिंह के स्थान पर सही नाम निरंजन सिंह नेगी पिता स्व. श्री ख्यात सिंह नेगी संशोधित कर दर्ज कराना चाहता हूँ! अत: मुझे निरंजन सिंह नेगी ( NIRANJAN SINGH NEGI ) पिता स्व. श्री ख्यात सिंह नेगी ( Late. Shri KHAYAT SINGH NEGI ) के नाम से जाना पहचाना एवं लिखा पढा जावें!

पुराना नाम - निरंजन सिंह नेगी
पिता का नाम - स्व. श्री ख्यात सिंह
नया नाम - निरंजन सिंह नेगी
पिता का नाम - स्व. श्री ख्यात सिंह नेगी

कृति

### न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्र./ /अ-6/2025-2026
जबलपुर, दिनांक 04/07/2025

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्रीमती श्रद्धा बाई व अन्य-2 पिता स्व. श्री शंकर लाल रैकवार निवासी रानीपुर जबलपुर के द्वारा मौजा रानीपुर नजूल ब्लॉक नंबर-... प्लाट नंबर ... स्थित खसरा नंबर 114/1/ख/14 में से रकवा .... व.फु. भूमि पर शंकर लाल / रामभरोसे रैकवार की मृत्यु दिनांक 25/06/2006 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र/ फौती/ वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 18/07/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-04/07/2025
पेशी दिनांक-18/07/2025

तहसीलदार
अधारताल जबलपुर

र.नं. 1079

### न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्र./1548/अ-6/2024-2025
जबलपुर, दिनांक 04/07/2025

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक अनीता सेन पिता स्व. सीताराम सेन निवासी सुदामा नगर रानीपुर जबलपुर के द्वारा मौजा रानीपुर नजूल ब्लॉक नंबर-... प्लाट नंबर ... स्थित खसरा नंबर 84/32 में से रकवा 1786 व.फु. भूमि पर स्व. श्री सीताराम सेन की मृत्यु दिनांक 30/06/2014 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र/ फौती/ वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 19/07/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-04/07/2025
पेशी दिनांक-19/07/2025

तहसीलदार
अधारताल जबलपुर

र.नं. 1086

### ब्रिक्स की अमेरिका विरोधी नीतियों से जुड़ने वाले देश पर लगाएंगे 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ : ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल हैंडल ट्रुथ सोशल पर खुली धमकी जारी की है। उन्होंने कहा, कोई भी देश जो ब्रिक्स की अमेरिका विरोधी नीतियों से जुड़ता है, उस पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा। इस नीति में कोई अपवाद नहीं होगा। इस मामले पर आपका ध्यान देने के लिए धन्यवाद। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने ट्रुथ सोशल पर लिखा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि दुनियाभर के विभिन्न देशों के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका के टैरिफ पत्र और समझौते, सोमवार, 7 जुलाई को दोपहर 12 बजे (पूर्वी) से वितरित किए जाएंगे।

# देश-प्रदेश

उवाच

## 2 गुजराती 8 करोड़ बिहारियों के वोट छीनने की कोशिश में : लालू

**पटना, एजेंसी।** बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले कराए जा रहे वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन को लेकर सियासी घमासान छिड़ गया है। इसको लेकर विपक्ष ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस बीच लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव ने एक बार फिर से सरकार पर तीखा हमला बोला है। लालू प्रसाद ने एक्स पर लिखा, दो गुजराती मिलकर 8 करोड़ बिहारियों के वोट का अधिकार छिनने का प्रयास कर रहे है। इन दो गुजरातियों को बिहार, संविधान और लोकतंत्र से सख़्त नफ़रत है। जागो और आवाज़ उठाओ! लोकतंत्र और संविधान बचाओ!!



लुधियाना में उद्योगपतियों से बोले मुख्यमंत्री

# मध्यप्रदेश की गतिशीलता-शांति और संसाधनों का लाभ उठाएं निवेशक



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को लुधियाना स्थित वर्धमान औद्योगिक परिसर में पंजाब के प्रमुख उद्योगपतियों से भेंट की और उन्हें मध्यप्रदेश की समावेशी, उदार और निवेश-अनुकूल नीतियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार न केवल उद्योग लगाने और निवेश बढ़ाने के लिए तैयार है, बल्कि यदि किसी सेक्टर में संभावना दिखती है, तो वहां आवश्यकतानुसार नियमों में परिवर्तन भी किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में गारमेंट और टेक्सटाइल सेक्टर के लिए विशेष अवसर उपलब्ध हैं और राज्य सरकार इस दिशा में गंभीर प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि इंदौर की हुकुमचंद मिल को पुनर्जीवित करने की दिशा में कार्य हो रहा है और मजदूरों के हितों को प्राथमिकता देते हुए सौ करोड़ रु. से अधिक के सेटलमेंट क्लियर किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशकों और श्रमिकों के साथ सरकार की प्रतिबद्धता हर स्तर पर बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि ग्वालियर की जेसी मिल और उज्जैन की हीरा मिल के मामले में भी राज्य सरकार ने सहृदयता से निर्णय किये है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार उद्योगपतियों के हित में निर्णय लेने के लिए कैबिनेट स्तर पर नीतियों में बदलाव को भी तैयार है। उन्होंने निवेशकों से आग्रह किया कि वे मध्यप्रदेश में आकर संभावनाओं को देखें और राज्य की गतिशीलता, शांति और संसाधनों का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि राज्य में टेक्सटॉइल, एग्री बेस्ड इंडस्ट्री, इंजीनियरिंग गुड्स, स्टील प्रोसेसिंग, रिन्यूएबल एनर्जी और आईटी जैसे सेक्टरों में व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगपतियों से यह भी कहा कि मध्यप्रदेश केवल निवेश के लिए नहीं, बल्कि एक जनकल्याणकारी राज्य के रूप में भी तेजी से पहचान बना रहा है। उन्होंने बताया कि गरीब तबके के लिए एयर एंबुलेंस सेवा और राहगीर सेवा योजना जैसी अभिनव योजना क्रियान्वित की जा रही हैं। इन योजनाओं की उद्योगपतियों ने सराहना करते हुए कहा कि इस स्तर की सोच और संवेदनशीलता शायद ही किसी अन्य राज्य में दिखती हो।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से वर्धमान ग्रुप के एमडी श्री नीरज जैन, राल्सन इंडिया लिमिटेड के चेयरमेन श्री संजीव पहवा, कंगारू इंडस्ट्रीज के एमडी श्री अंबरीश जैन, टीके स्टील रोलिंग मिल्स प्राइवेट लिमिटेड के एमडी श्री लोकेश जैन, रजनीश इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक श्री राहुल आहूजा, फार्मपार्ट्स कंपनी के उपाध्यक्ष श्री जे.एस. भोगल, सीआईसीयू के अध्यक्ष श्री उपकार सिंह आहूजा, कमल (सरजवन होजरी) के प्रतिनिधि श्री सुदर्शन जैन और श्री अरुण जैन सहित विभिन्न सेक्टर के उद्योगपतियों ने मुलाकात की।

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह भी बताया कि मध्यप्रदेश में बिजली दरें प्रतिस्पर्धी हैं और नियम संबंधी प्रक्रियाओं को सरल और निवेशक-अनुकूल बनाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश में सोलर और पॉवर सेक्टर में भी बड़े प्रोजेक्ट आ रहे हैं।

केंद्र सरकार के स्तर पर कोई पर्यावरणीय क्लियरेंस लंबित है, तो मध्यप्रदेश सरकार अपने स्तर पर उसे शीघ्र दिलाने का भी प्रयास करेगी। उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव की नीति स्पष्टता, निर्णय क्षमता और कार्य के प्रति तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि देश के सबसे भरोसेमंद और निवेश के योग्य राज्यों में मध्यप्रदेश शामिल हो गया है।

# 15 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव

### मप्र में पंजाब जैसी ही अनंत संभावनाएं : मंडलोई

**भोपाल, देशबन्धु।** सत्र के दौरान मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने देश के दिल मध्यप्रदेश में सभी निवेशकों का स्वागत करते हुए कहा कि आज मध्यप्रदेश के विकास की झलक पंजाब में दिखाई दी है। उन्होंने कहा कि राज्य में वर्ल्ड क्लास लॉजिस्टिक इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध है। पंजाब के जैसे ही मध्यप्रदेश में उद्योग-व्यापार की अनंत संभावनाएं हैं। पंजाब के निवेशकों के लिए मध्यप्रदेश लैंड ऑफ अपॉर्च्युनिटी बन सकती है।

### उद्योगपतियों को प्रदेश की नीतियों से कराया अवगत

प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश तकनीक के क्षेत्र में तेजी से बढ़ता राज्य है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पूरा ध्यान राज्य के औद्योगिकीकरण पर है। मध्यप्रदेश में निवेश की अनंत संभावनाएं हैं। प्रदेश में नार्थ, साउथ कॉरिडोर हैं। यहां लॉजिस्टिक की अच्छी सुविधाएं हैं। हमारे पास एक लाख एकड़ से ज्यादा लैंड बैंक है। केंद्र की ओर से उज्जैन में मेडिकल डिवाइस पार्क, धार में पीएम मित्र पार्क, मुरैना में लेदर पार्क और बाबई में इलेक्ट्रिक उपकरण पार्क मिला है। राज्य सरकार ने औद्योगिक विकास पर केंद्रित 18 नई नीतियां फरवरी में लागू की हैं। राज्यों में हमारी जीएसडीपी ग्रोथ सबसे अधिक रही है। निवेशकों को इंसेंटिव प्रदान किया जा रहा है। प्रदेश में कई राष्ट्रीय संस्थान हैं। प्लांट मशीनरी पर इन्वेस्टमेंट प्रमोशन असिस्टेंस 40 प्रतिशत तक है। मध्यप्रदेश सरकार हरित औद्योगिकरण को बढ़ावा दे रही है। वर्कर्स के लिए हॉस्टल बनाए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश टाइगर, चीता और घड़ियाल के लिए भी जाना जाता है। भारत के 7 प्रतिशत वन मध्यप्रदेश में है।

### मध्यप्रदेश में उद्योग-व्यापार की अनंत संभावनाएं : गुप्ता

चेयरमैन ट्राइडेंट ग्रुप राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि लुधियाना पंजाब का मैनचैस्टर जैसा है। पंजाबियों के हौंसले बुलंद हैं, जो देश-विदेश में जाकर काम कर रहे हैं। हमारे ग्रुप को 10 साल में मध्यप्रदेश से काफी सहायता मिली और आज हम एमपी से दुनिया के 100 देशों में निर्यात करते हैं। मध्यप्रदेश से अच्छा कोई राज्य देश में नहीं है। यहां 5 लाख करोड़ का निवेश अगले तीन साल में पूरा करेंगे। उज्जैन के पास एक इंस्टीट्यूट की शुरुआत करेंगे। पंजाब के जैसे ही मध्यप्रदेश में उद्योग-व्यापार की अनंत संभावनाएं हैं। मध्यप्रदेश ग्लोबल मार्केट के लिए लॉन्च पैड है।

### मध्यप्रदेश है ग्लोबल मार्केट के लिये लांच पैड : काजरा

उद्योगपति संजीव कालरा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव का लुधियाना की धरती पर स्वागत है। हमारी कंपनी ने पीथमपुर में दुनिया की बड़ी ट्रक निर्माण यूनिट लगाई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व और विजन से हमें प्रेरणा मिलती है। मध्यप्रदेश को 500 बिलियन की इकोनॉमी बनाने का विजन प्रशंसनीय है। राज्य सरकार जमीन से जुड़े कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हम पीथमपुर प्लांट से यूरोप समेत अन्य देशों में निवेश कर रहे हैं। मध्यप्रदेश ग्लोबल मार्केट के लिए लॉन्च पैड है। इंदौर देश का सबसे स्वच्छ शहर है। इंदौर में 300 एकड़ में बना व्हीकल टेस्टिंग ट्रैक हमारी कंपनी ने भी यूज किया है। उन्होंने उद्योगपतियों से कहा कि मध्यप्रदेश रेडी टू लीड स्टेट है। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव का लुधियाना पहुँचने पर उद्योगपतियों ने जोरदार स्वागत किया।

# मुख्यमंत्री ने श्रीमती पटवा के जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं और आशीर्वाद प्राप्त किया



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा की धर्मपत्नी श्रीमती फूल कुंवर पटवा के 95वें जन्म दिवस पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधायक सुरेंद्र पटवा के 74 बंगला स्थित निवास पहुंचकर श्रीमती फूल कुंवर जी पटवा को पुष्पगुच्छ और शाल-श्रीफल भेंट किया तथा श्रीमती पटवा के स्वस्थ-सुखी जीवन और दीर्घायु होने की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर आयोजित सुंदरकांड पाठ के लिए दीप प्रज्जवलित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का विधायक सुरेंद्र पटवा के निवास पहुंचने पर पटवा परिवार द्वारा डॉ. यादव का तिलक कर स्वागत-अभिवादन



*भोपाल में सोमवार को राजीव कुमार टंडन ( आईपीएस ) ने मानव अधिकार आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण किया।*

# मंत्री कुशवाहा दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की बैठक में हुए शामिल

**भोपाल, देशबन्धु।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा सोमवार को नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की 96वीं आमसभा बैठक में सम्मिलित हुए। भारत रत्न सी. सुब्रमण्यम ऑडिटोरियम एम.ए.एस.सी. कॉम्पलेक्स के सभागार में आमसभा की अध्यक्षता केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की। मंत्री श्री कुशवाहा ने कहा कि प्रदेश को उद्यानिकी राज्य में विकसित करने के लिये सरकार दृढ़ संकल्पित है। मध्यप्रदेश का मसालों के उत्पादन में देश में प्रथम स्थान है। उन्होंने कहा कि इसको दृष्टिगत रखते हुये भारत कृषि अनुसंधान परिषद का प्रदेश में अनुसंधान केन्द्र स्थापित किया जाये। इससे प्रदेश के कृषकों को मसाला फसलों की उन्नत प्रजातियां सुलभ एवं उचित दाम पर उपलब्ध हो सकेंगी और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मसाला उत्पादन को प्रोत्साहन मिलेगा। कृषकों की आय में वृद्धि, उद्यानिकी उत्पाद के मूल्य संवर्धन से प्र-संस्करण उद्योग को बढ़ावा, प्रदेश एवं देश के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय के अध्ययन में सुविधायें प्राप्त होगी तथा प्रदेश के उद्यानिकी उत्पाद को निर्यात प्रोत्साहन मिलेगा। मंत्री श्री कुशवाहा ने कहा कि सब्जियों की संकर किस्मों के बीज बाजार में अधिक कीमतों में उपलब्ध हो पाते है। भारतीय कृषि अनुसंधान द्वारा उत्पादित संकर सब्जी बीजों को प्रदेश के कृषकों को सुलभ एवं उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने के लिये प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर बीज उत्पादन का कार्यक्रम अभियान के रूप में चलाया जाए।

# अशोकनगर में कांग्रेस का प्रदर्शन आज, पटवारी बोले-होटल नहीं मिले तो सड़कों पर रुकेंगे



भोपाल, देशबन्धु। मध्य प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर दर्ज हुई एफआईआर को लेकर कल मंगलवार 8 जुलाई को कांग्रेस का अशोकनगर में जेल भरो आंदोलन होगा। आंदोलन के एक दिन पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि मामले में कार्रवाई नहीं हुई मुझ पर एफआईआर दर्ज की गई है। कांग्रेस नेताओं को ठहरने के लिए होटल नहीं मिलने के सवाल पर उन्होंने कहा कि हम जाएंगे भले ही हमको वहां सड़कों पर रुकना पड़े। पटवारी ने कहा कि अशोकनगर की सड़कों पर कांग्रेस रुकेगी। एसटी-एससी और ओबीसी पर अत्याचार होगा वहां कांग्रेस होगी, जहां प्रशासनिक अराजकता होगा, वहां वहां कांग्रेस भी पहुंचेगी। जहां सरकार का ध्यान आकर्षित करना होगा, कांग्रेस अपना धर्म निभाएगी। अशोकनगर में पीड़ित को न्याय दिलाने की बजाय मेरे खिलाफ स्न्ड्ढक्र कर दी। एफआईआर एक नहीं, 100 कर दें, इससे पहले भी कई की हैं। मामले में पुलिस अपना धर्म नहीं निभा रही है, पुलिस की इस हरकत के खिलाफ हम अशोकनगर जा रहे हैं। सड़क पर, कार्यकर्ताओं के घर पर रुकेंगे, जहां वो रोकेंगे हम रहेंगे। ये गिरफ्तारी नहीं, संदेश है, एक कदम पीछे नहीं हटेंगे। जब जब आप अत्याचार करोगे, हम लोकतांत्रिक लड़ाई लड़ेंगे। नेता प्रतिपक्ष उनमंग सिंघार ने कहा कि 8 जुलाई को अशोकनगर में कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता स्वेच्छा से गिरफ्तारी देंगे। कांग्रेस पार्टी अपने हर कार्यकर्ता से लेकर प्रदेश अध्यक्ष तक के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उन्होंने कहा कि हम जनहित के मुद्दों से पीछे हटने वाले नहीं हैं।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सं.क्र.11/2025-26/ दिनांक 07/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मनीष सिंह राजपूत पिता रंजीत सिंह राजपूत ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं. 106, 107 दत्त टाउनशिप तिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1002983203 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/भूखण्ड 2300 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 1700 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 500 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री कर्नल नीरज झा पिता स्व. रतिराम झा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

र.नं. 1091 संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सं.क्र.11/2025-26/ दिनांक 07/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती नोरीन बैंजामिन पति स्व. बी. वीरेन्द्र सिंह ने वार्ड क्रमांक 54 वार्ड का नाम पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड के भवन क्रमांक 318/1 सी.एम.एस. चर्च कम्पाउण्ड सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000429033 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा.... व.फु. जिस पर निर्मित भू तल 1500 व.फु. आरसीसी, प्रथम तल 1500 व.फु. आरसीसी, द्वितीय तल 300 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज शपथ पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर निगम में दर्ज बी. वीरेन्द्र सिंह का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

र.नं. 1091 संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 05, नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र./स. अधि./सं.क्रं. 5/2025-26/34 दिनांक 07/07/2025

**भवन नामांतरण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि श्रीमती शकुन्तला जैन पति श्री सुभाष जैन ने भवन क्रं. 707/1 वार्ड जवाहरगंज वार्ड, क्षेत्रफल 645 व.फु. भूतल 645 व.फु. आवासीय प्रथम तल 645 व.फु. आवासीय द्वितीय तल 645 व.फु. आवासीय तबादलानामा के आधार पर नगर निगम द्वारा भवन क्रं. 707/1 पर नामांतरण हेतु, पंजीकृत स्वामी श्री दयाचंद जैन पिता बाबूलाल जैन पिन नं. 1000393214, 41500978 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

र.नं. 1091 संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5, नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 05, नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र./स. अधि./सं.क्रं. 5/2025-26/33 दिनांक 07/07/2025

**भवन नामांतरण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि श्री प्रवीण कुमार जैन पिता स्व. दयाचंद जैन ने भवन क्रं. 636 वार्ड जवाहरगंज वार्ड, क्षेत्रफल 610 व.फु. भूतल 610 व.फु. आवासीय प्रथम तल 610 व.फु. आवासीय द्वितीय तल 610 व.फु. आवासीय तबादलानामा के आधार पर नगर निगम द्वारा भवन क्रं. 636 पर नामांतरण हेतु, पंजीकृत स्वामी श्रीमती शकुनतला जैन पति सुभाष चंद जैन पिन नं. 1000392523, 42001212 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

र.नं. 1091 संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5, नगर निगम जबलपुर

( विक्रय-पत्र )

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**

रा.प्र.क्रं/0916/अ-6/2025-26

जबलपुर, दिनांक 04/07/2025

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवकी बाई पिता/पति स्व. नन्नू लाल निवासी म.नं. 840 मदन महल पटैल मौहल्ला जबलपुर के द्वारा मौजा .... ब्लॉक नं. 53 प्लॉट नं. 77 स्थित भूमि खसरा नंबर ब्लाक नं. 53 में से रकवा 2175 व.फु. भूमि जो आवेदक के द्वारा विक्रेता नन्हेलाल, बाबूलाल अन्य से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक .... से क्रय किया जाना लेख किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 18/07/2025 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-04/07/2025

पेशी दिनांक-18/07/2025

र.नं. 1083 तहसीलदार अधारताल जबलपुर

( विक्रय-पत्र )

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**

रा.प्र.क्रं/1629/अ-6/2025-26

जबलपुर, दिनांक 04/07/2025

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवकी बाई पिता/पति नन्नू लाल बर्मन पत्नि जगन्नाथ पटैल निवासी पटैल मौहल्ला आमनपुर मदन महल के द्वारा मौजा हिनौतिया ब्लॉक नं. ... प्लॉट नं. ... स्थित भूमि खसरा नंबर 334, 335, 338 में से रकवा 2356 व.फु. भूमि जो आवेदक के द्वारा विक्रेता नन्नेलाल से मृत्यु दिनांक 16/11/1984 से किया जाना लेख किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 18/07/2025 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-04/07/2025

पेशी दिनांक-18/07/2025

र.नं. 1082 तहसीलदार अधारताल जबलपुर

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**

रा.प्र.क्रं/0028/अ-6/2024-2025

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कांति बाई जैन अन्य/ ज्ञान चंद जैन नि.-134 दरहाई जबलपुर सराफा वार्ड साठिया कुआ ने नजूल ब्लाक नं. 105 प्लाट नं. 125 रकवा 470 व.फु./अवि. हिस्सा .... वर्गफुट/हे. विक्रय पत्र/हकत्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक 07/12/1997 मृत्यु दिनांक .... को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, ... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 105 प्लाट नं. 125 रकवा 470 व.फु./अवि. हिस्सा .... /ग्राम गलगला प.ह.नं. ... खसरा नं. .... रकवा 470 व.फु./हे. मु. शिन्दी बाई जोजे सुमेरचन्द मु. ताराबाई जोजे कैलाश चंद बोठीलाल बल्द लोकमन सुमेर चंद कपूर चंद जैन के नाम दर्ज है। अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 14/07/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 17/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 17/04/2025

पेशी दिनांक 14/07/2025

र.नं. 1085 तहसीलदार, रांझी, जबलपुर

**नाम परिवर्तन की सूचना**

मैं मेहेर राज सोनी पिता श्री ललित कुमार सोनी उम्र 18 वर्ष निवासी 1304 राज किराना स्टोर के पास इन्दू कांपलेक्स कमला नेहरू नगर वार्ड गढ़ा रोड जबलपुर मध्य प्रदेश अपने नाम के संशोधन व परिवर्तन बाबत यह सूचना प्रकाशित करता हूं की मेरे शैक्षणिक, आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजो मैं मेरा नाम हिन्दी में मैहर व अंग्रेजी उच्चारण में (MEHAR) हो गया है जबकि मेरा हिन्दी में मेहेर अंग्रेजी उच्चारण में (MEHER) है एवं मैंने अपने सरनेम (SONI) को बदलकर कर (DHI-MOLE) कर लिया है मेरा आधार कार्ड नंबर 847593191870 है ।

अत: अब से मुझे मैहर राज सोनी अंग्रेजी में (MEHAR RAJ SONI) के स्थान पर नया नाम मेहेर राज ढिमोले (MEHER RAJ DHI-MOLE) पढ़ा व लिखा जावे।

जबलपुर, दिनांक 07/07/2025

पुराना नाम - मैहर राज सोनी (MEHAR RAJ SONI)

नया नाम - मेहेर राज ढिमोले (MEHER RAJ DHIMOLE)

र.नं. 1081

**निविदा/ नियुक्ति/ जाहिरात**

**Change of Name**

I Lalsingh Ahirwar S/o Parvat Singh R/o Gram hathwas, Tehsil Pipariya, Shobhapur Road, Sammiya Petrol Pump Ke Pass Bajrang, Ward-18, hathwas, Piparia, Hoshangabad, Madhya Pradesh-461775, have changed my name to Lalsingh Patil

**CHANGE OF NAME**

I, Harshit Gupta, S/o Digvijay Gupta and Rekha Gupta, resident of Ward No. 06, Main Road, Barhi, Khanna Banjari, Barhi, Katni, MP – 483770, declare that: My name is wrongly mentioned as Harshit in my 12th marksheet. My mother's name is wrongly mentioned as Rekha instead of Rekha Gupta. The correct names are Harshit Gupta and Rekha Gupta. This is for passport and record correction purposes.


# अमरकांत सा व्यंग्यकार हिन्दी कहानी में कोई और नहीं : संजीव कुमार



**सतना, देशबन्धु।** प्रेमचंद की परंपरा के अनूठे कथाकार अमरकांत का जन्मशती समारोह मप्र हिन्दी साहित्य सम्मेलन, मुख्यालय तथा सतना जिला इकाई के तत्वावधान में शनिवार, 5 जुलाई 2025 को विटस कॉलेज सभागार में सम्पन्न हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि थे दिल्ली से पधारे सुप्रसिद्ध आलोचक संजीव कुमार और अध्यक्ष थे ख्यातिलब्ध कथाकार महेश कटारे। सम्मेलन के राज्य अध्यक्ष पलाश सुरजन एवं साहित्य मंत्री डॉ श्रद्धा श्रीवास्तव भी इस समारोह में शामिल हुए।

समारोह का आरम्भ आकार रंगमंच के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत 'रंग गायन' से हुआ जिसमें हिन्दी, ब्रज और बघेली के सुंदर गीत प्रस्तुत किये गए। अगली प्रस्तुति हुई आकार रंगमंच द्वारा ही प्रस्तुत, अमरकांत की कहानी 'एक थी गौरा' की नाट्य प्रस्तुति। कलाकारों के सहज अभिनय ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस प्रस्तुति के बाद शुरू हुआ मुख्य विमर्श जो परिचर्चा के रूप में था। विषय था 'अमरकांत सौ साल बाद : समाज और सच की टकराहट'। परिचर्चा में सहभागिता निभाई श्री प्रहलाद अग्रवाल, डॉ सत्येन्द्र शर्मा, श्री राजीव कुमार शुक्ल, सुषमा मुनीन्द्र, सपना सिंह और डॉ दिव्या जैन धवन ने, परिचर्चा का सफल संचालन किया डॉ श्रद्धा श्रीवास्तव ने।

समारोह के दूसरे हिस्से में मुख्य वक्ता संजीव कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि अमरकांत की लगभग सौ कहानियां मैंने पढ़ी, उनमें उम्दा से अति साधारण चीजें ज्यादा मिलती हैं। अमरकांत दूसरों से भिन्न हैं। डिप्टी कलेक्टरी, मूस, घुड़सवार, दोपहर का भोजन उनकी ऐसी रचनाएं हैं जिन्हें कहानी के विकास के 100 साल कहा जा सकता है। उन्होंने कहा, कि दोपहर का भोजन नई कहानी के नएपन को बयां करती है। दूसरी ओर अमरकांत को पशु संसार से प्रेरणाएं मिलती हैं। उनकी कहानियों के पात्रों की उपमाओं में तमाम जानवर शामिल रहते हैं। उन्हें शब्दों को पिरोना बहुत अच्छे से आता था। सहज भाषा मे ही भावों का चमत्कार सा करते थे वे। ऐसा व्यंग्यकार हिन्दी कहानी में कोई और नहीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कथाकार महेश कटारे ने अपनी बात रखते हुए कहा कि हिन्दी साहित्य सम्मेलन ने यह जो अवसर प्रदान किया है, वह मूल्यवान है। मैं कहानीकार बना, उसमें हिन्दी साहित्य सम्मेलन का बहुत बड़ा हाथ है। उन्होंने कहा कि उन्हें मायाराम सुरजन जी के साथ तीन शिविरों में शामिल होने का सौभाग्य मिला। उन्हीं में से एक शिविर में पहली बार अमरकांत जी देखा। उन्होंने अमरकांत जी की 'हत्यारे' कहानी पर चर्चा की और कहा कि आज भी हम हत्यारे समय में जी रहे हैं। अमरकांत की प्रासंगिकता आज भी बरकरार है।

कार्यक्रम के अंत में पलाश सुरजन द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किये गए। सक्रिय सहभागिता करने वाले इकाई के युवाओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गए। इस कार्यक्रम का संचालन वन्दना अवस्थी दुबे, शुभम बारी और अमित शुक्ल ने किया। दर्शक दीर्घा में छोटेलाल पांडे, आनंद मुखर्जी, प्रदीप अवस्थी, संतोष कुमार खरे, मंजरी सिंह, डॉ विजयकांत गांधी, संध्या गांधी, हरीश धवन, उमेश दुबे, निर्मला सिंह, श्रीश पांडे, सुधाकर जैन, आदि गणमान्य सुधिजन उपस्थित रहे। समारोह में शुभम बारी, अमित शुक्ल, मयंक अग्निहोत्री, अनामिका सिंह, आकार कुशवाहा, पूजा विश्वकर्मा, रूपाली, सागर सेन, अनुराग श्रीवास्तव, गीता श्रीवास्तव, अंकित, कृष्णा और विकमेंद्र सिंह ने सक्रिय भूमिका निभाई।

देशबन्धु
जबलपुर, मंगलवार 08 जुलाई 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# कंगना और प्रियंका

हिमाचल प्रदेश इस समय भारी बारिश से मची तबाही से जूझ रहा है। कई दिनों से लगातार हो रही तेज बारिश, बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं ने आम आदमी की जान सांसत में डाल दी है। एक बेहद मार्मिक तस्वीर सामने आई है, जिसमें एक 11 महीने की बच्ची महिला अधिकारी की गोद में खेल रही है, उसे पता नहीं कि वह अब अनाथ है, उसके मां-बाप, दादा-दादी समेत पूरा परिवार बह चुका है और वो इस दुनिया में अकेली है। दर्द के ऐसे सैकड़ों किस्से इस समय हिमाचल प्रदेश में दिखाई-सुनाई दे रहे हैं, लेकिन खुद को शान से हिमाचली बताने वाली कंगना रानौत को ऐसे दुख के वक्त में भी हंसी आ रहा है।

कंगना रानौत का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें पत्रकार उनसे पूछ रहे हैं कि उन्हें यहां आने में देर क्यों हुई। साथ ही राहत और बचाव कार्य को लेकर भी सवाल हुए तो कंगना ने बाकायदा खुलकर हंसते हुए कहा कि मेरे पास न तो कोई केबिनेट मंत्री का पद है, न फंड है कि मैं कुछ कर सकूं। बता दें कि हिमाचल प्रदेश के मंडी समेत कई जिलों में बाढ़ कहर बरपा रही है, जिसके चलते लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। 20 जून से आए मानसून के बाद बारिश इतनी बढ़ी कि अब तक कम से कम 80 लोगों की जान चली गई है, अकेले मंडी जिले में ही 14 लोगों की मौत हुई है। कई लोग लापता हैं। मवेशी, पशु-पक्षी भी बड़ी संख्या में हताहत हुए हैं। खेती और व्यापार तबाह हो रहे हैं। बाढ़ की वजह से 572 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हो चुका है। पेयजल, सड़क, बिजली आदि की सुविधाओं में बड़ी समस्या तो खड़ी हो ही चुकी है, इनसे जुड़ी बड़ी परियोजनाएं भी प्रभावित हुई हैं। सैकड़ों कच्चे और पक्के मकान क्षतिग्रस्त हैं। हिमाचल प्रदेश में पर्यटन आजीविका का एक बड़ा आधार है और इस बार की बारिश में जो तबाही आई है, उसका सीधा असर इस व्यवसाय पर भी पड़ेगा।

फिलहाल राज्य की कांग्रेस सरकार मदद और बचाव में लगी है। कांग्रेस के साथ-साथ भाजपा के भी स्थानीय नेता हालात पर नजर बनाए रखे हैं और लोगों के दर्द सुन रहे हैं। लेकिन कंगना रानौत को इस मौके पर भी राजनीति सूझ रही है। पहले तो कंगना रानौत आपदाग्रस्त क्षेत्र में आने की जगह घूमती-फिरती रहीं और जब रविवार को कंगना ने आपदाग्रस्त सिराज विधानसभा का दौरा किया तो उसमें भी प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करने का मौका नहीं छोड़ा। कंगना ने कहा कि केंद्र सरकार ने तुरंत सेना भेजकर राहत अभियान चलाया है। प्रधानमंत्री भले ही विदेश यात्रा पर हों, लेकिन उन्हें यहां क्या हो रहा है, इसकी जानकारी है। इसके बाद अपनी सीमित भूमिका का जिक्र करते हुए कंगना ने कहा कि एक सांसद के तौर पर मेरा काम फंड लाना और जमीनी हकीकत को सरकार तक पहुंचाना है। मेरे पास अपना तो कोई फंड है नहीं, न कोई अधिकारी हैं और न ही कोई कैबिनेट है। सांसद का काम सीमित होता है। केंद्र का फंड राज्य सरकार के पास आता है, ये लोग पैसा खाकर बैठे हैं। मेरे पास तो फंड आएगा नहीं, देना तो उन्हीं (हिमाचल सरकार) को है।

कंगना के इस बयान से जाहिर है कि उन्हें न हालात की गंभीरता समझ आ रही है, न ही उन्हें मुद्दों की कोई समझ है। वे बस अभिनेत्री होने की लोकप्रियता को भुनाकर संसद पहुंच गई हैं, लेकिन सही मायनों में जनप्रतिनिधि नहीं बनी हैं। याद कीजिए कि पिछले साल इन्हीं दिनों में केरल में भूस्खलन हुआ था। तब नयी-नयी सांसद बनी प्रियंका गांधी और उनके साथ राहुल गांधी केरल पहुंचे थे और दोनों ने घूम-घूमकर सारे आपदाग्रस्त इलाकों का दौरा किया था, पीड़ितों का दर्द बांटा था। प्रियंका गांधी ने लगातार केंद्र सरकार पर दबाव बनाया था कि केरल के लिए विशेष राहत पैकेज घोषित करे। प्रियंका गांधी की ही मुहिम का असर था कि फिर नरेन्द्र मोदी को भी राज्य का दौरा करना पड़ा था। प्रियंका गांधी संवेदनशीलता के साथ अपनी सांसद की भूमिका को निभा रही हैं, लेकिन कंगना रानौत यहां पूरी तरह से नाकाम दिखीं।

बल्कि अपनी कमजोरी ढंकने के लिए कंगना हिमाचल प्रदेश की सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रही हैं। बिना किसी सबूत के कंगना ने कह दिया कि प्रदेश में भ्रष्टाचारी सरकार काम कर रही है। पूर्व में भी केंद्र सरकार ने आपदा के समय जो हजारों करोड़ रुपए भेजे थे, उसे प्रदेश सरकार ही डकार गई है। उन्होंने आशंका जताई कि अब भी केंद्र से जो रिलीफ फंड आयेगा, वो भी प्रभावितों तक पहुंचेगा या नहीं। प्रभावितों तक हर मदद पहुंचे, इसके लिए कोई रास्ता निकालना होगा। कंगना ने मुख्यमंत्री सुक्खू और पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह को निशाने पर लेते हुए कहा कि जिनका काम है वो लापता है, उनका मानना है कि कंगना आकर काम कर जाती तो अच्छा था या तो कंगना यहां रहकर मुख्यमंत्री और पीडब्ल्यूडी के काम कर जाती तो वो अच्छा था। खैर हमसे जो भी बन पड़ेगा वो किया जाएगा।

कंगना रानौत सामान्य नेता नहीं हैं, बल्कि निर्वाचित सांसद हैं, इसलिए उन्हें अगर राज्य सरकार पर कोई आरोप लगाना हो तो उसके सबूत भी पेश करने चाहिए। लेकिन वो ऐसा नहीं कर रहीं हैं। वहीं दूसरी ओर अपनी मजबूरी बता रही हैं कि मेरा कोई कैबिनेट तो है नहीं, मेरा काम है केंद्र से राहत कोष लेकर आना। यहां कंगना को पता होना चाहिए कि भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में सांसद की कई भूमिकाएं और जिम्मेदारियां होती हैं। एक सांसद के पास सरकार के खर्चों को मंजूरी देने और नियंत्रित करने की शक्ति होती है, यह शक्ति उन्हें बजट और कराधान पर नियंत्रण रखने के कारण हासिल होती है। सांसद यह सुनिश्चित करते हैं कि सरकार का पैसा प्रभावी ढंग से और जनता के हित में खर्च किया जाए। गौरतलब है कि 1993 में शुरू की गई सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एमपीएलएडीएस) के तहत हर सांसद को अपने संसदीय क्षेत्र में विकास के लिए हर साल 5 करोड़ रुपए दिए जाते हैं। इस योजना का संचालन सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से किया जाता है। एमपीएलएडीएस के तहत सांसद निधि को जिले में संबंधित कार्यान्वयन एजेंसियों के जरिए भेजा जाता है। जिससे सांसद अपने क्षेत्र में विकास परियोजनाओं की सिफारिश करते हैं। इसमें सड़कें, स्कूल, अस्पताल, पेयजल सुविधाएं और अन्य बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा, सांसद जनता की समस्याओं को संसद में उठाते हैं और सरकार से उनके समाधान के लिए अपील करते हैं। प्राकृतिक आपदाओं के समय सांसद अपने क्षेत्र के लोगों को राहत प्रदान करने में मदद कर सकते हैं। राहत सामग्री, राशन, मेडिकल सहायता, राहत शिविर लगाने के साथ-साथ और सरकार से राहत पैकेज की मांग कर सकते हैं। प्रियंका गांधी ने केरल में यही सब किया था। लेकिन कंगना रानौत अपनी जिम्मेदारी निभाने की जगह बहाने बना रही हैं।

# नोटबंदी से वोटबंदी तक

बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को चुनौती देने वाली याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट ने परीक्षण के लिए स्वीकार कर लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस विषय के तत्काल जरूरी होने को पहचानते हुए, इस पर विचार के लिए तीन दिन बाद, बृहस्पतिवार 10 जुलाई की तारीख तय की है। इस संबंध में संबंधित पक्षों के लिए, नोटिस जारी कर दिए गए हैं। बिहार में विधानसभाई चुनाव से पहले मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की इस प्रक्रिया के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में छः याचिकाएं पहुंची थीं। इनमें, विशेष रूप से चुनाव सुधारों से संबंधित पहलुओं पर काम करने वाले गैर-सरकारी संगठन, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) तथा जनाधिकार संगठन पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज (पीयूसीएल) के अलावा तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) सांसद, मनोज कुमार झा की याचिकाएं शामिल हैं। सभी याचिकाओं का मुख्य मुद्दा एक ही है, विधानसभाई चुनाव से पहले इतने कम समय में की जा रही मतदाता सूचियों में भारी फेर-बदल की यह पूरी कसरत, खासतौर पर करोड़ों की संख्या में वंचितों तथा कमजोर व हाशिए के तबके के लोगों से मताधिकार छीनने का ही काम करेगी। इसलिए, इस प्रक्रिया पर ही रोक लगाने की प्रार्थना की गयी है।

कहने की जरूरत नहीं है कि अब सभी निगाहें सुप्रीम कोर्ट पर टिकी हुई हैं। लेकिन, 25 जून को मतदाता सूची पुनरीक्षण की इस प्रक्रिया के शुरू होने से अब तक इस मामले भारतीय चुनाव आयोग या ईसीआई का जो आचरण रहा है, मोदी राज के ग्यारह साल में मजबूती से कायम कर दी गयी शासकीय संस्कृति को ही प्रतिबिंबित करता है। इस शासकीय संस्कृति के तीन खास तत्व हैं। पहला, नाटकीय तरीके से बड़े लगने वाले और आम जनता के लिए कड़े साबित होने जा रहे, कथित रूप से 'साहसिक' फैसले लेना। इन कदमों की साहसिकता का एक ही सबूत होता है, जनता की तकलीफों की और इन तकलीफों को स्वर देने वाले राजनीतिक विपक्ष के विरोध की परवाह ही नहीं करते हुए, आगे बढ़ते जाना। दूसरा, जनता की मुश्किलों के रूप में इन निर्णयों के दुष्परिणामों के सामने आने पर, लीपा-पोती करने से लेकर, पांव पीछे खींचने तक की कोशिशें करना। और तीसरा, यह सब करते हुए भी इसका शासकीय अहंकार दिखाना कि शासन का फैसला पूरी तरह से सही था और उसमें कोई बदलाव नहीं किया जा रहा है! नोटबंदी के मामले में ये तीनों विशेषताएं खुलकर सामने आयी थीं। शहरबंदी या लॉकडाउन में भी ये तीनों ही विशेषताएं देखने को मिली थीं। और अब इस मतदाता सूची पुनरीक्षण में, जिसे उचित ही बिहार के महागठबंध के झंडे तले संगठित विपक्ष ने 'वोटबंदी' का नाम दिया है, इस छोटी सी अवधि में ही इन तीनों विशेषताओं के दर्शन हो चुके हैं। नोट करने वाली बात यह है कि चुनाव आयोग, एक स्वतंत्र वैधानिक संस्था है, इसके बावजूद हम उसे खास मोदीराज की राजनीतिक संस्कृति में रंगा हुआ देख रहे हैं।

जहां तक कथित रूप से 'साहसिक' निर्णय का सवाल है, चुनाव से ऐन पहले और वह भी कुल तीन महीने से भी कम समय में, आठ करोड़ के लगभग मतदाताओं की सूचियां एक तरह से नये सिरे से बनाना, अगर इतना खतरनाक नहीं होता तो बेशक साहसिक तो माना ही जा सकता था। अब यह सभी जान चुके हैं कि बिहार में मतदाता सूचियों में इस तरह का गहन पुनरीक्षण, 2003 में हुआ था। उसके 22 साल बाद, इस गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को नये सिरे से दोहराए जाने की, एक 'बड़ा काम' कर के दिखाने की ललक के सिवा और क्या आवश्यकता थी, इसका चुनाव आयोग की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं आया है।


राजेंद्र शर्मा

> जहां पहले ही गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को लेकर इतने सारे भ्रम तथा कन्फ्युजन हैं, उसके संबंध में भ्रमों की धुंध और गहरी की जा रही है। इस धुंध की आड़ में, मतदाता सूची के पुनरीक्षण के नाम पर, नागरिकता के प्रमाण मांग कर एक हद तक एनआरसी थोपी जा रही होगी और करोड़ों भारतीयों का मताधिकार छीना जा रहा होगा और दूसरी ओर, चुनाव आयोग यह कहकर खुद को इसके लिए जिम्मेदारी से भी बचा रहेगा।

बेशक, इस निर्णय से पहले चुनाव प्रक्रिया के मुख्य हितधारकों के रूप में राजनीतिक पार्टियों के साथ किसी तरह के परामर्श में तो नहीं, बहरहाल आलोचना के तीखे होते स्वरों के सामने चुनाव आयोग ने इस कसरत को जरूरी साबित करने की कोशिश की है। लेकिन, चुनाव आयोग द्वारा दी गयी दलीलें इतनी लचर हैं कि खुद चुनाव आयोग के अधिकारीगण जहां-तहां मैदानी स्तर पर इस फैसले की जरूरत बताते हुए, अक्सर 'पहले नागरिकता तय करने' की दलील में खिसक जाते हैं, जो कि जाहिर है कि चुनाव आयोग का काम नहीं है और जिससे चुनाव आयोग अगर सुप्रीम कोर्ट के सामने अपने फैसले का बचाव करते हुए, अपना दामन ही नहीं छुड़ा ले तो ही आश्चर्य की बात होगी। एक और प्रमुख कारण, जिसका जिक्र चुनाव आयोग के मुंह से निकल गया है, हालांकि इसे भी आयोग द्वारा अब ढांपने की कोशिश की जाएगी, बिहार से रोजी-रोटी कमाने के लिए दूसरे राज्यों में जाने वाले मेहनतकशों की संख्या करोड़ों में होना है। इन मेहनतकशों का मकान ही बिहार में नहीं होता है, बिहार से, उसकी नियति से उनका जीवंत रिश्ता रहता है, जबकि दूसरे राज्यों के जीवन से, जहां वे रोजी-रोटी के लिए रहते हैं, वे वैसा आवयविक रिश्ता नहीं बना पाते हैं। सामान्य रूप से अपने गृह राज्य में नहीं रहने के आधार पर, उन्हें बिहार के मतदाता की हैसियत से बेदखल करने की आयोग की नीयत, कानून के सामने एक मिनट भी नहीं टिक पाएगी। चुनाव आयोग को यह तय करने का तो अधिकार है कि ये प्रवासी, अगर बिहार में मतदाता हैं तो दूसरे राज्यों में भी मतदाता नहीं बनें, लेकिन उसे यह तय करने का अधिकार नहीं है कि किसी प्रवासी को, अपने गृह राज्य में मतदान करना चाहिए या अपने काम की जगह पर।

अपने इस 'बड़े' निर्णय के बचाव के लिए चुनाव आयोग, एक सरासर अर्द्धसत्य का सहारा लेता है। वह राजनीतिक हितधारकों के साथ किन्हीं 'चार हजार परामर्शों' की बार-बार दुहाई देता रहा है। और इसके साथ ही यह दलील दोहराता आया है कि सभी राजनीतिक पार्टियों ने मतदाता सूचियों में सुधार की जरूरत पर जोर दिया था। लेकिन, चुनाव आयोग इन दलीलों के जरिए इस सच्चाई को छुपाने की कोशिश करता है कि न तो किसी भी राजनीतिक पार्टी ने मतदाता सूची के इस तरह के सघन पुनरीक्षण की मांग की थी और न ही आयोग ने किसी भी राजनीतिक पार्टी से इस तरह के पुनरीक्षण को लेकर कोई परामर्श किया था। इसके विपरीत, इस फैसले का राजनीतिक पार्टियों के सिर पर अचानक बम की तरह फोड़ दिया जाना ही, आयोग की नजरों में इस फैसले को बड़ा या साहसिक बनाता था।

नोटबंदी जैसी दूसरी विशेषता तब दिखाई दी, जब चुनाव आयोग ने गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया वाकई शुरू की। अब वे जमीनी सच्चाइयां उसके सामने थीं, जिन्हें सिर्फ प्रचार के सहारे हवा में नहीं उड़ाया जा सकता था। सबसे बड़ी समस्या, जैसा कि सभी टिप्पणीकार शुरू से ही रेखांकित कर रहे थे, जन्म प्रमाणपत्र समेत उन दस्तावेजों के जुटाए जाने की थी, जो मतदाता के रूप में नामांकन के फार्म के साथ, तीन श्रेणियों में मतदाताओं को अलग-अलग हद तक, जमा कराने थे और 26 जुलाई तक जमा कराने थे। यह साफ होने में जरा भी देर नहीं लगी कि करोड़ों मतदाताओं के लिए, जिनमें गरीब भूमिहीन तथा गरीब किसान, मजदूर, प्रवासी मजदूर, कम पढ़े, निचली मानी जाने वाली जातियों के लोगों और महिलाओं की संख्या खासतौर पर बड़ी होगी, आवश्यक सार्टिफिकेट जमा करना ही नहीं, तस्वीर से युक्त फार्म भरकर जमा कराना भी, कठिन परीक्षा होगी।

पहले पग पर इस कठिनाई के सामने पहले चुनाव आयोग की ओर से नया स्पष्टीकरण दिया गया कि 2003 की मतदाता सूची में जिनका नाम है, उनके लिए तस्वीर के साथ फार्म के साथ, सिर्फ मतदाता सूची के संबंधित अंश की फोटो कापी देना ही काफी होगा। फिर और स्पष्टीकरण आया कि 2003 की मतदाता सूची में जिनके नाम नहीं हैं, उनके माता-पिता का नाम अगर उक्त मतदाता सूची में है, तो उनके जन्म प्रमाणपत्र की जगह, मतदाता सूची के संबंधित अंश की फोटो कापी लगाना काफी होगा। इसके बाद भी, जब मुश्किलें कम नहीं हुईं तो चुनाव आयोग की ओर से कह दिया गया कि पहले सिर्फ फार्म भरकर जमा कराया जाए, भले ही उसमें तस्वीर भी नहीं हो। बाकी दस्तावेजों को बाद में देखी जाएगी।

लेकिन, जब राजनीतिक पार्टियों ने इसे चुनाव आयोग की ओर से कठिनाइयों को देखते हुए, नियमों में बदलाव करने की कोशिश बताया गया, जो बेशक उनके हिसाब से स्वागतयोग्य और जरूरी थी, तो चुनाव आयोग का ईगो आगे आ गया और उसने तीसरी विशेषता का प्रदर्शन शुरू कर दिया। चुनाव आयोग ने दावा करना शुरू कर दिया कि उसने नियमों में कोई बदलाव नहीं किये हैं। सारे नियम ज्यों के त्यों हैं। कुछ भी नहीं बदला है। दस्तावेज बाद में लगाए जा सकते हैं, कच्ची सूची बनने के बाद, कच्ची सूची की समीक्षा के दौर तक। इस तरह, एक ओर चुनाव आयोग जो पहले दस दिन में एक करोड़ से थोड़े से ज्यादा फार्म ही जमा कर पाया है, बाकी प्रमाणों की शर्त स्थगित करने के जरिए, एक महीने की तय अवधि में प्रकट विफलता से बचने की कोशिश कर रहा है और दूसरी ओर, यह दावा किया जा रहा है कि आयोग ने नियमों में कोई छूट नहीं दी है, बस अब दस्तावेज बाद में लिए जा सकेंगे। यानी दस्तावेजों की उपलब्धता की जो करोड़ों मतदाताओं की समस्या है, उसे सिर्फ कुछ हफ्तों के लिए टाला भर गया है।

इस तरह, जहां पहले ही गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को लेकर इतने सारे भ्रम तथा कन्फ्युजन हैं, उसके संबंध में भ्रमों की धुंध और गहरी की जा रही है। इस धुंध की आड़ में, मतदाता सूची के पुनरीक्षण के नाम पर, नागरिकता के प्रमाण मांग कर एक हद तक एनआरसी थोपी जा रही होगी और करोड़ों भारतीयों का मताधिकार छीना जा रहा होगा और दूसरी ओर, चुनाव आयोग यह कहकर खुद को इसके लिए जिम्मेदारी से भी बचा रहेगा, उसने तो सिर्फ गहन पुनरीक्षण का, मतदाता सूचियों की साफ-सफाई का काम किया है। अब तो सर्वोच्च न्यायालय ही चुनाव आयोग को जनतंत्र पर यह बड़ा आघात करने से रोक सकता है। याद रहे कि यह खेल शुरू भले बिहार से किया गया है, आने वाले दिनों में पूरे देश को इस छद्म एनआरसी से गुजरना पड़ेगा, बशर्ते सुप्रीम कोर्ट इस सिलसिले पर रोक नहीं लगा दे।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# विनाश को विस्तार देते युद्ध!

■ कुमार प्रशांत

आजकल की राजनीतिक शैली में बात कुछ ऐसी बना दी गई है कि देश के बारे में, फौज के बारे में, युद्ध के बारे में, देश की सुरक्षा के बारे में कुछ भी न बोलो, न पूछो, न सोचो! पहलगाम के बाद तमाम विपक्ष ने कह दिया कि हम सरकार के साथ हैं। यह घबराई हुई, जड़विहीन, राजनीतिक दृष्टि से कायर विपक्ष की सोच है। संकट का आसमान रचना और फिर उस आसमान में अपने शिकार करना सरकारों का पुराना हथकंडा है। ऐसे में विपक्ष की एक ही भूमिका होनी चाहिए कि हम हर हाल में देश के साथ खड़े रहेंगे। हमारी इस भूमिका से सरकार को जितनी मदद, जितना समर्थन मिलता है, उससे हमें एतराज़ भी नहीं है, लेकिन सरकार की आंखों से हम देखें, सरकार के कानों से हम सुनें तथा सरकार के पांवों पर हम चलें, यह कैसे हो सकता है? यह तो बौनों का बला का संकट है और इससे घिरा हमारा विपक्ष बौने-से-बौनातर हुआ जा रहा है।

> तीन दिन के युद्ध के बाद, गंभीर चर्चा व समीक्षा की हर संभावना को खत्म करते हुए प्रधानमंत्री ने संसदीय विपक्ष की आवाजों को चुन-चुन कर विदेश-यात्रा पर भेज दिया। कहा कि विश्व मंच पर भारत सरकार का पक्ष अच्छी तरह रखने का राष्ट्रीय कर्तव्य निभाने की चुनौती है, सो आप सब तैयार हो जाएं। आख़िर पाकिस्तान को जवाब देना है न !

तीन दिन के युद्ध के बाद, गंभीर चर्चा व समीक्षा की हर संभावना को खत्म करते हुए प्रधानमंत्री ने संसदीय विपक्ष की आवाजों को चुन-चुन कर विदेश-यात्रा पर भेज दिया। कहा कि विश्व मंच पर भारत सरकार का पक्ष अच्छी तरह रखने का राष्ट्रीय कर्तव्य निभाने की चुनौती है, सो आप सब तैयार हो जाएं। आख़िर पाकिस्तान को जवाब देना है न ! कहने की देर थी कि सभी तैयार हो गए। किसी ने नहीं कहा कि हमें अपनी पार्टी की सहमति लेनी पड़ेगी ! जब राष्ट्रीय कर्तव्य निभाना हो, तो पार्टी की क्या बात है। पार्टी से राष्ट्र बड़ा होता है कि नहीं ! नतीजे में जहां, जिसे, जैसा मौका मिला, उसने वहां, वैसा सरकार का पक्ष रखा। लौटने पर सबने पाया कि वे तो विदेश से लौट आए हैं, लेकिन उनकी आवाज कहीं विदेश में ही रह गई है। आज हमारे संसदीय विपक्ष के पास न चेहरा है, न आवाज़ !

जब विपक्ष के ऐसे हालात हों और सत्तापक्ष के भीतर सत्ता-सुख व अहंकार के अलावा कुछ हो ही नहीं, तो यह सवाल कौन पूछे कि अंगुलियों पर गिने जाने जैसे आतंकवादी हमारी सीमा में घुस आए और उन्होंने हमारे 26 नागरिकों की हत्या कर दी, इतने से सारा देश कैसे खतरे में आ गया? पहलगांव में घुस आए आतंकवादियों व उन नागरिकों की हत्या से देश खतरे में नहीं आया था, बल्कि वह खतरे में इसलिए आया कि आप कश्मीर की सीमा की सुरक्षा में विफल रहे। केंद्र सरकार की सीधी निगरानी में जो कश्मीर है, चोर उसकी दीवार में सेंध लगा लेता है तो यहां खतरा आपका निकम्मापन है। खतरा यहां है कि आप उस आतंकी कार्रवाई का जवाब देने के लिए ऐसा रास्ता अख्तियार करते हैं जो काइंया अंतरराष्ट्रीय शक्तियों को अपना खेल खेलने के लिए उकसाता है।

अलबत्ता, सच भी कहीं-न-कहीं से अपना सर उठा ही लेता है। हमारे वायुसेना प्रमुख एयर मार्शल एपी सिंह और बाद में 'चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ' जनरल अनिल चौहान की बात ऐसी नहीं है कि हम उसे नजरंदाज करें। वे कह रहे हैं कि तीन दिनों का यह युद्ध दोनों तरफ़ को बेहद नुक़सान पहुंचा गया है। पाकिस्तान का नुक़सान ज्यादा हुआ है, लेकिन उसने हमारा जितना नुक़सान किया है, वह स्थिति को ख़तरनाक बनाता है। पाकिस्तान ने हमारे विमान भी गिराए और सैनिक अड्डों को भी नुक़सान पहुंचाया। यह युद्ध रुकना ही चाहिए था, क्योंकि इस युद्ध से हासिल कुछ नहीं हो सकता था। परिस्थिति का यह आकलन व अंतरराष्ट्रीय शक्तियों का दबाव हमें युद्धविराम तक ले आया।

हमें यह सच्चाई समझनी चाहिए कि हथियार के व्यापारियों से खरीद-खरीदकर जो जखीरा हम भी और पाकिस्तान भी जमा करता रहता है, वह हर देश को करीब-करीब एक ही धरातल पर ला खड़ा करता है। इसलिए आज की दुनिया में कोई लड़ाई अंतिम तौर पर किसी को जीत नहीं दिलाती, बल्कि विनाश ही आज के युद्ध का सच है। रूस-यूक्रेन का दो बरस से ज्यादा लंबा युद्ध कौन जीत रहा है? दोनों बर्बाद हो रहे हैं। अमेरिका व यूरोप की फौजी मदद से लड़ रहा यूक्रेन और हथियारों का अकूत जखीरा रखने वाला रूस-दोनों का दम फूल रहा है। दोनों का देश बर्बाद हो रहा है। फौजी भी मारे जा रहे हैं, नागरिक भी; शहर-गांव-कस्बे सब मलबों में तब्दील हो रहे हैं। ऐसे में आप जीत-हार की बात क्या पूछेंगे!

पूछने वाला सवाल यही है कि बताइए, कितना विनाश हो चुका है और कितना विनाश करके आप रुकेंगे? इजरायल ने ईरान पर हमला कर किया क्या? या फिर ट्रंप ने वहां अपनी नाक घुसेड़ कर क्या किया? आप सोचिए, अगर ईरान ने अमेरिका पर हमला बोला तो क्या होगा? जीत या हार? नहीं, ऐसा कुछ नहीं होगा। विश्वयुद्ध भी नहीं होगा, वैश्विक विनाश होगा - शायद वैसा, जैसा दुनिया ने अब तक देखा नहीं है।

कोई आश्चर्य नहीं कि देश में आज एक ही विपक्ष राहुल गांधी बचा है, लेकिन इस एक आदमी का विपक्ष भी हर कदम पर ठिठकता, भटकता और असमंजस में पड़ा दिखाई देता है। यह इसलिए कि वह हर तरफ़ से अकालग्रस्त है - अकाल संख्या का नहीं, प्रतिभा, प्रतिबद्धता का अकाल है ! किसी भी नेता के लिए निर्णायक भूमिका निभाने या उसकी जिम्मेदारी लेने के लिए कुछ आला सहकर्मियों की ज़रूरत होती है। ऐसे सहकर्मी बने-बनाए नहीं मिलते, बनाने पड़ते हैं। राहुल के पास वे नहीं हैं, क्योंकि अब तक का अनुभव बताता है कि उन्हें ग़लत सहकर्मियों को चुनने में महारत हासिल है।

हिंसा में से वीरता तो पहले ही निकल चुकी है, अब युद्ध में से जीत-हार भी निकल गई है। बची है विशुद्ध हैवानियत- क्रूरता, अश्लीलता और अपरिमित विनाश! कोई राहुल गांधी यदि पूछता है कि बताइए, तीन दिनों के इस युद्ध में हमारा कितना नुक़सान हुआ, कितने विमान गिरे, कितने जवान मरे तो यह देशभक्ति की कमी या अपनी सेना की क्षमता पर भरोसे की कमी जैसी बात नहीं है। यही सवाल है जो पाकिस्तान में भी पूछा जाना चाहिए, इजरायल में भी, यूक्रेन और गाजा व ईरान में भी। आज किसी भी कारण जो जंग का रास्ता चुनते हैं या जबरन किसी को जंग में खींच लाते हैं उन सबके संदर्भ में यही सबसे अहम सवाल है जो आंखों में आंखें डालकर पूछा जाना चाहिए। लेकिन पूछे कौन? जिस विपक्ष की ज़ुबान खो गई है वह पूछे भी तो कैसे?

**(लेखक गांधीशांति प्रतिष्ठान केअध्यक्ष हैं।)**



## ललित सुरजन की कलम से

### यात्रा वृतांत: कुछ इंदौर, कुछ उज्जैन

*'हमें इंदौर एक दिन रुककर उज्जैन जाना था। मित्रों ने प्रसन्नता के साथ सूचित किया- कोई परेशानी नहीं, बस पचास किलोमीटर तो है, एक घंटे में पहुंच जाएंगे। कोई हड़बड़ी मत कीजिए। हमने उनकी बात मान ली। शहर से निकलकर हाईवे तक आने में जो भी समय लगा हो, उसके बाद तो चालीस-पैंतालीस मिनट में सफर तय हो गया। शहर के भीतर एक एक्सप्रेस-वे है इस पर टोल टैक्स का नाका पड़ता है। हमारे टैक्सी ड्राइवर ने टोल नहीं पटाया। उसने बताया कि यह नाका अवैध रूप से चल रहा है। सरकार इसे बंद कर चुकी है। इंदौर वाले इस बात को जानते हैं, लेकिन बाहर की नंबर प्लेट देखकर नाकेदार वसूली कर लेते हैं। उसने भाजपा के एक बड़े स्थानीय नेता का नाम लिया कि अवैध वसूली में चालीस परसेंट हिस्सा उनको जाता है। उन नेता की शहर में और कहां-कहां हिस्सेदारी है, क्या-क्या जमीन-जायदाद हैं, यह रहस्योद्घाटन भी उसने किया। एक तरफ इंदौर की सड़कों की स्वच्छता, दूसरी तरफ राजनीति की मलीनता, दो विरोधाभासी तथ्य उजागर हुए। लेकिन टैक्सी ड्राइवर ने जो बात बताई वह तो आज की कड़वी सच्चाई है और सर्वव्यापी है। इसकी सफाई कैसे होगी, पता नहीं।'*

**(देशबन्धु में 29 जून 2017 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2017/06/blog-post_28.html

## पावन प्रसंग

# कर्मों की अभिव्यक्ति

चलते रहने से ही व्यक्ति मंजिल तक पहुंच पाता है। भाग्य के भरोसे बैठे रहने से मंजिल तक नहीं पहुंचा जा सकता है। इसलिए भाग्य को नहीं, कर्म को प्रधान कहा गया है। कठोर परिश्रम और पुरुषार्थ के द्वारा ही हम जीवन में सफल और सुखी हो सकते हैं। परिश्रम और पुरुषार्थ करने के बजाय आलसी, अकर्मण्य और निष्क्रिय बने रहना और भाग्य के भरोसे बैठे रहने वाले लोगों को जीवन में निराशा और असफलता ही हाथ लगती है। अस्तु हमें सदैव सच्चाई और पुरुषार्थ के पथ पर सक्रिय रहना चाहिए और चलते रहना चाहिए, क्योंकि कर्मरूपी पथ पर चलते रहने से ही मंजिल प्राप्त होती है। समस्त शास्त्रों में कर्म को ही प्रधानता दी गई है, कर्म करने को ही महत्वपूर्ण माना गया है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को कर्म करने, युद्ध करने, स्वधर्म पालन करने का ही उपदेश दिया था। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र की रणभूमि में अभी युद्ध करना ही तुम्हारा धर्म है, कर्म है। तुम कर्मरूपी धर्म का पालन करो। तुम युद्ध करो, पर युद्ध के परिणाम की चिंता, अपने कर्मों को मुझे अर्पित करते रहो।

कर्म भाग्य के अधीन नहीं, बल्कि भाग्य कर्म के अधीन है। हाथ की लकीरों में अपने भाग्य को ढूंढने के बजाय अगर हम हाथों से कर्म करें, पुरुषार्थ करें तो हम जो कुछ चाहें, वह प्राप्त कर सकते हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में कहा है-

करम प्रधान बिस्व करि राखा।
जो जस करई सो तस फलु चाखा।।
सकल पदारथ है जग माही।
कर्महीन नर पावत नाही।।

अर्थात विश्व में कर्म को ही प्रधान कहा गया है। जो जैसा कर्म करता है. वह वैसा ही फल भोगता है। इस संसार में हर वस्तु उपलब्ध है और हम जो भी पाना चाहें उसे कर्म करके, पुरुषार्थ करके ही प्राप्त कर सकते हैं, पर जो कर्महीन हैं अर्थात जो कर्म नहीं करते, प्रयास नहीं करते वे उसे प्राप्त नहीं कर पाते।

नीतिशास्त्र में भी कहा गया है- यदि सिंह शिकार करने न जाए और सोया रहे तो मृग स्वयं ही उसके मुख में नहीं चला जाएगा। सिंह को यदि भूख मिटाना है तो उसे आलस्य त्यागकर मृग का शिकार करना ही पड़ेगा। उसी प्रकार हमें जीवन में यदि कुछ पाना है उसके लिए हमें तद्नुरूप कर्म, प्रयास करना ही होगा, पर इसके साथ ही महत्वपूर्ण यह भी है कि हमारा प्रयास सही दिशा में होना चाहिए, सफलतारूपी साध्य की प्राप्ति के लिए साधन भी पवित्र होना चाहिए। शुभ कर्म ही शुभ परिणाम दे सकता है और अशुभ कर्म हमेशा अशुभ परिणाम ही लेकर आता है। जैसे बबूल बोने पर बबूल ही प्राप्त होता है और आम बोने पर ही आम ही प्राप्त होता है। शुभ कर्म करना बहुत अच्छा है, पर शुभ कर्म का जन्म भी शुभ विचारों से ही होता है। इसलिए हमें अच्छे कर्मों से सुखद और अच्छे प्रारब्ध अच्छे भाग्य का निर्माण होता है, वहीं बुरे कर्मों से दुखद और बुरे प्रारब्ध और भाग्य का निर्माण होता है। जीवन में मिलने वाले सुख-दुख वे कर्मों का ही फल है।

**-अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### क्या समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता का संघ सबसे बड़ा शत्रु है?

महत्वपूर्ण बात ये है कि यदि भाजपा को समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष दलों और सत्ता लोलुप कांग्रेसियों का साथ न मिला होता तो संघनीत भाजपा कभी भी सत्ता के करीब नहीं पहुंच सकती थी। आज भी भाजपा जेडीयू नीतीश कुमार जैसे समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष तेलुगु देशम प्रमुख चंद्राबाबू नायडू की बैसाखियों के दम पर ही सत्ता पर काबिज़ है।

इधर संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले का हालिया बयान कि आपातकाल के दौरान संविधान में जोड़ा गया समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता शब्द को हटाए जाने पर विचार करना चाहिए, ने एक नए विवाद को जन्म दे दिया है। ठीक वैसे ही जैसे पिछले बिहार विधानसभा चुनाव के पहले संघ प्रमुख मोहन भागवत का यह कहना कि आरक्षण की व्यवस्था पर पुनर्विचार करना चाहिए। इन दोनों बयानों को नए राजनीतिक संदर्भ में संघ परिवार की संविधान बदलने की मंशा से जोड़ा जाना लगभग तय है।

किंतु, जैसा कि पूर्ववत लिखा जा चुका है कि संघ और भाजपा बिना समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता के बिना जीवित नहीं रह सकते हैं। हालांकि उनकी मंशा मनुवादी समाज की स्थापना ही है किंतु भारत जैसे विशाल देश में यह असंभव है इसलिए भागवत जी, सभी के एक डीएनए की बात करते हैं तथा दलित पिछड़ी जातियों को दोयम दर्जे से बाहर निकालने पर जब तब जोर देते हैं और अखंडता, एकता, समानता की बात कहते हैं। किंतु कथनी करनी का फ़र्क सबको नज़र आने लगा है कि इनके इरादे नेक नहीं है।

आज होसबोले को संघ का अपना इतिहास भी टटोलना चाहिए जब जनसंघ ने जयप्रकाश नारायण जैसे समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष नेता के साथ मिलकर इमरजेंसी के बाद कांग्रेस से सत्ता छीनी थी। उसमें मधुलिमिये और जार्ज फर्नांडीज जैसे समाजवादी लोग थे। तब कांग्रेस से निकले मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने थे। याद कीजिए, 1977 में चुनाव घोषित हो जाने के बाद, कांग्रेस (ओ), स्वतंत्र पार्टी, सोशलिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, भारतीय जनसंघ और लोकदल के मिलन से जनता पार्टी का गठन हुआ। कांग्रेस छोड़कर आए जगजीवन राम, हेमवतीनंदन बहुगुणा और नंदिनी सत्पथी ने कांग्रेस फॉर डेमोक्रेसी का गठन किया और जनता गठबंधन में शामिल हो गए।

यही हाल अटल बिहारी जी की सरकार में रही जब भाजपा के साथ, शिवसेना, तेलगु देशम, अखिल भारतीय द्रविड़ मुनेत्र कड़गम, जनता दल यूनाइटेड, जदयू, आरजेडी, बीजेडी, नेशनल कांफ्रेंस, शिरोमणि अकाली दल, हरियाणा विकास पार्टी, लोकशक्ति, मद्रास स्टेट मुस्लिम लीग, तमिल मनीला कांग्रेस, केरल कांग्रेस, मर्केस्टिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, ऑल इंडिया एन.आर. कांग्रेस, जम्मू एंड कश्मीर पैंथर्स पार्टी, जनतादल (सेक्युलर), राष्ट्रीय लोकदल, भारतीय मजदूर संघ, भारतीय किसान संघ, स्वदेशी जागरण मंच एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा जैसे चौबीस दल एनडीए में शामिल थे। इनमें बहुसंख्यक दल समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता के पक्षधर थे तो ऐसे चली थी संघनीत तथाकथित एनडीए सरकार। ये बात और है कि दो बार झूठ और छल से भाजपा पूर्ण बहुमत से भी आई 2014 में संघ के अन्ना हजारे और छिपे संघियों ने कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार के झूठे आरोप का धुआंधार प्रचार कर पूंजीपतियों के धन के ज़रिए कराकर मात्र 31 प्रतिशत वोट हासिल कर सरकार बनाई। आज समाजवाद और धर्मनिरपेक्ष शब्दों को हटाने का शोर बहुत है किंतु यह संघ का एक शिगूफा ही है। उसमें फिलहाल ऐसा कुछ करने का साहस नहीं है।

**सुसंस्कृति परिहार**

# बारिश की तगड़ी मार, कई बस्तियों में घुसा पानी

## नर्मदा के तटों पर बढ़ने लगा पानी, बचाव दलों को किया सतर्क



### जान और गृहस्थी का सामान बचाते नजर आये लोग

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर में होने वाली मूसला धार बारिश लोगों के लिये परेशानी बन रही है। लगातार बारिश से कमजोर मकानों में रहने वालों के लिये मुसीबत है। सोमवार को सुबह से रात तक बारिश का क्रम चल रहा था। बीच-बीच में कुछ समय के लिये बारिश थम जाती थी, थोड़ी देर बाद फिर से बारिश का क्रम शुरू हो रहा था।

इसका सबसे ज्यादा असर शहर के उन रिहायशी इलाकों में देखने को मिला जो निचले क्षेत्रों में बसे हैं। यहां पर बार-बार पानी भर रहा था। वहीं दूसरी तरफ जहां-जहां पर अभी फ्लाई ओव्हर का काम शेष बचा है, जिसमें दमोहनाका है, वहां पर कीचड से लोगों को मुश्किलें हो रही थी, कई जगह तो वाहन तो दूर की बात है, पैदल तक राहगीर नहीं चल पा रहे थे। इसी तरह मदर टेरेसा नगर में जर्जर सड़कों पर पानी भर गया था जिससे हादसों की नौबत आ गई है। कई बस्तियों में पानी भरने की खबर है। शहर के अन्य ऐसे ही रिहायशी इलाके हैं जहां पर इसी तरह के हालात निर्मित हैं। बिजली की आंख मिचौली भी चली।

**पुजारियों ने उठाये तखत**-वहीं पड़ौसी जिलों में होने वाली बारिश से बरगी बांध में पानी बढ़ा है, इससे गेट खोले गये,जिसके बाद गौरीघाट एवं अन्य घाटों में पानी बढ़ा है, मंदिर डूबने लगे हैं, वहीं दूसरी तरफ तट पर पूजन अर्चन के लिये लगाये जाने वाले पुजारियों के तखत उठा लिये गये हैं, दुकानें को समेट लिया गया है, अभी पानी मंगलवार को और भी बढ़ सकता है, प्रशासन के निर्देश पर तटों पर लोगों को जाने से रोका जा रहा है। हालाकि लोग तटों पर बाढ़ की स्थिति को देखने पहुंचने लगे हैं। वहीं शहर में भी कई जगह सोमवार को पानी भरा। प्रशासन अलर्ट मूड पर है।

### बिजली की आंख मिचौली से हलाकान

दूसरी तरफ बारिश के बीच शहर के कई हिस्सों में बिजली के आने जाने का क्रम जारी रहा। इससे लोगों की परेशानी और ज्यादा बढ़ गई थी। विजय नगर संभाग, उखरी, करमेता, शंकर नगर, आधारताल आदि क्षेत्रों में इसी तरह की समस्या बार-बार आ रही थी, शहरी इलाकों में इसी तरह का संकट बारिश के दौरान देखने को मिला, हालाकि यह अच्छी बात रही कि जल्दी-जल्दी लाइट आ रही थी। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

### बरगी बाँध के चार गेट और खुले

कैचमेंट एरिया में भारी बारिश की वजह से ब?ते जल स्तर को नियंत्रित करने आज सोमवार 7 जुलाई की शाम 4 बजे बरगी बांध से जल निकासी की मात्रा 52 हजार 195 क्यूसेक से बढाकर 1 लाख 78 हजार 023 क्यूसेक कर दी गई है। इसके लिये बांध के चार और गेट खोल दिये गये हैं तथा सभी 13 गेटों की औसत ऊंचाई 3.11 मीटर की गई है। इनमें क्रमांक आठ से चौदह तक सात जलद्वारों को सा? तीन-सा? तीन मीटर, गेट क्रमांक छह, सात, पंद्रह और सोलह को तीन-तीन मीटर तथा गेट क्रमांक पाँच और सत्रह को दो-दो मीटर की ऊंचाई तक खोला गया है।

## लोकायुक्त के खिलाफ अवमानना याचिका - 45 दिन में नहीं हुई सीएमएचओ के अपराधों की जांच

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग के उच्च पदस्थ अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा के विरुद्ध भ्रष्टाचार सेवा नियमों के उल्लंघन, कदाचरण व अपराधों के गंभीर आरोपों की जांच को लेकर अब मामला नई कानूनी दिशा में पहुंच गया है। उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा जांच के लिए लोकायुक्त मध्यप्रदेश को दी गई 45 दिनों की स्पष्ट समयसीमा समाप्त हो जाने के बाद भी कोई कार्यवाही न होने पर पत्रकार नरेन्द्र कुमार राकेशिया द्वारा दाखिल की गई अवमानना याचिका क्रमांक 3752/2025 में 04 जुलाई 2025 को न्यायमूर्ति द्वारकाधीश बंसल की एकलपीठ ने गंभीर रुख अपनाते हुए लोकायुक्त संगठन को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है। अवमानना याचिका में लोकायुक्त मप्र रिटायर्ड जस्टिस सत्येन्द्र कुमार सिंह को व्यक्तिगत रूप से एकमात्र प्रतिवादी बनाया गया है।

**28 अप्रैल को मिला था सख्त आदेश लेकिन नहीं हुई कोई कार्रवाई**

इस मामले की पृष्ठभूमि में पत्रकार नरेन्द्र कुमार राकेशिया द्वारा लोकायुक्त मप्र को की गई एक गंभीर शिकायत है, जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जबलपुर डॉ संजय मिश्रा पर आरोप लगाया गया था कि सरकार द्वारा प्रशासनिक कार्य करने वाले चिकित्सकों पर प्राइवेट प्रेक्टिस की पाबंदी लगाए जाने के बावजूद उनके द्वारा सरकार की पूर्व मंजूरी के बिना परफेक्ट एंडोकेयर लेव, एप्पल पैथोलाजी सेंटर व फेथ पैथेलाजी अवैध रूप से चलाई गई। यह भी आरोप था कि पैथोलाजी लेब के अवैध संचालन से मिला पैसा डॉ मिश्रा द्वारा न केवल अपनी दूसरी पत्नी इप्शिता सिंह मिश्रा के नाम पर फ्लैट खरीदने में खर्च किया गया बल्कि फ्लैट खरीदने के लिए सरकार से पूर्व मंजूरी भी नहीं ली। म.प्र. सिविल सर्विसेस कंडक्ट नियम 1965 के नियम 22 के अनुसार द्वितीय विवाह प्रतिबंधित है। डॉ. मिश्रा और उनकी दूसरी पत्नि ने संयुक्त मालिक के रूप में जबलपुर के ओजस इंपेरिया के टावर सी में फ्लेट नंबर 1201 खरीदा है। डॉ मिश्रा की नियुक्ति और प्रमोशन अवैध होने का आरोप भी शिकायत में लगाया गया है। याचिकाकर्ता ने 16 जुलाई 2024 और 30 अगस्त 2024 को दो बार लोकायुक्त कार्यालय में डॉ मिश्रा द्वारा सेवा आचरण नियमों के उल्लंघन, गैरकानूनी प्राइवेट प्रैक्टिस, अवैध संपत्ति अर्जन और वित्तीय अनियमितताओं के दस्तावेजी सबूतों के साथ विधिवत शिकायतें दर्ज की थीं, लेकिन महीनों तक कोई कार्रवाई न होने पर उन्होंने रिट याचिका क्रमांक 14372/2025 के माध्यम से हाईकोर्ट की शरण ली। 28 अप्रैल 2025 को न्यायमूर्ति विशाल धगत की एकल पीठ ने स्पष्ट निर्देश देते हुए लोकायुक्त को याचिकाकर्ता द्वारा डॉ मिश्रा के विरूद्ध प्रस्तुत की गई शिकायत की जांच 45 दिनों के भीतर जांच पूरी करे।

## एनएसयूआई ने किया रादुविवि का घेराव

**जबलपुर, देशबन्धु।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय का परीक्षा विभाग की कार्यशैली एक बार पुनः सुर्खियों में आई हैं। बीएएलएलबी के दो अलग-अलग प्रश्नपत्र लिए जाने के विरोध में सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसएसयूआई) के कार्यकर्ताओं द्वारा रुदविवि में घेराव प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने परीक्षा में भारी अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की।

छात्रों ने आरोप लगाया कि बीएएलएलबी चौथे सेमेस्टर की परीक्षा में दो अलग-अलग प्रश्न पत्र दिए गए। जिनमें कुछ पाठ्यक्रम के बाहर के थे। इससे न केवल उनका प्रश्नपत्र बिगड़ गया बल्कि उन्हें मानसिक तनाव का भी सामना करना पड़ा। छात्रों ने परीक्षा फिर से कराने व दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की।

**अर्थशास्त्र में दिए पाठ्यक्रम से बाहर के प्रश्न**- एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के साथ छात्रों ने मिलकर विश्वविद्यालय प्रशासन पर आरोप लगाया कि बीएएलएलबी चौथे सेमेस्टर के अर्थशास्त्र के प्रश्न पत्र में परीक्षा के दौरान दो अलग-अलग प्रश्न पत्र बांटे गए है। जिनमें से कुछ प्रश्न पत्र पाठ्यक्रम से बाहर के थे। इससे कई छात्रों की परीक्षा प्रभावित हुई। छात्रों का कहना है कि यह केवल एक बार की गलती नहीं है। विश्वविद्यालय में इससे पहले भी बिना परीक्षा के परिणाम घोषित होने, सप्लीमेंट्री परीक्षा में उपस्थित छात्रों को अनुपस्थित दिखाना जैसी गंभीर गड़बड़ी हो चुकी हैं। बार-बार हो रही इन लापरवाहियों के चलते छात्रों का मानसिक तनाव बढ़ रहा है और उनका पढ़ाई से भरोसा टूट रहा है।

**जनरल प्रमोशन की मांग**- प्रदर्शन में शामिल एनएसयूआई प्रभारी अचलनाथ का कहना हैं कि परीक्षा नियंत्रक व कर्मचारियों की मिलीभगत के चलते विश्वविद्यालय की साख खराब हो रही हैं। उन्होंने मांग की कि इकोनॉमिक्स की परीक्षा को रद्द कर दोबारा आयोजित किया जाए या सभी छात्रों को जनरल प्रमोशन दिया जाए। इसके साथ ही उन्होंने दोषी अधिकारियों को तत्काल निलंबित करने और इन गड़बडियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।हस् कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि विश्वविद्यालय प्रशासन जल्द सुधारात्मक कदम नहीं उठाता तो छात्र और उग्र आंदोलन करेंगे।

**जांच समिति का होगा गठन : कुलसचिव**- इस मामले पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ आरके बघेल का कहना हैं कि ऐसी गलतियां पहले भी हो चुकी हैं, अब इन शिकायतों की गंभीरता से जांच की जाएगी।

डॉ बघेल ने बताया कि परीक्षा से जुड़ी सभी आपत्तियों की जांच के लिए एक समिति का गठन किया जाएगा। जो पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट सौंपेगी जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कृषि अधिकारियों ने अचानक बीज खाद की दुकानों पर किया निरीक्षण

**जबलपुर, देशबन्धु।** किसानों को उच्च गुणवत्ता की आदान सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम के निर्देशन में सोमवार को कृषि अधिकारियों ने जबलपुर शहर में संचालित बीज एवं खाद के पाँच विक्रय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया।

अनुविभागीय कृषि अधिकारी जबलपुर प्रतिभा गौर एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीमती रश्मि परसाई द्वारा किये गये निरीक्षण में बलदेवबाग स्थित श्री कृपा ट्रेडर्स, श्रेयांशी ट्रेडर्स, कुशवाहा बीज भंडार एवं शिवशक्ति कृषि केन्द्र तथा कृषि उपज मंडी परिसर स्थित रंजीत इन्टरप्राइजेज से खाद एवं बीज के नमूने लिये गये। इन आदान विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों के पीओएस मशीन में दर्ज उर्वरकों के स्टॉक का भौतिक सत्यापन भी किया गया।



उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार निरीक्षण में दस्तावेजों के परीक्षण के दौरान किसानों को कच्चे बिल पर उर्वरक और बीज का विक्रय करना पाये जाने तथा अन्य प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर बलदेवबाग स्थित श्री कृपा ट्रेडर्स को नोटिस जारी किया गया है। इसके अलावा शेष चारों बीज विक्रेताओं को विक्रय लाइसेंस में प्रिंसीपल सर्टिफिकेट जुडवाने के लिये नोटिस दिये गये हैं।

निरीक्षण के दौरान बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक की विक्रय दरों को डिस्प्ले बोर्ड पर प्रदर्शित करने, किसानों को निर्धारित कीमत पर ही आदान सामग्री का विक्रय करने तथा उन्हें पक्का बिल देने की हिदायत भी दी गई।

अनुविभागीय कृषि अधिकारी प्रतिभा गौर ने किसानों से कहीं भी उर्वरक का अवैध भंडारण एवं परिवहन होता पाये जाने पर इसकी सूचना तत्काल कृषि अधिकारियों को देने का आग्रह किया है, ताकि संबंधित के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही की जा सके।

## सीवर लाइन रिस्टोरेशन एवं अमृत योजना 2 के कार्यो में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं : राकेश सिंह



**जबलपुर, देशबन्धु।** कटंगा तिराहे से ग्वारीघाट के बीच चल रहे सीवर लाइन एवं अमृत योजना 2.0 के निर्माण कार्यों में मिल रही लगातार शिकायतो के चलते लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने स्थल पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। श्री सिंह के साथ नगर निगम आयुक्त प्रीति यादव, अधीक्षण यंत्री नगर निगम कमलेश श्रीवास्तव व संबधित अधिकारी उपस्थित थे।

मंत्री श्री सिंह ने कहा जनता की सुविधा के लिए, सरकार की मंशा के अनुरूप शहर में विभिन्न विकास कार्य हो रहे है, इनमे ही सीवर लाइन का कार्य जो पूरे शहर में हो रहा इसको लेकर शहर में लोग काफी परेशान है, सीवर लाइन के साथ ही इस मार्ग में अमृत योजना 2.0 के तहत पाइप लाइन विस्तारीकरण का कार्य भी हो रहा है इन दोनो कार्यों में लेटलतीफी के साथ ही कार्य की गुणवत्ता पर भी शिकायते प्राप्त हो रही थी, जिनमे प्रमुख रूप से सीवर लाइन डालने के बाद जो रिस्टोरेशन का कार्य किया जा रहा है उसमे मिट्टी और मलबा डालकर उसे किया जा रहा था, शिकायत मिलने पर तय किया की मौके पर जाकर निरीक्षण करना चाहिए।

श्री सिंह ने कहा जिस मार्ग का निरीक्षण किया है इस सड़क को व्हाइट टॉपिंग तकनीक से बनाया जाना है और यदि सीवर लाइन के बाद रिस्टोरेशन का कार्य गुणवता युक्त नही होगा तो भविष्य में सड़क धसने और गड्ढे होने की संभावना होगी जिससे व्हाइट टॉपिंग सड़क के निर्माण में भी परेशानी का सामना करना होगा। पीडब्लूडी कार्यपालन यंत्री शिवेंद्र सिंग मौजूद रहे।

## सीएम हेल्पललाईन के प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें : कलेक्टर

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में आज लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टर श्री सक्सेना ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में प्राथमिकता से कार्य करें और इसमें लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि 50 दिन से ऊपर की शिकायतों को गंभीरता से लेकर निराकरण करें और जिले की रैंकिंग सुधारें। कलेक्टर श्री सक्सेना ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को जो अधिकारी अटेंड नहीं किए हैं, उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केपीआई के संबंध में जो पैरामीटर निर्धारित हैं, उस पर कार्य करें और जिले का रैंक बढ़ाएं।

बैठक में जिला खेल अधिकारी की अनुपस्थिति पर सीईओ जिला पंचायत ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री सक्सेना ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने कार्यों को प्राथमिकता से करें और जिले के विकास में योगदान दें।

## दमोहनाका चौक 15 से खुल सकता है

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर के सबसे व्यस्तम चौक में शुमार दमोह नाका में पंद्रह जुलाई से यातायात शुरू हो सकता है। यहां पर फ्लाई ओव्हर के समीपस्थ विकास कार्य किये जा रहे हैं। इसमें सड़कों और नाले-नालियों को बनाने का काम अंतिम चरण में पहुंच गया है। लोक निर्माण विभाग से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि बीते कई दिनों से चौक को इसीलिये बंद किया गया था ताकि काम में गति आ सके। यातायात बंद होने से काम करने में ठेका कंपनी को आसानी हो रही थी। गौरतलब है कि 15 जून दमोह नाका चौक को बंद कर दिया गया था। इस दौरान किसी भी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पूरी तरह रोक लगा दी गई थी। हालाकि इसके कारण यहां से गुजरने वालों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अपने गंतव्य के लिये जाने के लिये वैकल्पिक मार्गो का इस्तेमाल किया जा रहा था।



## सैम सीनियर सिटीजन ने मनाया आया सवाल झूमके

**जबलपुर, देशबन्धु।** भीगी हुई बौछारों के बीच सैम सीनियर सिटीजन क्लब में सावन के एक से बढ़कर एक गीतों पर जादूगर एस. के निगम के संयोजन में आया सावन झूमकर सेलिब्रेट किया। जिसमें रिमझिम गिरे सावन, चलो सजना जहां तक घटा चले जैसे गीतों से गायकों ने ताली बटोरी। गायिका राजकुमारी रैकवार, सुनीता जायसवाल, आरती जायसवाल, प्रभा बच्चन श्रीवास्तव, ममता वासवानी, अनीता आहूजा, सुनीता मेंहदीरता के गीतों ने लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। इस अवसर पर रश्मि श्रीवास्तव, जसवीर चोपड़ा, विंग कमांडर चंदन शर्मा, मिसेज कटारिया, प्रमोद जैन, आई के अग्रवाल, एल एस चौहान उपस्थित थे। संचालन बच्चन श्रीवास्तव एवं आभार प्रदर्शन नीरज शुक्ला ने किया।

## अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल्स में मिलेगा हर तरह का इलाज



**जबलपुर, देशबन्धु।** एक तरफ जबलपुर में अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल्स में जहां मरीजों को विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं मिलनी शुरू हो गईं हैं वहीं हॉस्पिटल प्रबंधन ने समाज के सभी वर्गों तक आधुनिक चिकित्सा सेवाओं का लाभ पहुंचाने के लिए उनके बीच जाना भी शुरू कर दिया है। इसी को लेकर अपोलो जेबीपी हॉस्प्टिल्स के द्वारा लगातार संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 6 जून रविवार को अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल्स के द्वारा विजय नगर, कचनार सिटी, शिव नगर और शांति नगर में रहने वाले सिंधी समाज के सदस्यों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल्स के ऑडिटोरियम में आयोजित इस संवाद कार्यक्रम में जबलपुर के चिकित्सा जगत से अपेक्षाएं विषय पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। सिंधी समाज के वरिष्ठजनों ने जहां अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल का महानगरों की तरह चिकित्सा सुविधाएं देने के लिए आभार जताया और अपनी कई अपेक्षाएं जताईं वहीं ग्लोबल ग्रुप के चेयरमैन सौरभ बडेरिया ने भी चिकित्सा जगत से अपेक्षाएं विषय पर अपने विचार रखे।

उन्होंने कहा कि अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल्स सिंधी समाज के लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए कोई कसर नहीं छो?गा और महानगरों की तहर जबलपुर और महाकौशल के लोगों के लिए महानगरों जैसी स्वास्थ्य सेवाएं दिलाने के अपने उद्देश्य को पूरा करने में हमेशा जुटा रहेगा।

इस मौके पर मुख्य रूप से सिंधी समाज के शिव तलरेजा, राज कुमार जसूजा, प्रकाश रोहरा, रीतेश मोटवानी, दीपक मंगलानी , नरेंद्र सोहांडा, रॉकी चैनानी, श्रीमती वंदना मंगलानी, सुमन जसूजा, मुस्कान सचदेव, निखिल परियानी और रॉकी जसूजा समेत समाज के अन्य वरिष्ठ जन, युवा तरुणाई एवं मातृ शक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ सुनील मिश्रा ने किया।

## नेत्र हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है : कुलगुरू प्रो. वर्मा



**जबलपुर, देशबन्धु।** नेत्र हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है। इसलिए हमें इनकी देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए और समय-समय पर इनकी जांच करवाते रहना चाहिए। दिन प्रतिदिन नेत्रों से संबंधित कई बीमारियां उत्पन्न हो रही हैं, लेकिन लोग अपने कामकाज में इस प्रकार डुबे हुए हैं कि इसकी ओर कोई विशेष ध्यान नहीं देते है।

यदि समय पर उपचार किया जाए तो नेत्र रोगों से बचा जा सकता है। ये बात कुलगुरू प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने सोमवार को विवि प्रवेश सहायता एवं कैरियर मार्गदर्शन केंद्र, आइक्यूएसी (सभा भवन) में आयोजित निःशुल्क नेत्र स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के उद्घाटन अवसर पर कही।

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के वैदेही स्वास्थ्य केंद्र ,कौशल विकास संस्थान तथा एएसजी नेत्र चिकित्सालय, के संयुक्त तत्वावधान में विवि कुलसचिव डॉ. आरके बघेल के निर्देशन में आयोजित निःशुल्क नेत्र स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के शुभारंभ अवसर पर प्रो. सुरेंद्र सिंह, प्रभारी आचार्य वैदेही स्वास्थ्य केंद्र ने कहा कि नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य पहल है, इसका मुख्य उद्देश्य दृष्टि संबंधी समस्याओं का पता लगाना, उनका इलाज करना और लोगों को आंखों की देखभाल के महत्व के बारे में शिक्षित करना है। शिविर में एएसजी नेत्र चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. कुलदीप त्रिपाठी ने नेत्र परीक्षण शिविर में टीम द्वारा व्यापक नेत्र परीक्षण किया, जिसमें दृश्य तीक्ष्णता, आंखों के दबाव और ग्लूकोमा, मोतियाबिंद और रेटिना संबंधी समस्याओं जैसी सामान्य आंखों की स्थितियों की जांच शामिल रही। एएसजी मैनेजर नितीश जायसवाल, मोह. इकबाल मौजूद रहे।

### माइंड एक्सरसाइज डे विशेष

## वीडियो गेम्स मूव टू मोबाइल, साझा की स्मृतियां

**जबलपुर,देशबन्धु।** 90टीज के दौर में सुपर मारियो और कॉन्ट्रा सभी की पहली पसंद हुआ करते थे। समय बदला तो वीडियो गेम्स भी पीसी में कन्वर्ट हो गए। गेम बदले तो उनके खेलने के लिए जरिए भी बदलते गए। कभी ब्लैक एंड वाइट टीवी की स्क्रीन पर खेले जाने वाले वीडियो गेम्स लैपटॉप पर कम्प्यूटर डिसप्ले पर खेले जाने लगे। समय और अधिक एडवांस हुआ वीडियो गेम्स मोबाइल की स्क्रीन में शुमार हो गए। इस दौरान कुछ बदला है तो गेम्स के तरह-तरह के पैटर्न। इस वीडियो गेम्स डे के मौके पर आइए जानते हैं कि किस तरह से वीडियो गेम्स मोबाइल में कन्वर्ट हो चुके हैं, वहीं अब गेम्स सिर्फ फन ही नहीं, बल्कि नॉलेज भी बढ़ा रहे हैं। माइंड डेवलवमेंट एक्टिविटी चाइल्ड साइकोलॉजिस्ट कृतिका गुप्ता का कहना है कि बच्चों को सीमित समय के लिए यदि मोबाइल गेम्स खेलने को दिया जाए तो यह माइंड डेवलपमेंट एक्टिविटी के रूप में देखी जाती है।

**बच्चों को पजल और एक्शन गेम्स जल्द**-जल्दी माइंड को कमाण्ड देने का काम करते हैं। पजल्स और क्रेश्चन गेम्स भी पुराने



समय में वीडियो गेम्स के गेम सिर्फ फन एंड जॉय एक्टिविटी से जुड़े हुआ करते थे, लेकिन मोबाइल एप्लिकेशन गेम्स में बच्चों और युवाओं को नॉलेज बढ़ाने का मौका भी मिल रहा है। इसमें उनके क्रेश्चन गेम्स जनरल नॉलेज बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

**पहले रिमोट की जरूरत अब टच की**-वीडियो गेम्स का जिक्र आते ही लंबी से वायर से बंधे हुए रिमोट याद आते हैं, लेकिन अब मोबाइल पर वीडियो गेम्स तो हैं, लेकिन उनके लिए किसी रिमोट की जरूरत नहीं है। ये टच के जरिए चलाए जा रहे हैं। कई वीडियो गेम्स अब टैबलेट्स पर ही चलाए जा रहे हैं, जिसमें मारियो, कॉन्ट्रा, पेचमैन और बूमर मैन जैसे गेम्स एप्लिकेशन के जरिए खेले जा रहे हैं।

### इस तरह बदला स्वरूप

- 1958 में विली हिगिलबोथम ने बनाया था वीडियो गेम
- 1966 में टेलिविजन पर खेलने की हुई शुरुआत
- 1948 में दुनिया में इलेक्ट्रॉनिक गेम की शुरुआत हुई
- 1985 में देश में सुपर मारिया और कॉन्ट्रा जैसे गेम्स लॉन्च हुए
- 1997 में देश में स्नेक गेम लॉन्च हुआ।
- 2000 के बाद बूमर मैन, पेच मैन और मॉर्टल कॉम्बैट जैसे कलर गेम्स पसंद बने
- 2013 के मोबाइल एप्लिकेशन के जरिए गेमिंग वर्ल्ड स्ट्रॉन्ग हुआ
- 2014 से लाइव गेम्स से टेक्नोलॉजी हुई मजबूत
- 2016 से लाइव गेम्स से बढ़ाया यूजर्स के बीच एडवेंचर्स

## संसार में कुछ लोग परोपकार के लिए जन्म लेते हैं

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्व. नर्मदा प्रसाद तिवारी के परिवार में पाँच पुत्रियों किरण, राजकुमारी, कृष्णा ,शैलबाला ,शशि के ज्येष्ठ भ्राता आनन्द तिवारी (मुन्ना भैया) हैं। हम सब उन्हें मुन्ना भैया ही कहते थे। 1965 में जार्ज टाउन प्राथमिक शाला में 5 वीं कक्षा में मेरा प्रवेश हुआ वहां राजकुमारी (मुन्ना भैया की दूसरी बहन )से मेरी मित्रता हुई। गंजीपुरा में उनका पुस्तैनी घर था। उनके पास ही हमारा घर था इसलिए अक्सर आना जाना होता था। माताजी मुझे बहुत प्यार करती थीं। कुछ ही दिनों में मैं उस परिवार की सदस्य बन गई मुन्ना भैया की लाड़ली बहन रक्षाबंधन पर पहली राखी बांधती थी। माताजी का विशेष स्नेह था। वे साक्षात् ममता की देवी थीं। मुन्ना भैया के पिताश्री का कड़ा अनुशासन था। उनके आने का एक अलग दरवाज़ा था जैसे ही कुंडी खटकती हम सब सामान वाले कमरे की ओर भागते और किताब लेकर बैठ जाते। पिताजी आते एक नज़र सबको देखकर चले जाते।

बब्बा जी का मुन्ना भैया पर विशेष स्नेह था वे जब भी गल्ला मंडी जाने को तैयार होते मुन्ना भैया को कुर्ते की जेब में हाथ डालते और बिना गिने सारी चिल्लर दे देते । सबके लाडले थे मुन्ना भैया। मेरा सारा दिन उसी घर में बीतता हम सब बहने माताजी के साथ टीप रेस, ताश, लुका छुपी खेलते। नए कपड़े बनते तो मेरे लिए भी एक सी फ्राक बनती।



**अमृत महोत्सव (डॉक्टर आनन्द तिवारी) और उनका सानिध्य प्राप्त करना सौभाग्य की बात होती है**

एक दिन शाम को मुन्ना भैया आए तो उनके कान में गहरी चोट लगी थी कान से ख़ून बह रहा था उन्होंने मुझसे कहा किसी से मत बताना कि मुझे चोट लगी है मुझे दवा लगा दो। दूसरे दिन मैंने माताजी को बता दिया कि भैया को चोट लगी है। समय गुज़रता गया । किरण दीदी की पाठक परिवार में शादी हो गई।

मैं और मेरी सखी राजकुमारी कॉलेज में आ गयी ।कुछ वर्षों में उसका भी डॉक्टर चनपूरिया से परिणय हो गया। इस बीच पुराना मकान बिक गया तिवारी जी ने नया मकान चेरीताल में बनवा लिया। मुन्ना भैय्या अब डॉक्टर आनन्द तिवारी हो गए थे। बहुत सुहाने थे वे दिन हमारा हर त्यौहार वहीं होता था ।हरितालिका का पूजन हमारी मम्मी माताजी के साथ ही करती थीं डॉक्टर आनंद बचपन से ही सहृदय सबकी मदद करने वाले व्यक्ति हैं ।नेशनल हास्पिटल के संचालक होकर भी कभी उन्होंने घमंड नहीं किया। सदैव हँसमुख, प्रसन्न रहते हैं गुस्सा तो उन्हें छू भी न सका। अनेक सामाजिक,साँस्कृतिक साहित्यिक संस्थाओं के संरक्षक हैं। समाजसेवा में संलग्न हैं सबकी मदद करने तत्पर रहते हैं। ऐसा भाई पाकर मैं गौरवांवित हूँ। उनके 75 वें जन्मदिन (अमृत उत्सव)पर एक बहन की ओर से एक नेक भाई को अनन्त शुभकामनाएँ! ईश्वर उन्हें शतायु करें!

**छोटी बहन डॉ. अम्बर प्रियदर्शी**
**( साहित्यकार, शिक्षाविद )**

## श्री भगवान जगन्नाथ अपनी मौसी के घर से अपने अपने मंदिरो में वापिस पधारेंगे

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री भगवान जगन्नाथ स्वामी जी प्राचीन परंपरा अनुसार अपनी मौसी के घरों से वापिस अपने अपने मंदिरो मैं भव्य शोभा यात्रा के साथ में वापिस पधारेंगे। रथयात्रा समितियों के संयोजक शरद काबरा ने जानकारी दी कि भगवान जगन्नाथ अपने आपने मुख्य मंदिरों में निम्नानुसार वापसी करेंगे।



एड. ज्ञानेंद्र सिंह बघेल एवं मोहित तिवारी ने बताया कि श्री जगदीश मंदिर गणेश मंदिर लोकन्यास गढ़ा फाटक की रथ यात्रा वापसी जगदीश मंदिर अखाड़ा हनुमान मंदिर से जगदीश मंदिर गढ़ा फाटक के लिए प्रस्थान हुई जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग सैकड़ों की तादाद में उपस्थित रहे। जिनमें प्रेम पूरी गोस्वामी पपपन मिश्रा आदि प्रमुख थे। श्रीजगन्नाथ मंदिर सूजी मोहल्ला की रथयात्राजी की वापसी आज सोमवार 7/07/25 मछली मार्केट दुर्गा मंदिर से मिलौनिगंज, छोटा फुहारा,सूजी मोहल्ला के लिए प्रस्थान हुई जिसमें भंडारे आरती के उपरांत क्षेत्रीय जन लीला बाई चौरसिया प्रीति चौरसिया आदि उपस्थित रहे ।

## फोटोग्राफी ट्रेंड बारिश के दौरान हरियाली के ढके शहर के हिस्से

**जबलपुर,देशबन्धु।** बारिश के साथ-साथ प्रकृति की सुंदरता भी बढ़ गई है। इन दौरान पतंगे, तितलियों, पक्षियों और प्रजातियां अधिक हो जाती है। ऐसे में चारों ओर फैली हरियाली नेचर लवर्स को फोटोग्राफी करने के लिए मोटिवेट कर रही है। कुछ जहां आउटिंग पर निकले रहे हैं, बारिश में शहर का सौंदर्य निखरने के बाद शहर के नेचर लवर्स वन्य प्रजातियों के डाटा कलेक्ट करने के लिए फोटोग्राफी कर रहे हैं।

**सोलो और ग्रुप में एक्टिविटी**-नेचर लवर्स का कहना है कि वे बारिश के दौरान फोटोग्राफी करना अधिक पसंद है। इसके लिए वे सोलो और ग्रुप ट्रिप पर निकल जाते हैं। इससे हर सीजन में प्रजातियों की नई अपडेट मिलती रहती है। इनमें शहर के साथ अन्य शहरों के नेचर लवर्स जुड़कर रोजाना वन्य प्राणियों से जुड़ी तस्वीरों को डाटा के लिए साझा करते हैं।

**प्रोफेशनल नहीं पैशन फोटोग्राफर्स**-डॉ. शिवोहम शुक्ला प्रोफेशनल फोटोग्राफर नहीं हैं, लेकिन नेचर से जुड़ी एक्टिविटी को कैमरा में कैद करना उन्हें पसंद है। वे कहते हैं कोरोना काल के चलते उनमें नेचर फोटोग्राफी का शौक जागा था। ज्यादातर प्राकृतिक झरने, धार्मिक पर्यटन, पक्षियों के फोटो क्लिक करना पसंद है।

**दिनचर्या से समय निकालते हैं**-डॉ. विजय



### प्रजातियों के रिकॉर्ड के लिए हो रहा काम

सिंह यादव मेडिकल सर्विस में होकर भी बर्ड एंड नेचर के प्रति लगाव रखते हैं। इसलिए फोटोग्राफी करना भी पसंद करते हैं। बारिश के दौरान उन्हें घर ही में काफी फोटोग्राफी की है। वे प्राकृतिक झरने, खेतों में मौजूद पक्षी, तरह-तरह के कीट और पतंगों की फोटो अपनी

**घर के आंगन में आते परिंदे**-नेचर लवर नीरज वेगड़ ने बताया कि उनके घर में हजारों पेड़े पौधें हैं। कई पक्षियों से यहां स्थायी घोंसले बना लिए हैं। इसके लिए वे नेचर फोटोग्राफी के लिए अक्सर निदान, भैंसाघाट, कटाव, भेड़ाघाट, घुघवा, घुघरा, नुनसर, बरगी, पाटन निकलना पसंद करते हैं।

## लायंस क्लब जबलपुर का शपथ ग्रहण समारोह

**जबलपुर,देशबन्धु।** सेवा के हाथ बढ़ते है, तो क्लब को मजबूती मिलती है। पीड़ित मानवता के लिए काम करना ही मानव धर्म होना चाहिए। इसी शपथ के साथ नए पदाधिकारियों से पद संभाला। लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233सी के लायंस क्लब जबलपुर में नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि पीएमजेएफ पीडीजी राजीव अग्रवाल, शपथ अधिकारी एमजेएफ नरेंद्र जैन, रीजन 9 की चेयरपर्सन श्रद्धा साहू, जोन चेयरपर्सन अंकिता जैन मौजूद थे। शपथ अधिकारी ने नवगठित कार्यकारिणी को समाज सेवा में संलग्न रहने की शपथ दिलवाई।

**इन्हें मिला नया पदभार**-समारोह में अध्यक्ष मनीषा सोनी, सचिव एमजेएफ हरिभाई पटेल, कोषाध्यक्ष



### नवीन पदाधिकारियों ने संभाला दायित्व

दीपक पोपट ने पद संभाला। आयोजन में कार्यक्रम संचालक एमसी टाटिया, आनंद जैन, रीता गुप्ता, ज्ञान गोलछा, प्रथम उपाध्यक्ष श्वेता तिवारी, द्वितीय उपाध्यक्ष मीता पोपट, तृतीय उपाध्यक्ष भूमिका पटेल, सह सचिव राजेंद्र सोनी, नरेश श्रीवास्तव, एलसीआइएफ एमजेएफ उमेश जैन, मार्केटिंग चेयरमेन दयाराम पटेल, एमके सोनी, आनंद जैन, महेश चौराड़िया, मनोज कुमार जैन मौजूद रहीं। डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन यूथ एक्सचेंज, यशवंत सेंगर, जोन चेयरपर्सन नीलम खरे का सहयोग रहा। डॉक्टर्स और सीए डे के मौके पर 5 डॉक्टर्स और 3 सीए का सम्मान किया गया।

## दैनिक राशिफल

**मंगलवार 08 जुलाई 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। अषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वादशी नक्षत्र-अनुराधा।**

मेष - आज आपको विशेष प्रकार के आध्यात्मिक अनुभव होंगे। आपको रहस्य और गूढ़ विद्याओं का ज्ञान प्राप्त करने में रुचि होगी। आप आध्यात्म के क्षेत्र में भी सिद्धि प्राप्त कर सकेंगे।

वृषभ - आप अपने वैवाहिक जीवन का आनंद ले सकेंगे। परिवार के साथ कोई सामाजिक प्रसंग अथवा छोटे प्रवास पर जाने से आपको अनंद का अनुभव होगा। मित्रों और सगे संबंधियों के साथ स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे।

मिथुन - आपके कई दिनों से रूके हुए काम पूरे हो सकेंगे। सफलता तथा प्रतिष्ठा प्राप्त मिलेगी। घर में सुख- शांति और आनंद आपको मानसिक रूप से प्रफुल्लित रखेंगे। तंदुरुस्ती अच्छी रहेगी। वित्तीय लाभ होगा।

कर्क - आपको आज चित्त को शांत रखकर दिन व्यतीत कर लेना चाहिए। शारीरिक मानसिक अस्वस्थता से भय पैदा होगा। अचानक खर्च होने की संभावना है। प्रेमियों के बीच विवाद और मतभेद हो सकता है।

सिंह - आज आपको शारीरिक- मानसिक चिंता बनी रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होने की आशंका है। मां के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। गलत और नकारात्मक विचारों के कारण निराशा रह सकती है।

कन्या - बिना विचारें किसी भी तरह के काम में रुचि ना लें। आप किसी से इमोशनल संबंध में जुड़ सकते हैं। भाई-बहनों के साथ अच्छे संबंध अच्छे बने रहेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों से मिलना- जुलना होगा।

तुला - मानसिक परेशानी रहने के कारण आज आपको कोई महत्वपूर्ण निर्णय नहीं लेना चाहिए। आज कोई नया काम न करें। पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद टालना चाहते हों तो वाणी पर संयम रखें।

वृश्चिक - आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा है। आपका तन-मन प्रफुल्लित रहेगा। परिजनों के साथ सुख के पल गुजार सकेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के पास से किसी तरह का उपहार मिलेगा।

धनु - आज का दिन कष्टदायक रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव होगा। स्वभाव में क्रोध और आवेश रहेगा। इससे किसी के साथ उग्र तकरार हो सकता है। स्वास्थ्य खराब होगा। वाणी और व्यवहार में संयम रखें। दुर्घटना से बचें।

मकर - आज का दिन लाभदायक है। मित्रों और स्नेहीजनों से मिलकर आनंद का अनुभव करेंगे। प्रियजनों के साथ किसी रोमांचक यात्रा पर जा सकते हैं। थोड़े प्रयत्नों से विवाहोत्सुक लोगों का रिश्ता पक्का हो सकता है।

कुंभ - आप सभी काम सरलतापूर्वक पूरा कर सकेंगे। व्यापार और नौकरी में प्रगति कर सकेंगे। सरकारी कामकाज आसानी से पूरे हो सकेंगे। उच्च अधिकारियों की ओर से मदद मिलती रहेगी। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

मीन - आज आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। शारीरिक ताजगी का अभाव रहेगा। कोई काम विलंब होने से आपको निराशा का अनुभव होगा। भाग्य आपका साथ नहीं देगा, ऐसा आपको लग सकता है।



## मेरे मेहबूब कयामत होगी... ने बांधा समां

**जबलपुर,देशबन्धु।** जवानियां ये मस्त-मस्त, हम प्यार में..., यारा ओ यारा..., भूल गया सब कुछ..., मेरे महबूब कयामत होगी...जैसे सदाबहार गीतों से संगीत संध्या सजी। रानी दुर्गावती कलावीथिका में म्यूजिकल ग्रुप ऑफ एडवोकेट के कलाकारों ने सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी। गायन विनोद श्रीवास्तव, कमल सिंह, अमन शर्मा, यामिनी शुक्ला, सुनील चौबे, रेणु जैन, नरेंद्र शर्मा, प्रमेन्द्र सिंह, संजय झरिया, दिलीप, मुकेश चौधरी, थॉमस पॉल, रोशन आनंद, राजकुमार खरे, सिद्धांत यादव, शैलेन्द्र यादव, जयंत देव, आलोक गुप्ता ने किया। इस मौके पर एड. प्रशांत मिश्रा, संयोजक विनोद श्रीवास्तव, कमल सिंह, अमन शर्मा मौजूद थे।

## बरगी बिजली यूनिट बंद से करोड़ों के नुकसान की जवाब देही तय करें

**जबलपुर,देशबन्धु।** मानसून की सक्रियता की लगातार चेतावनी के बावजूद भी बरगी बांध के एक बिजली उत्पादन यूनिट का बंद रहना यह स्पष्ट रूप से लापरवाही है, इससे लाखों यूनिट बिजली उत्पादन नहीं होने से करोड़ों का नुकसान हुआ है। इस नुकसान की जवाबदेही तयकर, अधीक्षण अभियंता (बरगी बांध, पावर जनरेशन कंपनी) को हटाकर सख्त कार्यवाही का संदेश जारी करें।)यह शिकायत आज नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने मुख्यमंत्री सचिवालय के अपर सचिव को भेजी है। मंच के डॉ. पी.जी. नाजपांडे, रजत भार्गव तथा एड. वेदप्रकाश अधौलिया ने बताया की मौसम विभाग ने लगातार सूचनायें जारी की है की इस वर्ष मानसून ब्रेक जल्दी होने वाला है।

## ओबीसी कांग्रेस ने मंडी मदार टेकरी कब्रिस्तान में वृक्षारोपण किया

**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोऑर्डिनेटर अलीम मंसूरी द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग) टीकाराम कोष्टा, डॉक्टर मोइन अंसारी के मुख्य आतिथ्थ में सामाजिक एवं व्यापारी भाइयों के सहयोग से मंडी मदार टेकरी कब्रिस्तान में मोहर्रम के नए साल के उपलक्ष्य में हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल प्रस्तुत करते हुए वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष ओबीसी विभाग पूर्व प्रदेश प्रवक्ता मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी टीकाराम कोष्टा, डॉ.मोइन अंसारी, पत्रकार हाजी मोइन खान, के मुख्य आतिथ्य में प्रदेश कोऑर्डिनेटर अलीम मंसूरी प्रदेश कांग्रेस कमेटी (ओबीसी विभाग) ,मुख्तार अहमद, मुजफ्फर कुरैशी ,महताब अली, फैजान कुरैशी महमूद मिट्ठू अशोक यादव लखन श्रीवास्तव विजय अग्रवाल अशोक चौधरी आदि कांग्रेसजनों उपस्थिती में वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ।



## डेजलिंग डीवा क्लब के प्रोग्राम में लेडीज ने दिखाया स्पार्किंग स्टाइल

**जबलपुर,देशबन्धु।** क्लब मेंबर्स ने डिफरेंट लुक क्रिएट कर बॉलीवुड का सुनहरा दौर जिया। ओल्ड इज गोल्ड का यह नजारा गेम्स, डांस परफॉर्मेंस में दिखा। डेजलिंग डीवा क्लब के तत्वावधान में रेट्रो थीम पर सेलिब्रेशन हुआ।

कार्यक्रम में क्लब मेंबर्स ने बीते ज़माने की हीरो और हीरोइनों का लुक रीक्रिएट किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिभा पाण्डे और रिया बलवानी ने चांदनी मूवी के सॉन्ग पर श्रीदेवी और ऋषि कपूर के लुक में डांस परफॉर्मेंस करके दी। इसके साथ क्लब मेंबर्स ने मुमताज, तनुजा, जीनत अमान, मधुबाला और रेखा के किरदार में नजर आया।

**बॉलीवुड हाउजी और गेम्स**-



कार्यक्रम की थीम के अनुसार ही डेकोरेशन, गेम्स और हाउजी खेले गए। रिटर्न गिफ्ट में सभी के चेहरे खिले। इस मौके पर डीवा क्लब प्रेसिडेंट प्रियंका कल्चुरि अग्रवाल, बीओडी अल्पना परिहार, कोमल अडनानी, नीतू शाह, मनीषा श्रीवास्तव, जूही दत्त, नम्रता विश्वकर्मा, गुरलीन छाबड़ा, डायरेक्टर एनि मक्कर, चेताली शाह, मेघा लाम्बा, रिचा अग्रवाल, अलका जगवानी, रिचा भामरी, अंकिता मोहबे, रितिका सदाना, विशाखा मुक्कर मौजूद थे। आयोजन में यामिनी सिंह, मंजुश्री अग्रवाल, दीपाली अग्रवाल, प्रियंका शर्मा, आरती दुबे, नीतू सलूजा, राशि देशमुख का सहयोग रहा।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्‌गति दे भगवान**

**श्री मुन्ना लाल भूमिया**- गौरीघाट मुक्तिधाम के निकट निवासी श्री मुकेश व नीतेश भूमिया के पिता श्री मुन्ना लाल भूमिया (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।



**श्री सरजू प्रसाद**- जोगी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री सरजू प्रसाद (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री महेंद्र कुमार साहू**- टिकरी टोला छुई खदान बेदीनगर निवासी श्री महेंद्र कुमार साहू (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रवि शंकर पाली**- सरकारी कुआं घमापुर निवासी श्री रवि शंकर पाली (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती तुलसा बाई दामनकर**- कजरवारा निवासी श्री प्रेमलाल दामनकर की धर्मपत्नी श्रीमती तुलसा बाई दामनकर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती निम्मा बाई लडिया**- सिद्धनगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री धनीराम लडिया की धर्मपत्नी श्रीमती निम्मा बाई लडिया (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राधेश्याम चौबे**- पुराने ग्वारीघाट रेलवे स्टेशन के पास निवासी श्री राधेश्याम चौबे (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई जाटव**- जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री दुलीचंद जाटव की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई जाटव (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती अंकिता दुबे**- नई बस्ती ग्वारीघाट पुलिस थाने के पास निवासी श्री सौरभ दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती अंकिता दुबे का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विक्रांत चौधरी**- रामहरख का बगीचा नेहरू वार्ड निवासी श्री विष्णु चौधरी के पुत्र श्री विक्रांत चौधरी (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री पूरन लाल**- मेंहदीबाग सदर निवासी श्री पूरन लाल (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# निगरानी शुदा फरार बदमाश ने पुलिसकर्मियों पर की फायरिंग

### बल्देवबाग चौक की घटना

**जबलपुर,देशबन्धु।** गढा क्षेत्र का निगरानी शुदा बदमाश अपनी गाड़ी में पेट्रोल भरवाने के लिए बल्देवबाग स्थित पंप पहुंचे था।

इस दौरान पेट्रोल भरवाने के दौरान उसका ऑटो चालक से किसी बात पर विवाद हो गया। विवाद को शांत करवाने के लिए चौक में खडा ट्रैफिक पुलिसकर्मी पहुंचा तो उसने गाड़ी में नम्बर प्लेट नहीं होने के संबंध में पूछताछ करते हुए गाड़ी के साथ अधिकारी के पास चलने के लिए कहा। बदमाश ने मोटरसाइकिल स्टार्ट करने के बाद ट्रैफिक पुलिसकर्मी पर देसी पिस्टल से फायर करते हुए फरार हो गया। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार



बल्देवबाग चौक पर रोजाना तरह ट्रैफिक पुलिस वाहनों की जांच कर रही थी।

इसी दौरान चौक में स्थित पेट्रोल पंप में विवाद होने पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी पहुॅचा। ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने देखा की युवक की यामाहा मोटर साइकिल में नंबर नहीं है। ट्रैफिक पुलिस कर्मी ने गाडी के कागजात व नम्बर नहीं होने के संबंध में पूछताछ करते हुए अधिकारी के पास चलने के लिए कहा।

युवक ने मोटरसाइकिल स्टार्ट की और थोड़ा आगे बढ़ने के बाद पास में रखी देसी पिस्टल निकालकर ट्रैफिक पुलिस कर्मी पर फायर कर दिया। गोली ट्रैफिक पुलिस कर्मी को नहीं लग पाई थी। गोली की आवाज सुनकर क्षेत्र में भगदड मच गई थी। जिसका फायदा उठाये हुए आरोपी युवक मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गया।

आरोपी युवक की पहचान गुल्लू सोनी निवासी गढ़ा के रूप में हुई है। युवक गढा थाना क्षेत्र का निगरानीशुदा बदमाश है और पुलिस को उसकी हत्या का प्रयास के अपराध में तलाश है। आरोपी युवक की सरगर्मी के साथ तलाश जारी है।

# सड़क दुर्घटना के बाद कोमा में गये व्यक्ति की उपचार दौरान मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** सात माह पहले हुए सड़क दुर्घटना में आई चोटो से कोमा में गये धीरेंद्र उर्फ धीनू पांडे की मौत हो गई। पनागर पुलिस को प्रताप वार्ड निवासी सजल कुमार पांडे ने बताया कि उसके चाचा धीरेंद्र उर्फ धीनू पांडे 27 नवंबर 2024 को सड़क दुर्घटना में घायल हो गये थे। जिनका बल्देवबाग स्थित निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। जिन्हें डिस्चार्ज कराकर घर ले आये थे, वह वेंटीलेटर पर कोमा में थे, जिनका उपचार मेडिकल अस्पताल में चल रहा था। सोमवार सुबह उसके चाचा धीरेन्द्र पांडे की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की मौत

इसी प्रकार माढ़ोताल पुलिस ने बताया कि ग्राम सूखा निवासी 56 वर्षीय मुकंदी चड़ार को बीती शाम सड़क दुर्घटना में आई चोटों पर उपचार के लिये मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां रात्रि उपचार दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

# किसान की संदिग्ध हालत में मौत, पुलिस पर मारपीट का आरोप

## बरखेड़ा क्षेत्र का मामला, वरिष्ठ अधिकारियों से की गई शिकायत

**जबलपुर,देशबन्धु।** बेलखेड़ी में रहने वाले एक युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। इस मामले में पुलिस पर पिटाई का आरोप लगा हैं। साथ ही मामले में परिजनों ने निष्पक्ष जांच की मांग की है। परिजनों ने वरिष्ठ अधिकारियों को इस संबंध में शिकायत सौंपी है।

जानकारी अनुसार बेलखेड़ी में 60 वर्षीय कल्लू बाई ने 1 जून 2025 को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इसी मामले में बेलखेड़ी निवासी 30 वर्षीय लोचन सिंह लोधी को पुलिस ने पूछताछ के लिए बुलाया था। आरोप है कि इस दौरान उसके साथ मारपीट की गई। हालत बिगड़ने पर उसे मेडिकल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई परिजनों ने जिम्मेदार पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है। हालांकि संबंधित थाना पुलिस ने आरोपों को नकार दिया है, उनका कहना है कि युवक कुछ खाकर गंभीर हालत में थाने पहुंचा था, जिसे इलाज के लिए पुलिस ने ही अस्पताल पहुंचाया। मामले की जांच में पुलिस को पता चला कि लोचन सिंह लोधी और उसका साथी प्रदीप सिंह एक महिला के घर अक्सर जाया करता था। संदेह के आधार पर पुलिस पूछताछ के लिए दोनों को लगभग रोज थाने बुला रही थी। मृतक के परिजनों का कहना है कि 5 जुलाई से पुलिस ने लोचन के साथ मारपीट शुरू कर दी। रात को जब वह घर पहुंचा तो डरा हुआ था। लोचन सिंह का मौत से पहले का एक वीडियो सामने आया है।

जिसमें उसने आरोप लगाया है कि पुलिस पूछताछ के लिए थाने बुलाती और मारपीट करती थी। 38 सेकंड का यह वीडियो मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान उसके परिजनों ने ही बनाया है। सोमवार को एसपी ऑफिस पहुंचे परिजनों ने मामले की जांच और जिम्मेदारों पर कार्यवाही की मांग की है। मृतक के भाई रूप सिंह ने बताया कि उसका भाई खेती-किसानी करता था। कल्लू बाई की मौत के मामले में पुलिस को लोचन और प्रदीप पर शक था। 1 जुलाई को पुलिस लोचन को पकड़कर थाने लाई और 4 जुलाई तक थाने में रखा और फिर छोड़ दिया। थाना प्रभारी गाजीवती पुसाम ने बताया कि मृतका के रिश्तेदारों ने बताया था कि लोचन गलत नीयत से कल्लू बाई को परेशान करता था। दो साल पहले पंचायत में शिकायत भी हुई थी। पूर्व सरपंच ने डांट भी लगाई थी। लोचन शराब पीने का आदी था। उसका विवाह नहीं हुआ था और वह मृतका के घर से 500 मीटर की दूरी पर रहता था। उन्होंने बताया कि 5 जुलाई को उसे पूछताछ के लिए थाने बुलाया था और फिर छोड़ दिया था। 6 जुलाई की दोपहर वह बाइक से थाने आया, सभी से नमस्ते किया। जब पूछा कि आज क्यों आया, तो उसने बताया कि कुछ खाकर आया है। इसके बाद थाना परिसर में उल्टी करने लगा। थानेदार ने बताया कि तबीयत बिगडने पर लोचन सिंह को बेलखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां से हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया और उसके परिजनों को सूचना दी गई।

**इनका कहना है**-मृतक लोचन के परिजनों ने एक शिकायत पत्र दिया है, जिसमें लगाए गए आरोपों की जांच कराई जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आयेंगे, उस आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

**सूर्यकांत शर्मा, एएसपी**

# बिल्डर को बदमाशों ने दी धमकी, ऑफिस में तोडफ़ोड़

## रांझी न्यू शोभापुर की घटना, प्रकरण दर्ज

**जबलपुर,देशबन्धु।** रांझी थानातंर्गत न्यू शोभापुर में कुछ बदमाशों ने एक बिल्डर से रंगदारी के रूप में पांच लाख रुपयों की डिमांड करते हुए उसके आफिस में तोडफ़ोड़ कर दी। पीड़ित बिल्डर की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस के अनुसार न्यू शोभापुर निवासी निशांत सिंह ठाकुर जमीन खरीदकर कालोनी बनाकर बेचने का काम करते है। क्षेत्र के प्रवीण रजक, देबू अन्ना उसके आफिस पहुंचे, उस वक्त वह किसी काम से भेड़ाघाट गया हुआ था। जिसके बाद प्रवीण ने निशांत को फोन पर धमकी दी कि बिल्डरशिप में वह अच्छा पैसा कमा रहा है, पांच लाख रूपये उन्हें दे और 50 हजार तत्काल दे, नहीं तो उसे गोली मार देंगे। निशांत ने जब रूपये देने से मना किया तो प्रवीण फोन में ही गाली गलौज शुरू कर दी। इसके बाद प्रवीण ने फोन काटा और देबू अन्ना के साथ मिलकर निशांत के आफिस में जमकर तोडफ़ोड़ की, जिससे उसके केबिन का कांच, टीव्ही व अन्य सामग्री क्षतिग्रस्त हो गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# महिला सहित चार गांजा तस्कर पकड़ाए

## क्राइम ब्रांच सिविल लाइन और गढ़ा पुलिस के साथ संयुक्त कार्यवाही

**जबलपुर,देशबन्धु।** क्राइम ब्रांच की टीम ने सिविल लाइन पुलिस के साथ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-एक के बाहर से तीन गांजा तस्करों को दबोचा। जिनके पास से पुलिस ने छह किलों गांजा कीमती एक लाख बीस हजार सात सौ रुपये का बरामद किया। इसी प्रकार पुलिस ने गढ़ा क्षेत्र से एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया। जिसके पास से 5 किलो 835 ग्राम गांजा कीमती एक लाख सोलह हजार सात सौ रुपये का बरामद किया। पुलिस ने चारों आरोपियों के पास से कुल 11 किलो 835 ग्राम गांजा कीमती दो लाख 37 हजार रुपये का बरामद करते हुए उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की।

सिविल लाईन टीआई अनूप नामदेव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर क्राइम ब्रांच के साथ मिलकर मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-एक के बाहर दबिश दी। जहां पार्किंग बूथ के पीछे तीन संदिग्ध युवक नजर आये, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम रूपेश कुमार रैकवार पिता कुंवर लाल रैकवार उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम उमरिया चौबे पनागर एवं तुषार जाटव पिता स्व.लल्लू जाटव उम्र 25 वर्ष निवासी सिंधी कैंप हनुमानताल तथा अभिषेक विश्वकर्मा पिता गोपाल विश्वकर्मा उम्र 19 वर्ष निवासी ज्योति नगर दुर्गा मंदिर के पास गढ़ा बताये। पुलिस ने तीनों आरोपियों के पास से छह किलों गांजा बरामद किया। जिसकी कीमत एक लाख बीस हजार सात सौ रुपये है। पुलिस ने आरोपियों से दो मोबाइल फोन भी जब्त किये है।



**11 किलों 835 ग्राम गांजा व दो मोबाइल जब्त**

### महिला तस्कर भी पुलिस के हत्थे चढ़ी

वहीं क्राईम ब्रांच की टीम ने गढ़ा पुलिस के साथ मिलकर गंगासागर तालाब के समीप दबिश दी। जहां से पुलिस ने यशोदा ठाकुर उम्र 42 वर्ष निवासी शारदा चौक शिव किराना के पीछे गढ़ा को हिरासत में लिया। जिसके पास से मिले पिट्ठू बैग से पुलिस ने पांच किलो 835 ग्राम गांजा कीमत लगभग 1 लाख 16 हजार 700 रूपये का बरामद किया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गांजे के संबंध में पूछताछ शुरु कर दी है।

# सूने मकान से लाखों का माल ले उड़े चोर

**जबलपुर,देशबन्धु।** शहपुरा के भिटौनी वार्ड में चोरों ने एक सूने मकान से लाखों के जेवरात और नगदी पार कर दी। जानकारी के मुताबिक भिटौनी वार्ड क्रमांक 9 में रहने वाले रवि झारिया के बड़े भाई 30 जून को सेवानिवृत्त हुए थे। जिसके चलते उनके भेड़ाघाट स्थित घर में रिटायरमेंट पार्टी और धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें शामिल होने के लिए रवि भी सपरिवार गए थे। कार्यक्रम के बाद शाम को जब वापस लौटे तो घर के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था। जिसे देखकर रवि और परिवार के अन्य लोगों को चोरी की शंका हुई और जैसे ही सब लोग अंदर घुसे तो पूरा घर फैला हुआ था, पेटी और अलमारी खुली पड़ी थी। जिसमें रखे करीब दो लाख रुपए नगद और लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# कट्टा लेकर घूम रहा बदमाश पकड़ाया

**जबलपुर,देशबन्धु।** बरेला की गौर चौकी पुलिस ने मंगेली रोड गोरयाघाट में घेराबंदी कर एक बदमाश को देशी कट्टे और कारतूस के साथ दबोचा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी आकाश सोधिया उम्र 21 वर्ष निवासी संतोषी माता मंदिर के पास सिद्ध बाबा लालमाटी थाना घमापुर हाल पीली बिल्डिंग तिलहरी थाना बरेला को हिरासत में लिया गया है। जिसके पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए कट्टा और मोटरसाइकिल जप्त की है।

# पांच सौ की चेंज न देने पर पम्प कर्मियों पर चाकू से जानलेवा हमला

### गोपालपुर में वारदात, आरोपी को कर्मियों ने दबोचा

**जबलपुर,देशबन्धु।** गोहलपुर थाना क्षेत्रांतर्गत प्रभु फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप में पांच सौ रुपये की चेंज न मिलने से नाराज बदमाश ने अपने साथियों के साथ पहुंचकर वहां के कर्मियों पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। कर्मियों ने घायल अवस्था में ही आरोपी को धर दबोचा तो उसके दो साथी मौके से भाग खड़े हुए। जिसके बाद आरोपी करन श्रीवास को पुलिस के सुपुर्द किया गया है।



पुलिस ने बताया कि त्रिमूर्ति नगर निवासी 47 वर्षीय सतानंद द्विवेदी ने बताया कि वह प्रभु फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप में कार्यरत है। शाम छह बजे एक युवक पांच सौ रुपये के चेंज लेने पंप के कर्मी धन सिंह लोधी के पास आया, जिसने चेंज देने से मना कर दिया। जिसके बाद आरोपी गाली गलौज करते हुए बोला कि अभी आता हूॅ, उसके कुछ देर बाद आरोपी अपने दो अन्य साथियों के साथ पहुंचा और धन सिंह के साथ मारपीट करते हुए चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे धन सिंह को बायें पैर तथा अन्य जगह गंभीर चोट आ गई। सतानंद द्विवेदी ने बीच बचाव किया तो तीनों आरोपियों ने उसके साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया, जिससे सतानंद के हाथ में भी चोट आ गई। इसके बाद कर्मियों ने साहस दिखाते हुए चाकूबाज बदमाश को धर दबोचा। जिसने पूछताछ में अपना नाम करन श्रीवास उम्र 22 वर्ष निवासी शिवनगर कोतवाली बताया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसके साथियों की तलाश शुरु कर दी है।

# नये नियम के तहत आरक्षित वर्ग को नहीं दिया जायेगा प्रमोशन

## राज्य सरकार की तरफ से पेश की गयी हाईकोर्ट में जानकारी

**जबलपुर,देशबन्धु।** नये नियम के तहत आरक्षित वर्ग को नौकरी में प्रमोशन दिये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में तीन याचिकाएं दायर की गयी थी। याचिका में कहा गया था कि नये नियम भी पूर्व के अनुसार है। नियमों में सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा पारित दिषा-निर्देषों को पालन नहीं किया गया है। हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस संजीव सक्सेना तथा जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ को सरकार की तरफ से बताया गया कि नये नियम के अनुसार पदोन्नति प्रदान करने के आदेष नहीं जारी किये जायेगे। युगलपीठ ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर याचिका पर अगली सुनवाई 15 जुलाई को निर्धारित की गयी है।

याचिकाकर्ता भोपाल निवासी वेटनरी डॉक्टर स्वाति तिवारी व अन्य सहित दायर तीन याचिकाओं में कहा गया था कि प्रमोशन में आरक्षण के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में याचिका लंबित है। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने अंतरिम आदेष में यथास्थिति के आदेष जारी किए थे। जिसके बाद प्रदेश सरकार ने संशोधित नियम 2025 के तहत प्रमोशन के आरक्षण प्रदान करने का निर्णय लिया था। इस संबंध में प्रदेश सरकार के तरफ से गजट नोटिफिकेशन भी दायर किया गया था। याचिका में कहा गया था कि नये तथा पूराने नियम एक सामान्य है । याचिका में कहा गया था कि सर्वोच्च न्यायालय ने एम नटराजन तथा जरनैल सिंह मामले में आदेष जारी किये थे कि आरक्षित वर्ग को प्रमोशन में आरक्षण तब किया जाये,जब उनके वर्ग का पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं हो। इसके अलावा उनके प्रशासन से किसी प्रकार की प्रशासनिक बाधा उत्पन्न नहीं होना चाहिये। इसके अलावा सर्वोच्च न्यायालय ने एक अन्य मामले में आदेष दिये है कि एससी एसटी वर्ग के क्रीमी लेयर वाले कर्मचारियों को प्रमोशन में आरक्षण नहीं प्रदान किया जाये। सरकार के पास आरक्षित वर्ग के कर्मचारियों के प्रतिनिधित्व का डाटा उपलब्ध नहीं है। पूरे नियम के अनुसार ही नये नियम की आड में प्रमोशन में आरक्षण प्रदान किया जा रहा है। याचिका की सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता की तरफ से अंडरटेकिंग दी गयी कि आरक्षण प्रदान करते हुए कर्मचारियों को प्रमोशन दिये जाने के आदेष प्रदेश सरकार जारी नहीं करेंगी। युगलपीठ ने प्रदेश सरकार सहित अन्य अनावेदकों को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में जवाब मांगा है। याचिकाकर्ताओं की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता आर पी सिंह तथा अधिवक्ता सुयश मोहन गुरू ने पैरवी की।




# नियम विरुद्ध संचालित अस्पतालों के मामले में स्टेटस रिपोर्ट तलब

### हाईकोर्ट में अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद

**जबलपुर,देशबन्धु** मप्र हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा है कि नियम विरुद्ध संचालित अस्पतालों के खिलाफ क्या कार्रवाई की। एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने मामले में शहर के बहुचर्चित न्यू लाइफ अस्पताल में हुए अग्निकांड की उच्च स्तरीय जांच कमेटी की रिपोर्ट पुलिस को सौंपने के निर्देश दिये हैं। युगलपीठ ने याचिकाकर्ता द्वारा प्रस्तुत प्रश्नावली के जवाब देने दो सप्ताह की मोहलत दी है।

उल्लेखनीय है कि लॉ स्टूडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की ओर से कोरोना काल के समय धड़ल्ले से खोले गये अस्पतालों के मामले में वर्ष 2022 में दायर जनहित याचिका दायर की थी। इसमें नियम विरुद्ध तरीके से निजी अस्पताल संचालन की अनुमति प्रदान किये जाने को चुनौती दी गयी थी। याचिका में कहा गया था कि नियमों को ताक में रखकर नेशनल बिल्डिंग कोड, फायर सेफ्टी के नियम, बिल्डिंग कंप्लीशन सर्टिफिकेट की अनदेखी कर, आगजनी की स्थिति में दमकल वाहन के लिये 6 मीटर खुला क्षेत्र सहित पार्किंग स्पेस की उपलब्धता देखे बगैर कई अस्पतालों को लाइसेंस जारी किये गये हैं। मामले के लंबित रहने के दौरान अगस्त 2022 में न्यू लाइफ अस्पताल में हुए अग्नि हादसे में 8 व्यक्तियों की दर्दनाक मौत हो गयी थी। आपातकालीन द्वार नहीं होने के कारण लोग बाहर तक नहीं निकल पाए। राज्य शासन द्वारा बनाई गई उच्च स्तरीय जांच समिति ने भी तत्कालीन अधिकारियों को दोषी पाया था, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। मामले में आगे हुई सुनवाई पश्चात न्यायालय ने स्टेटस रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिये है।

## आवेदक के दावे पर लो उचित निर्णय

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने डीएफओ पन्ना को याचिकाकर्ता वन कर्मी के स्थानांतरण संबंधी अभ्यावेदन पर विचार कर उचित निर्णय पारित करने के निर्देश दिये। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने इसके लिए 30 दिन की मोहलत दी है। पन्ना निवासी चंद्रकांत झारिया की ओर से अधिवक्ता सुशील मिश्रा व कंचन मिश्रा पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता वन रेंज धरमपुर उत्तरी वन प्रभाग पन्ना में रेंज क्लर्क के रूप में पदस्थ है। याचिकाकर्ता ने यहां 22 अप्रैल 2023 में कार्यभार ग्रहण किया था। याचिकाकर्ता को सामान्य कार्यकाल पूरा करने से पहले ही 10 जून 2025 को धरमपुरा से पन्ना टाइगर रिजर्व पन्ना स्थानांतरित कर दिया गया है। याचिकाकर्ता ने 11 जून को डीएफओ को अभ्यावेदन दिया था, लेकिन उस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। जिस पर न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

# डेंगू व अन्य गंभीर बीमारियों के मामले में कोर्ट सख्त

### हाईकोर्ट ने फ्रेश स्टेट्स रिपोर्ट की तलब

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने राज्य सरकार और नगरीय निकायों को डेंगू व अन्य बीमारियों की रोकथाम के संबंध में फ्रेश स्टेटस रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिये हैं।

जबलपुर के सौरभ शर्मा, विजय बजाज, नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच द्वारा दायर जनहित याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी ने दलील दी कि नगर निगम की लापरवाही के चलते शहर का सीवेज सिस्टम पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। पिछले 17 सालों में भी सीवेज सिस्टम पूरा नहीं हुआ है। इसके चलते हर साल खासतौर पर वर्षाकाल के दौरान डेंगू, चिकनगुनिया व अन्य बीमारियां बढ़ जाती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे प्रदेश में डेंगू फैल रहा है और हर दिन अस्पतालों में मरीज बढ़ रहे हैं। जबलपुर में ही सरकारी और प्राइवेट अस्पताल खचाखच भरे हुए हैं। सरकार की ओर से बताया गया कि पूर्व निर्देश के पालन में 2024 में रिपोर्ट पेश की गई थी। उसमें बताया गया था कि एंटी डेंगू दवा और अन्य दवाओं के छिडक़ाव के लिए टेंडर आवंटित कर दिये गये हैं। मामले में आगे हुई सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

# दो असहाय व निराश्रित वृद्ध महिलाओं का पुनर्वास कराया

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने शहर में दो असहायत व निराश्रित वृद्ध महिलाओं से संबधित समाचार पर संज्ञान लिया। इसी के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरा को कार्रवाई के निर्देश दिये है। जिसके बाद खमरिया व पनागर थाना के बीच ग्राम घाना के वन क्षेत्र में खाट व पन्नी से बने अस्थायी निवासी में रहने की जानकारी मिली। दूसरी वृद्धा क्यू टाइप खमरिया बाजार के समीप पन्नी से निर्मित टपरी में निवास कर रही थी। दोनों असहाय निराश्रित वृद्धाएं बिना छत के बरसात में भीगती हुई अपना जीवन-यापन कर रही थीं। जिला विधिक सेवा प्रारिकरण की सचिव शक्ति वर्मा ने बलिराम रजक पूर्व सरपंच घाना व राजेश अहिरवार एएसआई खमिरिया थाना, बाल कल्याण अधिकारी से संपर्क साधा। इस तरह पहली असहाय वृद्धा धनमत ग्वाल उर्फ मुन्नी पति सुखलाल, जो कि बिलासपुर की निवासी है, का वन क्षेत्र चकरघटा घाना हनुमान मंदिर के बाजू में पुनर्वास किया। दूसरी असहाय वृद्धा, जिसका नाम हल्की बाई है, कुंडम की रहने वाली है। उसका क्यू टाईप खमरिया बाजार के सामने से पुनर्वास किया गया। पहले दोनों असहाय वृद्धाओं को निराश्रित वृद्धाश्रम, मेडिकल रोड ले जाया गया। जहां पर मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अतिरिक्त सचिव अरविन्द श्रीवास्तव की उपस्थिति में दोनों वृद्धाओं के पुनर्वास का निर्धारण किया गया। इस दौरान अनुज शर्मा, हाउस मास्टर, बाल सम्प्रेक्षण गृह, गोकलपुर व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय के कार्यालयीन स्टाफ अमर कुमार बर्मन, अजय महोबिया व अविनाश कुमार चौधरी उपस्थित रहे।

# घर में घुसकर नाबालिग के साथ रेप


### भेड़ाघाट के सहजपुर का मामला, आरोपी की तलाश

**जबलपुर,देशबन्धु।** भेड़ाघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सहजपुर में एक बारह वर्षीय नाबालिगा के साथ गांव के ही एक युवक ने दुष्कर्म किया। वारदात को उस वक्त अंजाम दिया गया, जब पीड़िता अपने घर पर अकेली थी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की सरगर्मी से तलाश शुरु कर दी है।

पुलिस से जानकारी अनुसार सहजपुर निवासी 12 वर्षीय पीड़िता जब अपने घर पर अकेली थी, उसी समय गांव का एक युवक पहुंचा और नाबालिगा के साथ जोर जबरदस्ती करने लगा। पीड़िता के चीखने चिल्लाने पर आरोपी ने उसे डरा धमका-कर चुप करा दिया और दुष्कर्म करने के बाद किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। डरी-सहमी पीड़िता के परिजन जब घर पहुंचे तो उसने अपनी आपबीती उन्हें बतायी। जिसके बाद मामले की शिकायत पर पुलिस में दर्ज कराई गई।

## नगर में गहराया जल संकट, तीन दिन से लोगों को नहीं मिल पा रहा पानी

**बरेला, देशबन्धु।** भरी बरसात, घोंघा प्यासा की कहावत को चरितार्थ करते हुए जहां वर्तमान में तीन-चार दिन से अनवरत बारिश हो रही है, नदी नाले उफान पर हैं तथा गली कूचों में जगह-जगह पानी भरा हुआ है तो वहीं दूसरी ओर नगर में विगत तीन-चार दिन से नगर के आधे हिस्से में जल आपूर्ति ठप है इसके कारण लोगों के सामने पेयजल संकट खड़ा हो गया है।



स्थानीय नागरिक गुड्डी देवी ने बताया है कि नगर परिषद द्वारा विगत तीन-चार दिन से पानी की सप्लाई नहीं की जा रही है तथा पानी की टंकी भी लोड नहीं की जा रही है इसके कारण उनके घरों के नलों में पानी नहीं आ रहा है इसके कारण उन्हें भर बरसात में जल संकट से जूझना पड़ रहा है। बताया जाता है कि नगर के आधे हिस्से में पानी की टंकी लोड कर सप्लाई की जाती है किंतु विगत तीन दिन से टंकी लोड ना होने के कारण लोगों को जल संकट से जूझना पड़ रहा है। इसी प्रकार वार्ड नंबर 10 स्थित ट्यूबवेल भी में भी विगत अनेक दिनों से हवा फेंक रहा है इसके कारण लोगों को जलापूर्ति चालू होने के पश्चात भी पानी नहीं मिल पा रहा है स्थानीय निवासी रश्मि सोनी ने बताया कि उनके यहां भी नलों में ठीक तरह से पानी नहीं आ रहा है बताया जाता है कि फिल्टर प्लांट के पास स्थित ट्रांसफार्मर विगत 3 दिन से बिगड़ पड़ा है जिसकी वजह से लोगों को समस्या से जूझना पड़ रहा है उधर विद्युत मंडल द्वारा ट्रांसफार्मर रखने में आजकल आजकल किया जा रहा है इसके चलते लोगों को इस समस्या से जूझना पड़ रहा है इस संबंध में सीएमओ संजय पांडे का कहना है कि ट्रांसफार्मर बदल जाने पर जलापूर्ति बहाल हो जावेगी तथा वार्ड नंबर 10 स्थित ट्यूबवेल में भी नई मोटर डाली जा रही है।

## एम्बुलेंस ट्रॉला से टकराई जच्चा-बच्चा की मौत

**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना जिले के अमानगंज थाना अंतर्गत ग्राम पिपरवाह के पास स्थित पेट्रोल पंप पर एंबुलेंस द्वारा ट्रॉला में टक्कर मार दी गई जिसमें गर्भवती महिला तथा उसके बच्चे की मौत हो गई तथा आधा दर्जन महिलाएं बुरी तरह घायल हो गई है जानकारी के अनुसार सिमरिया थाना अंतर्गत ग्राम पड़वार निवासी विनोद प्रजापति अपनी पत्नी प्रियंका प्रजापति जो गर्भवती थी उसे लेकर एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय पन्ना ला रहा था इस दौरान एंबुलेंस द्वारा पिपरवाह के पास जेके सीमेंट कंपनी का ट्राला खड़ा हुआ था उसमें पीछे से टक्कर मार दी टक्कर बहुत भयानक थी जिसमें सभी सवार बुरी तरह घायल हो गए चालक द्वारा दूसरी एंबुलेंस बुलाई गई जिससे घायल जिला चिकित्सालय पन्ना पहुंचे जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों द्वारा देखा गया तथा गर्भवती प्रियंका प्रजापति एवं उसके बच्चे को मृत्यु घोषित कर दिया घायलों में विनोद प्रजापति ममता प्रजापति सोमवती गलाबाई चमेली बाई तथा आशा कार्यकर्ता भी घायल हुई है जिनका इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है दुखद घटना से पड़वार ग्राम में शोक का माहौल कायम है।

## जिला सहकारी बैंक में ग्राहकों के बैठने की सुविधा नहीं, खड़े रहकर निपटाते हैं काम

### कुर्सियों का अभाव

**पाटन, देशबन्धु।** नगर के जिला सहकारी बैंक में इन दिनों किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने एवं केसीसी में पैसा जमा कराने खाता धारकों की भीड़ उमड़ रही है,लेकिन ब्रांच में खाता धारकों को बैठने के कोई इंतजाम नहीं है।

जब भी बैंक में अत्यधिक भीड़ होती है ऐसी स्थिति में बैंक के अंदर ग्राहकों को अपना काम करवाने खड़े खड़े अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। और बहुत सारे ग्राहक तो बैंक के बाहर खड़े होने को मजबूर हैं। बताया जा रहा है कि खाता धारकों को बैंक के अंदर बैठने लगाई गई कुर्सी पर बैंक का काम करवाने वाले दलाल बैठे दिखाई पड़ते हैं। जिसकी वजह से किसानों को अपने व्यापारिक लेन-देन खड़े खड़े ही करना पड़ रहे हैं।




**इनका कहना**

जब इस संबंध में जिला सहकारी बैंक पाटन के शाखा प्रबंधक से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी मूंग के रजिस्ट्रेशन हो रहे है, इसलिए बैंक में भीड़ हर समय बनी रहती हैं। आपके द्वारा उक्त मामला मेरे संज्ञान में आया है। मैं कल ही किसानों को बैठने के लिए अतिरिक्त कुर्सियों की व्यवस्था करवाता हूं।

**आनंद यादव,**
शाखा प्रबंधक जिला सहकारी बैंक पाटन

### सार-समाचार



## स्कूल फीस के लिए छात्रा को किया अपमानित

### परिजनों ने कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार

**पाटन, देशबन्धु।** नगर के मिसपा मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल में अध्ययन करने वाली छात्रा की फीस जमा नहीं होने की वजह से स्कूल प्रबंधन के द्वारा छात्रा को अपमानित कर उसके माता पिता के साथ भी अभद्रता करने का मामला सामने आया है। छात्रा महिमा शाक्य ने मिसपा मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधक एवं प्राचार्य पर मनमानी का आरोप लगाया है। आगे उन्होंने बताया कि वह 10 वीं कक्षा में पढ़ती है। उसके पिता मनीष शाक्य मजदूरी करते है। और किश्तों में मेरी फीस जमा करते रहे हैं। लेकिन वर्तमान में उनका काम नहीं चल रहा है जिस वजह से फीस जमा करने में देरी हुई। पिता के द्वारा स्कूल प्रबंधन से फीस जमा करने हेतु कुछ समय मांगा गया,इसी बात को लेकर स्कूल प्रबंधक और प्राचार्य ने उसके पिता को अपमानित करते हुए कहा कि मजदूरी करते हो तो मेरे स्कूल में बच्चों को क्यों पढ़ाते हो और छात्रा को स्कूल से बाहर निकाल दिया। जिसकी लिखित शिकायत छात्रा के द्वारा कलेक्टर दीपक सक्सेना से की गई है।

## कोटवार संघ मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**कुंडम, देशबन्धु।** कोटवार संघ जिला अध्यक्ष नरेश दहिया ने अपने कोटवार संघ के द्वारा तहसीलदार दीपक पटेल कुंडम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा और कोटवारों की मांग 10 बिंदुओं पर है कोटवार संघ का कहना है कि हमारे मध्य प्रदेश में 38000 कोटवारों की सेवाएं चल रही हैं जिसमें कोटवार संघ बहुत परेशान हैं सरकार हमारी ओर ध्यान देवें कोटवारों की आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है और इससे कम वेतनमान के कारण परिवार चलाना कठिन हो गया है और हमारी मांग है की वर्दी का पैसा हमारे खाते



पर आए और हम अपने अनुसार वर्दी को अच्छे से सिल्वा कर पहनेगी जाएगी और जो शासकीय भूमि है उसमें मलकाना कोटवारों का होना चाहिए और हमारी बेतान मान बढ़कर मिलना चाहिए कोटवार की सेवा काल में मृत्यु होने पर 10 लाख रुपए की अनुग्रह सहायता राशि कोटवार परिवार के सदस्यों को अनिवार्य रूप से देना चाहिए और चतुर्थी श्रेणी पर अनुकंपा नियुक्ति भी किया जाना चाहिए इन्हीं मांगों को लेकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी को खबर के माध्यम से जानकारी में देते हुए कोटवार समिति ने निवेदन किया है इस अवसर पर नरेश दहिया कोटवार संघ जिला अध्यक्ष जबलपुर अमर सिंह तहसील अध्यक्ष अंबिका प्रसाद झारिया ओंकार सिंह प्रधान देवेंद्र सिंह प्रधान राममिलन कुसुम बहन छोटी बाई झरिया सुनीता बाई और हल्की बाई सहित समस्त कोटवार गण उपस्थित रहे।

## अत्याधिक अघोषित बिजली कटौती के विरुद्ध व्यापारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

**बरेला, देशबन्धु।** विगत अनेक दिनों से बरेला नगर में दिन में अनेक बार होने वाली अघोषित विद्युत कटौती के चलते जहाँ एक ओर व्यापार ठप्प हो रहा है वहीं पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है आटा चक्कियाँ बन्द पड़ी हैं जिससे समीपवर्ती ग्रामों से गेहूँ आदि पिसाई कराने लोग परेशान हैं वहीं विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है विद्युत मण्डल और नगरपरिषद की अनदेखी के कारण



जनजीवन अस्त-व्यस्त है जिसके सुधार हेतु पूर्व में भी विद्युत मण्डल को ज्ञापन सौंपा जा चुका है इसी समस्या के चलते व्यापारी संघ के अध्यक्ष आशीष जैन, अमिताभ नामदेव ,मुकेश साहू, दिनेश सोनी ने एक सप्ताह में निराकरण न होने की दशा में वृहद आंदोलन की चेतावनी देते हुए संरक्षक गोपाल के सरवानी, अरविन्द तिवारी, कैलाश केसरवानी राकेश जैन, मोनेश साहू, रजनीश जैन, समर पटैल, गोलू पटैल, संदीप साहू सहित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की उपस्थिति में सब इंजीनियर को ज्ञापन सौंपा गया।

## इटावा की घटना को लेकर ओबीसी महासभा एवं यादव महासभा ने सौंपा ज्ञापन

**पनागर, देशबन्धु।** इटावा की घटना को लेकर ओबीसी महासभा एवं यादव महासभा ने संयुक्त ज्ञापन सोपा पनागर उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के दादरपुर गांव में कथावाचक श्री मुकुट मणि यादव एवं साथियों के साथ कथा करने पर ब्रहाण समाज के लोगों द्वारा जाति के आधार पर अमानवीय कृत्य कर उनके साथ मारपीट कर के बाल मुडवाए गए एवं ब्राह्मण स्त्री के मूत्र से उनका शुद्धिकरण किया गया यह कृत्य देश में जातिय वर्ग के बीच में अशांति फैलाने का काम किया गया है जिससे पूरे ओबीसी वर्ग एवं यादव समाज के अंदर आक्रोश फैला हुआ है इसी आक्रोश को लेकर अखिल भारतीय ओबीसी महासभा एवं यादव महासभा के संयुक्त तत्वाधान में माननीय महामहिम राष्ट्रपति जी एवं प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार पनागर को सौंपा गया।

जिसमें ऐसे अमानवीय व्यवहार करने वाले लोगों के ऊपर देशद्रोह की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया जाए एवं कार्यवाही की जाए ज्ञात होवे की इसी प्रकार के अमानवीयकृत्य बिगत दिनो जबलपुर जिले के पनागर की




कथा बाचिका देवकी पटेल एवं छत्तीसगढ़ में चांदनी साहू के साथ भी किया गया था जो निंदनीय है इस अवसर पर ओबीसी महासभा प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट इंद्र कुमार पटेल यादव महासभा संभाग अध्यक्ष विजय यादव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल ओबीसी के बैजनाथ कुशवाहा घनश्याम यादव दिलीप पटेल ब्लॉक अध्यक्ष दीपक यादव रणजीत सिंह यादव नोखेलाल प्रजापति प्रमोद पटेल पार्षद सूरज साहू राकेश यादव बबलू पटेल राजेश यादव बाइ पी यादव राजू यादव अशोक पटेल सुरेश पटेल माणकवारा नरेंद्र कुमार रक्कू सतीश यादव मनीष यादव दिलीप रजक अभिषेक यादव गुड्डू यादव आदि सैकड़ों ओबीसी पदाधिकारी एवं यादव महासभा के लोग उपस्थित थे।

## नगर में निकला ताजिये का जुलूस दिखा मोहब्बतें हुसैन का सैलाब



**पाटन, देशबन्धु।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगह पर मोहर्रम को लेकर ताजिया जुलूस निकाले जा रहे हैं.इस बीच खबर पाटन से है जहां झंडा चौक मैदान में नगर के जनप्रतिधि और पार्षदगढ़ मोहर्रम के जुलूस में शामिल होने पहुंचे। इस दौरान लोगों की भारी भीड़ जुटी। झंडा चौक मैदान पर एक भावुक और सांप्रदायिक सौहार्द से भरा दृश्य देखने को मिला। नगर वासियों ने बड़े ही श्रद्धा भाव से ताजिया के सामने माथा टेका और प्रसाद ग्रहण किया,जलूस में मौजूद सभी लोगों को मोहर्रम की मुबारकबाद दी।

मोहर्रम का जुलूस झंडा चौक से शुरू होकर चौधरी मोहल्ला होते हुए बस स्टेंड पहुंचा और वहां से कुछ ताजिया की सवारी हिरण नदी की ओर गए। वार्ड न 12 से पार्षद शेख अमजद ने बताया कि मुस्लिम समुदाय के मोहर्रम जुलूस में विद्युत विभाग,नगर परिषद,राजस्व विभाग,पुलिस विभाग ने चाक चौबंद व्यवस्था की थी जिसके लिए में शासन प्रशासन को धन्यवाद देता हूं। इस दौरान हजरत अब्दुल,वाहिद हजरत, रमजान खान,अब्दुल समद हाजी जी,शेख इकबाल 47 नंबर बड़ी,मोहम्मद जावेद, शेख इजराइल,शेख अहमद शेख मुईनुद्दीन सहित विशिष्ट अतिथि निकाय अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह,पूर्व अध्यक्ष संजय गुरु उपाध्यक्ष, मुन्नू यादव,पार्षद गजेंद्र सिंह गज्जू काका,महेंद्र सिंह, राघवेंद्र यादव,दीपक जैन,सत्यम मेहरा सहित तहसीलदार दिलीप हनवत,थाना प्रभारी गोपेन्द्र सिंह राजपूत,पटवारी दिनेश कोरी,पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

## महक ने सीए परीक्षा उत्तीर्ण कर बढाया नगर का गौरव

**गोसलपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय असाटी समाज महासभा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष श्री प्रहलाद असाटी (सिहोरा वाले) एवं श्रीमति मीना असाटी की सुपुत्री कु. महक असाटी ने सी ए की परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार व नगर का गौरव बढ़ाया हैं महक की इस सफलता से परिवार में उत्साह का वातावरण है महक नगर के प्रतिष्ठित व्यवसाई विनोद राजेश असाटी की भतीजी एवं प्रगुण,रोहन, वेदांत, सुयश असाटी की बहन हैं। महक की इस सफलता पर असाटी समाज के सुनील असाटी मंचू किशन लाल असाटी डॉ. प्रकाश असाटी विनय असाटी डॉ. सुनील असाटी हेमचंद असाटी ने बधाई प्रेषित की है।





## कृषि उपज मंडी परिसर में भरा पानी

**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** शहपुरा नगर के सब्जी बाज़ार के सामने कृषि उपज मंडी समिति के मंडी प्रांगण में लगभग एक फीट पानी भर गया है। लोगों को पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। वर्तमान में खाद बीज के कारण किसानों की समस्या का का समाधान नहीं हुआ, साथ मूंग उरदा के रजिस्ट्रेशन के कारण किसान परेशान हैं। कृषि उपज में किसान धान की फसल को रोपाई को लेकर परेशान हैं। किसानों की परेशानी का समाधान प्रशासन जल्द निकालने का प्रयास करे। निटवतीय क्षेत्र में किसान की उर्वरक उरदा ख़रीदी केन्द्र बनाया जाए, ऐसी अपेक्षा की जा रही है।

## आज गिरफ्तारी देंगे कांग्रेसी, प्रदेश अध्यक्ष पटवारी के खिलाफ एफआईआर का विरोध

**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश की जनविरोधी मोहन यादव सरकार आज न्याय की आवाज को दबाने के लिए, झूठ और दमन का सहारा ले रही है। हमारे मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज कर, सत्य और संघर्ष की आवाज को कुचलने का कुत्सित प्रयास किया गया है, लेकिन याद रखिए अन्याय जब सिर उठाता है, तो सत्याग्रह ही उसका सबसे बड़ा उत्तर होता है। मंगलवार 08 जुलाई को दोपहर 12 बजे, अशोकनगर में हजारों की संख्या में कांग्रेसजन गिरफ्तारी देकर सरकार के झूठे मुकदमों और अत्याचार के विरुद्ध सत्य की हुंकार भरेंगे। आप सभी जबलपुर कांग्रेस परिवार के साथियों से आग्रह है कि बड़ी संख्या में अशोकनगर में पहुँचें और यह दिखा दें कि सत्य को जितना भी दबाओ, वह और बुलंद होकर सामने आता है। आइए, इतनी बड़ी संख्या में चलें कि जेल की हदें छोटी पड़ जाएं, और आवाज इतनी बुलंद हो कि अन्याय के कान के परदे फट जाएं।

## ई अटेंडेंस, अतिशेष, क्रमोन्नति, शिक्षा कार्य के अतिरिक्त अन्य कार्य से परेशान ज्ञानदाता

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय ने बताया है कि ई अटेंडेंस, अतिशेष, क्रमोन्नति, शिक्षा कार्य के अतिरिक्त अन्य कार्यों से ज्ञानदाता परेशान है।

शिक्षक जहां अलग अलग आदेशों से जूझ रहा है वहीं अपने ही अधिकारों के लिए परेशान हो रहे है, भविष्य निधि,क्रमोन्नति वेतन मान, अर्जित अवकाश, सेवा निवृत होने पर पेंशन प्रकरणों के लिए जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालयों के अनेकों चक्कर लगाने पड़ते है। पदोन्नति प्राप्त अध्यापकों को द्वितीय क्रमोन्नति प्रदाय करने हेतु संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग द्वारा आयुक्त लोक शिक्षण भोपाल मार्गदर्शन के लिए पत्र भेजे गए है लेकिन आयुक्त लोक शिक्षण मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आज भी मार्ग दर्शन प्रदान नहीं किया गया है जिससे जिले में अनेक शिक्षकों को क्रमोन्नति का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

अफसर भी मार्गदर्शन ना आने की बात कह कर क्रमोन्नति का लाभ नहीं दे रहे। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जबलपुर जिला शाखा अध्यक्ष अटल उपाध्याय, जिला सचिव देवेंद्र पचौरी, जिला कोषा अध्यक्ष आलोक अग्निहोत्री, बृजेश मिश्रा, अजय सिंह, रजनीश पांडेय,अर्जुन सोमवंशी , अमित पचौरी, मंसूर बेग, बीरेंद्र चंदेल, रवि बांगड़ , ने शिक्षकों की समस्याओं के निदान के आदेश जारी करने , ग्रामीण क्षेत्र में इंटरनेट कनेक्शन न होने , बिजली व्यवस्था न होने, एप पूरी तरह उपलब्ध ना होने के कारण शिक्षकों को ई अटेंडेंस से मुक्त रखना न्याय संगत है, शिक्षक की अतिशेष एवं शिक्षकीय कार्य के अतिरिक्त अन्य कार्य न कराए जाने की मांग के साथ समस्त समस्याओं के निराकरण की मांग की है।

## ई अटेंडेंस के विरोध में ज्ञापन आज

**सिहोरा, देशबन्धु।** ई अटेंडेंस योजना को एक साथ समस्त शासकीय कर्मचारियों के लिए लागू करने की मांग को लेकर राज्य शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर जिले के शिक्षक कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।यह ज्ञापन कार्यक्रम आज शाम 4:30 बजे कलेक्ट्रेट जबलपुर में किया जावेगा।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संघ के जिला अध्यक्ष नरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि इससे पूर्व ब्लॉक स्तर पर ज्ञापन प्रदर्शन कर माननीय मुख्यमंत्री से निवेदन किया गया था संघ के दूसरे चरण में आज जिला स्तर पर ज्ञापन सोपा जाएगा।संघ ने सभी शिक्षकों से शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट जबलपुर पहुंचने का आह्वान किया है।

## श्री गहोई वैश्य महिला मंडल का शपथ ग्रहण आयोजित



**सिहोरा, देशबन्धु।** सिहोरा के श्री गहोई वैश्य महिला मण्डल के चुने गए नए प्रतिनिधियों के शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन गहोई वैश्य महिला मंडल के तत्वावधान में गहोई वैश्य पंचायत के पूर्व अध्यक्ष गिरधर सरावगी के चुनाव अधिकारी के रूप में उपस्थित के साथ संपन्न हुआ जिसमें मंडल की अध्यक्ष रीता नोगरहिया,सचिव मोनिका गुप्ता,कोषाध्यक्ष सुनीता कनकने के साथ साथ महिला मंडल के नए पदाधिकारियों ने शपथ ली इस दौरान समाज के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता द्वारा सभी पदाधिकारियों को बधाई दी इस कार्यक्रम सुधीर नोगरहिया,अनिल कनकने, गोविंद पहारिया,विपिन नोगरहिया,ममता नोगरहिया सहित समाज के सभी लोगों ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी।

## धीरेंद्र पांडे धीनू निधन



**पनागर, देशबन्धु।** प्रताप वार्ड निवासी धीरेंद्र पांडे (धीनू)का 52 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आप मुकेश पांडे, सुरेश पांडे (बच्चू) भैया, शशिकांत पांडे (मुन्ना) मुड़िया (सरपंच), चंदू पांडे चंद्रमौली बाबा जी के छोटे भाई वेद पांडे के पिता थे। अंतिम संस्कार बलेहा तालाब रेलवे लाइन के पास शमशान घाट में किया गया।

## अब्राहम अकॉर्ड वाले दांव से टूट रहा फिलिस्तीन! बड़ा गुट बोला- हम इजरायल संग जाने को तैयार

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार अब्राहम अकॉर्ड की बात कर रहे हैं। इसके जरिए इजरायल को इस्लामिक देशों से ही मान्यता दिलाने की कोशिश है। 2020 में संयुक्त अरब अमीरात, सूडान, बहरीन और मोरक्को ने इजरायल के साथ अब्राहम अकॉर्ड पर साइन किए थे। अब चर्चा है कि सीरिया और लेबनान भी इसका हिस्सा बन सकते हैं। यही नहीं इस बीच फिलिस्तीन के भी एक बड़े गुट ने कहा है कि हम इजरायल के साथ अब्राहम अकॉर्ड में जाने के लिए तैयार हैं। यह गुट है, शेख वादी अल जाबारी के नेतृत्व वाला हेब्रोन गुट। जाबारी को अबू सनद के नाम से भी जाना जाता है। जाबारी का कहना है कि हम शांति के साथ रहना चाहते हैं। येरूशलम से दक्षिण में स्थित हेब्रोन शहर के सबसे प्रभावशाली गुट का नेतृत्व करने वाले जाबारी गुट का कहना है कि वह इजरायल के साथ शांतिपूर्ण ढंग से रहना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हम सह-अस्तित्व चाहते हैं। जाबारी ने कहा कि हम नहीं चाहते कि दोनों तरफ से एक-दूसरे को खत्म करने की कसमें खाई जाएं। फिलिस्तीन का हेब्रोन दूसरा सबसे बड़ा शहर है, जबकि सबसे बड़ी आबादी वाला इलाका गाजा है।

# चीन को अपना पोर्ट लीज पर देकर पछता रहा आस्ट्रेलिया

**मेलबर्न/बीजिंगरू।** चीन को अपना बंदरगाह 99 साल के लिए लीज पर देकर ऑस्ट्रेलिया अब पछता रहा है। ऐसे में खुद वहां के पीएम एंथनी अल्बनीज आगामी सप्ताह अपनी दूसरी आधिकारिक यात्रा पर चीन पहुंचने वाले हैं। बताया जा रहा है कि यह दौरा सामान्य कूटनीतिक शिष्टाचार से कहीं आगे निकलने वाला है। सूत्रों के अनुसार, अल्बनीज की सबसे बड़ी चुनौती देश के महत्वपूर्ण डार्विन पोर्ट को लेकर चीन को भरोसे में लेना होगा, क्योंकि इस वक्त ऑस्ट्रेलिया के लिए यह बंदरगाह राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा बन गया है। अल्बनीज ने इसे चुनावी मुद्दा भी बनाया था।

ऑस्ट्रेलिया को डर है कि पोर्ट पर लीज को रद्द करवाने से चीन और उसके व्यापार पर असर पड़ सकता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि चीन ऑस्ट्रेलिया का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। साल 2024 में दोनों देशों में कुल व्यापार 312 बिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर रहा। ऐसे में अब देखने वाली बात होगी कि क्या चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ऑस्ट्रेलियाई पीएम की बात पर गौर करते हैं या नहीं? यह भी सवाल है कि क्या पोर्ट को लेकर चीन और ऑस्ट्रेलिया में व्यापारिक तनाव देखने को मिलेगा?

**यात्रा का एजेंडा क्या है?**- अल्बनीज 15 जुलाई के आसपास बीजिंग पहुंचेंगे। वह चाइना इंटरनेशनल सप्लाई चेन एक्सपो में भाग लेंगे, जो 16-20 जुलाई के बीच होना है। अल्बनीज की यात्रा का उद्देश्य व्यापार और निवेश को स्थिर बनाए रखना है, लेकिन डार्विन पोर्ट पर विवाद सबसे संवेदनशील मुद्दा रहेगा।

**डार्विन पोर्ट को लेकर विवाद क्यों है?**- दरअसल, चीन की लैंडब्रिज ग्रुप ने 2015 में 99 साल की लीज पर ऑस्ट्रेलिया से डार्विन पोर्ट का अधिकार लिया था। यह कंपनी चीन से संचालित होती है और इसे सरकार-समर्थित माना जाता है। डार्विन पोर्ट ऑस्ट्रेलिया का सैन्य दृष्टिकोण से संवेदनशील इलाका है। अमेरिका के सैनिक भी यहां मौजूद



रहते हैं। चीन के पास इतने लंबे समय तक पोर्ट का नियंत्रण होना ऑस्ट्रेलिया और उसके साझेदारों के लिए सुरक्षा जोखिम हो सकता है।

**राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा**- यही वजह है कि अल्बनीज ने अपने चुनाव प्रचार में इसे राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला बताते हुए पोर्ट को वापस खरीदने की बात कही थी। मामले में चीन के राजदूत शियाओ कियान ने इस प्रतिक्रिया को राजनीतिक और अनुचित बताया है। ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी क्षेत्र में स्थित डार्विन पोर्ट एक रणनीतिक रूप से अहम बंदरगाह है, जहां से रक्षा, व्यापार और समुद्री गतिविधियाँ संचालित होती हैं। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू साउथ वेल्स के प्रोफेसर झोउ वेइहुआन का कहना है, सुरक्षा के नाम पर लिए गए फैसले तथ्यों पर आधारित हों, न कि केवल राजनीतिक संदेह पर। वहीं, मेलबर्न में विशेषज्ञ माइकल फेलर के मुताबिक, अल्बनीज़ चाहेंगे कि चीन पोर्ट से डिवेस्टमेंट को स्वीकार करे, लेकिन इससे दोनों देशों के आर्थिक रिश्तों पर कोई बड़ा असर न पड़े।

# कौन हैं वैभव तनेजा? एलन मस्क ने अपनी 'अमेरिका पार्टी' में दी अहम जिम्मेदारी



**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे चर्चित अरबपति और टेस्ला के मालिक एलन मस्क ने जब डोनाल्ड ट्रंप से भिड़ने के बाद अपनी नई राजनीतिक पार्टी 'अमेरिका पार्टी' की घोषणा की, तब सबकी नजरें उनके अगले कदम पर टिकी थीं।

अब मस्क ने इस पार्टी के लिए भारतीय मूल के वैभव तनेजा को पार्टी में अहम जिम्मेदारी दी है। वैभव तनेजा टेस्ला कंपनी के सीएफओ भी हैं। वैभव की मस्क की पार्टी में कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्ति 4 जुलाई को अमेरिकी फेडरल इलेक्शन कमीशन में दर्ज की गई। एलन मस्क ने नई पार्टी की घोषणा ट्रंप के बिग ब्यूटीफुल कानून के विरोध में शुरू की है। मस्क का आरोप है कि ट्रंप सरकार का यह नया कानून सिर्फ अमीरों की जेब भरेगा, जबकि इससे मध्यमवर्गीय और गरीब तबके के अमेरिकियों को नुकसान होगा। मस्क ने नई पार्टी को अमेरिका के मध्यमवर्गीय लोगों के लिए समर्पित किया है।

**कौन हैं वैभव तनेजा?**- वैभव तनेजा वर्तमान में टेस्ला के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर हैं। उन्होंने 2017 में टेस्ला जॉइन किया और 2023 में ष्टस्नह्र बने। इससे पहले वे कंपनी के चीफ अकाउंटिंग ऑफिसर रह चुके हैं। वैभव मूल रूप से भारत से हैं। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से पढ़ाई की और चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत (प्राइसवाटरहाउस कूपर्स) से की थी। इसके बाद वे सोलरसिटी कंपनी में शामिल हुए, जिसे बाद में टेस्ला ने खरीद लिया।

**वैभव तनेजा की नई जिम्मेदारी**- बतौर कोषाध्यक्ष तनेजा पार्टी की वित्तीय पारदर्शिता, डोनेशन मैनेजमेंट और कानूनी अनुपालन की देखरेख करेंगे। वह पार्टी के अभियान खर्च, चुनावी चंदे और स्नश्वष्ट रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदार होंगे।

**2026 के मिडटर्म चुनावों में मस्क की एंट्री**- इसी महीने एलन मस्क ने अमेरिका पार्टी नाम से नए राजनीतिक दल का ऐलान किया है। मस्क इस दल को बनाने के पीछे की वजह ट्रंप के बिग ब्यूटीफुल कानून का विरोध बता चुके हैं। पार्टी खुद को दो पारंपरिक दलों - रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स - से अलग बताती है।

पार्टी का फोकस अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, इनोवेशन को बढ़ावा और कम सरकारी दखल शामिल है। 2026 के मिडटर्म चुनावों से पहले एलन मस्क का यह कदम अमेरिकी राजनीति में नए विकल्प के रूप में देखा जा रहा है।

## आज का इतिहास

1776- अमेरिका में कर्नल जॉन निक्सन ने स्वतंत्रता की घोषणा को पहली बार सार्वजनिक रूप से पढ़ा।
1792- फ्रांस ने परशिया के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1836- महान वैज्ञानिक चार्ल्स डार्विन शोध करने सेंट हेलेना पर पहुंचे।
1889- अमेरिकी अखबार 'द वॉल स्ट्रीट जर्नल' की शुरुआत हुई। आज हर दिन इसकी 20 लाख प्रतियां बिकती हैं।
1914- महान वामपंथी नेता और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद पर रिकार्ड लंबे समय तक कार्यरत रहे ज्योति बसु का जन्म।
1954- भाखड़ा नहर परियोजना का उद्घाटन
1963- अमेरिका ने क्यूबा के साथ अपने सभी वित्तीय लेनदेन बंद किए।
1967- पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना की सलाहाकार और बहन फातिमा जिन्ना का निधन।

## सुडोकू 6967

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 9 | | | | | | 8 |
| | 4 | | 2 | | 9 | 1 | | |
| | | | | 7 | | | 9 | |
| 5 | | | | 2 | 7 | | | |
| 3 | | | | | | | | 6 |
| | | | 6 | 1 | | | | 7 |
| | 9 | | | 8 | | | | |
| | | 1 | 5 | | 6 | | 3 | |
| 4 | | | | | | 7 | | 9 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## चीन बोल रहा हम चुनेंगे उत्तराधिकारी, इधर दलाई लामा को भारत रत्न देने की तैयारी

तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा के उत्तराधिकारी की चर्चाओं के बीच उन्हें भारत रत्न देने का अभियान जोर पकड़ रहा है। खबर है कि कई सांसदों ने इस पर सहमति जताई है और मांग को जल्द ही राष्ट्रपति को सौंपा जा सकता है। खास बात है कि यह ऐसे समय पर हो रहा है, जब चीन लगातार खास रस्म के जरिए दलाई लामा के उत्तराधिकारी चुने जाने को लेकर प्रतिक्रिया दे रहा है। तिब्बत मामले में भारत के सर्वदलीय मंच में शामिल सांसदों ने दलाई लामा को भारत रत्न दिलाने की कवायद की है। इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, दावा किया जा रहा है कि इसके तहत 80 सांसदों के हस्ताक्षर भी हासिल कर लिए गए हैं। वहीं, फोरम के संयोजक भृतहरि महताब कई मौकों पर निर्वासित तिब्बती सरकार के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर चुके हैं।

अखबार से बातचीत में फोरम के पूर्व संयोजक और राज्यसभा सांसद सुजित कुमार ने कहा कि समूह दलाई लामा के लिए भारत रत्न की मांग कर रहा है। उन्होंने जानकारी दी, इसकी मांग कर रहे मेमोरेंडम पर 80 से ज्यादा सांसदों से हस्ताक्षर मिल गए हैं और जैसे ही 100 सांसदों के दस्तखत मिल जाएंगे, तो इसे जमा कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा है कि दलाई लामा का उत्तराधिकारी चुनने में चीन की कोई भूमिका नहीं है। साथ ही फोरम ने संसद समेत कई मंचों पर तिब्बत से जुड़े मुद्दे उठाने का फैसला किया है। खास बात है कि इस फोरम के 6 सांसद दिसंबर 2021 में हुई निर्वासित तिब्बती सरकार के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में शामिल हुए थे। खबर है कि तब चीनी दूतावास ने सांसदों को पत्र लिखा था, जिसमें तिब्बती ताकतों को समर्थन देने से बचने की बात कही गई थी।

**कौन चुनेगा उत्तराधिकारी**- तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा ने बुधवार को कहा था कि दलाई लामा संस्था जारी रहेगी और केवल 'गादेन फोडरंग ट्रस्ट' को ही उनके उत्तराधिकारी को मान्यता देने का अधिकार होगा। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने गुरुवार को कहा कि अगले दलाई लामा पर फैसला सिर्फ स्थापित संस्था और दलाई लामा लेंगे। उन्होंने कहा कि इस फैसले में कोई और शामिल नहीं होगा।

**चीन को लगी मिर्ची**- चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने रीजीजू की टिप्पणियों को लेकर पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए यहां प्रेस वार्ता में कहा कि भारत को 14वें दलाई लामा की चीन विरोधी अलगाववादी प्रकृति के प्रति स्पष्ट होना चाहिए और शिजांग (तिब्बत) से संबंधित मुद्दों पर अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करना चाहिए। चीन तिब्बत का उल्लेख शिजांग के नाम से करता है। माओ ने कहा कि भारत को अपने शब्दों और कार्यों में सावधानी बरतनी चाहिए, शिजांग से संबंधित मुद्दों पर चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करना बंद करना चाहिए और चीन-भारत संबंधों के सुधार और विकास को प्रभावित करने वाले मुद्दों से बचना चाहिए।

# हम नहीं चाहते टकराव, इससे कोई फायदा नहीं... फिर क्यों आमने-सामने ट्रंप और शी जिनपिंग

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्रिक्स देशों की कथित 'अमेरिका विरोधी' नीतियों का समर्थन करने वाले देशों पर 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने की धमकी दी है। चीन ने इसका कड़ा विरोध किया है और कहा है कि अमेरिका टैरिफ का इस्तेमाल दूसरे देशों पर दबाव के एक हथियार के रूप में कर रहा है। इसके साथ ही चीन ने ब्रिक्स देशों को दी गई ट्रंप की धमकी की निंदा की है। चीन ने सोमवार को कहा कि ब्रिक्स समूह टकराव नहीं चाहता है।

यह बयान चीनी विदेश मंत्रालय की तरफ से आया है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने सोमवार (07 जुलाई) को एक नियमित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि टैरिफ के इस्तेमाल से किसी को कोई फायदा नहीं होता। उन्होंने यह भी कहा कि ब्रिक्स समूह खुलेपन, समावेशिता और जीत-जीत सहयोग को बढ़ावा देता है। चीन की यह प्रतिक्रिया अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस धमकी के बाद आई है, जिसमें उन्होंने ब्रिक्स देशों की अमेरिका विरोधी नीतियों



से जुड़े देशों पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। इसके अलावा 9 जुलाई से पहले अमेरिका सभी देशों के साथ व्यापार वार्ता को अंतिम रूप देने की कोशिशों में जुटा है।

**टैरिफ वॉर में कोई विजेता नहीं**- चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, शुल्क लगाने के संबंध में चीन ने बार-बार अपनी स्थिति स्पष्ट की है कि ट्रेड और टैरिफ वॉर में कोई विजेता नहीं होता है और संरक्षणवाद से आगे बढ़ने का कोई रास्ता नहीं है।

निंग ने ये भी कहा कि ब्रिक्स समूह खुलेपन, समावेशिता और सहयोग को बढ़ावा देता है।

उन्होंने कहा कि यह समूह उभरते और विकासशील देशों के बीच सहयोग का एक मंच है और इसका उद्देश्य किसी भी विशेष देश के खिलाफ नहीं है चीन ने राजनीतिक दबाव के साधन के रूप में ट्रंप द्वारा टैरिफ के इस्तेमाल पर भी कड़ा विरोध जताया। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, निंग एक नियमित प्रेस ब्रीफिंग में एक सवाल का जवाब दे रही थीं, जब उन्होंने बीजिंग के रुख को दोहराते हुए कहा, टैरिफ के शत्रुतापूर्ण इस्तेमाल से किसी को फायदा नहीं होता है।

**ब्रिक्स ने ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमलों की निंदा की**- ब्राजील के रियो-डि-जेनेरियो में आयोजित ब्रिक्स 2025 शिखर सम्मेलन में, 10 सदस्यीय समूह - जिसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं - ने एक संयुक्त बयान जारी कर ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर अमेरिका-इजरायल के हवाई हमलों की निंदा की है।


# सऊदी अरब ने तोड़ दिए सजा-ए-मौत के रिकॉर्ड

सऊदी अरब ऐसा देश है जहां अपराध करने पर कड़ी से कड़ी सजा का प्रावधान है। ड्रग तस्करी समेत ऐसे कई अपराध हैं जिनके लिए सीधे मौत की सजा दी जाती है। एमनस्टी इंटरनेशन ने कहा कि सऊदी अरब में बिना हिंसा वाले ड्रग्स के मामलों में भी मौत की सजा दे दी जाती है। बीते साल सऊदी अरब में 345 लोगों को मौत की सजा दी गई। इस साल कुल जितने लोगों को मौत की सजा दी गई है उनमें से दो तिहाई ड्रग्स से जुड़े अपराधी हैं। सऊदी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने कहा था कि केवल मानव हत्या के मामलों में मौत की सजा दी जाए। हालांकि इसका पूरी तरह से पालन नहीं किया जा रहा है।

अटलांटिक से बात करते हुए क्राउन प्रिंस ने कहा था, केवल एक कैटिगरी को छोड़कर हम मौत की सजा से छुटकारा पाना चाहते हैं। वह कैटिगरी कुरान में बताई गई है। हम जो कुछ करते हैं वह कुरान की शिक्षा के आधार पर ही करते हैं। सऊदी अरब के अलावा ईरान, कुवैत और यूएई में भी ड्रग्स के मामलों में मौत की सजा दी जाती है। चीन और ईरान के बाद सऊदी अरब में सबसे ज्यादा मौत की सजा दी जाती हैं। ऐमनेस्टी ने बताया कि कम से कम 25 विदेशी नागरिकों को हाल ही में फांसी की सजा दे दी गई। इन सबको सऊदी अरब के कानून के बारे में भी ठीक से जानकारी नहीं थी। इसके अलावा उन्हें वकील तक मुहैया नहीं करवाया गया था।

अगर कोई विदेशी नागरिक फंस जाता है तो उसके सामने समस्या और भी गंभीर होती है। एजिप्ट के एक एसाम अहमद नाम के शख्स को 2021 में फिशिंग बोट से गिरफ्तार किया गया। उसके परिवार को बताया गया कि ड्रग ट्रैफिंग के आरोप में उसे गिरफ्तार किया गया है। एसाम के परिवार का कहना है कि हर रोज उन्हें यही डर लगा रहता है कि कभी भी एसाम को फांसी की सजा दी जा सकती है।

## वर्ग पहेली 6967



**बायें से दायें:-**
१. लोगों की मानसिकता
४. नक्शेकदम
६. सीमा, प्रतिष्ठा
७. धीमा
९. एक से अधिक
१०. पत्थर
११. एक छोटी चिड़िया
१३. असहमति (उर्दू)
१४. दुर्घटना
१५.सैनिकों का अभ्यास, कसरत
१७. वह धन जो तुरंत अदा किया जाए, सिक्कों के रूप में दान
१९. मातृभूमि (उर्दू)
२१. राक्षस, असुर
२२. जंगल में पैदा होने वाला
२४. कौशल्या

**ऊपर से नीचे:-**
१. करत करत अभ्यास के... होत सुजान
२. मृत्यु शोक (उर्दू)
३. टाईम कीपर
४. पधारना
५. उत्तर भारत की एक नदी
९. कलाकार (उर्दू)
११. निमंत्रण
१२. ऊंचा
१३. मानव (उर्दू)
१४. आवश्यकता, चाहत (उर्दू)
१५. ऋणी
१६. आजीवन अविवाहित रहने वाली स्त्री
१८. कछुआ
१९. व्यापारी
२०. मक्खन
२३. शीघ्र (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6966

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ क | नी | २ नि | का | ■ | ■ | ३ वि | धा | ४ य | क |
| र | ■ | रा | ■ | ५ व्य | व | स्था | ■ | ती | ■ |
| ६ दा | न | व | ■ | भि | ■ | ७ पि | ता | म | ८ ह |
| ता | ■ | लं | ■ | ९ चा | ह | त | ■ | ■ | ल |
| ■ | १० आ | ब | ११ का | री | ■ | ■ | १२ सं | बं | ध |
| ■ | क्रां | ■ | र | ■ | १३ स | म | ग्र | ■ | र |
| १४ वि | त | १५ र | ण | ■ | या | ■ | १६ ह | १७ ल | ■ |
| डं | ■ | स | ■ | १८ ज | ना | १९ ब | ■ | श्क | ■ |
| २० ब | टो | ही | ■ | र्ज | ■ | २१ ह | स | र | २२ त |
| ना | ■ | २३ न | ज | र | आ | ना | ■ | ■ | र |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आस्था

### भीषण गर्मी भी नहीं रोक पाई श्रद्धा का सैलाब

# बम-बम भोले के जयकारों के साथ पांचवां जत्था जम्मू से रवाना

**जम्मू,** (एजेंसियां)। श्री अमरनाथ यात्रा के 7208 तीर्थयात्रियों का पांचवां जत्था रविवार सुबह बम बम भोले के जयकारों के साथ भगवती नगर स्थित यात्री निवास से दक्षिण कश्मीर हिमालय में पवित्र गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। घाटी में पड़ रही भीषण गर्मी भी भक्तों की आस्था और श्रद्धा को प्रभावित नहीं कर रही है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि तीर्थयात्री 310 वाहनों के बेड़े में जम्मू आधार शिविर से रवाना हुए। उन्होंने कहा कि रविवार सुबह 7208 तीर्थयात्रियों का पांचवां जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू आधार शिविर से कश्मीर में अमरनाथ यात्रा गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ।

उन्होंने कहा कि हल्के मोटर वाहन और भारी मोटर वाहन सहित 310 वाहनों के बेड़े में 4009 तीर्थयात्री पहलगाम और 3199 तीर्थयात्री बालटाल के



■ नौ अगस्त को समाप्त होगी पवित्र अमरनाथ यात्रा

लिए रवाना हुए। रोजाना सुबह जम्मू के भगवती नगर से शिव भक्तों को काफिले के तौर पर कड़ी सुरक्षा कवर के बीच घाटी लाया जाता है जहां से वह सोनमर्ग और पहलगाम की ओर रवाना होते हैं। 38 दिवसीय तीर्थयात्रा, जो 3 जुलाई को शुरू हुई, 9 अगस्त को समाप्त होगी। दोनों मार्गों पर अतिरिक्त चौकियों, चिकित्सा चौकियों और परिवहन मार्शलों के साथ, अधिकारियों का कहना है कि वे एक सुचारू और सुरक्षित यात्रा सीजन सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ हैं।

गौरतलब है कि केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दो जुलाई को यहां से तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया था। वहीं श्री अमरनाथ जी यात्रा 2025 के तीसरे दिन भी बालटाल और नुनवन आधार शिविरों से बाबा बर्फानी के भक्तों का तीसरा जत्था पवित्र अमरनाथ गुफा की ओर रवाना हुआ। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दोनों आधार शिविरों से सुबह करीब पांच बजे भक्तों का जत्था बम बम भोले और जय शिव शंकर के जयघोष लगाते हुए पवित्र गुफा की ओर रवाना हुए।

मिली जानकारी के अनुसार दोनों ओर से करीब साढ़े सात हजार से अधिक यात्री तीसरे दिन गुफा की ओर रवाना हुए। नुनवन आधार शिविर से अपनी यात्रा शुरू करने वाले पुणे से आये पंकज ने कहा कि वह पिछले करीब नौ वर्षों से यात्रा पर आ रहे हैं लेकिन इस वर्ष मौसम पिछले कई वर्षों की तुलना में गर्म है। उन्होंने कहा कि मौसम चाहे गर्मी हो या सर्दी शिव भक्तों की आस्था किसी भी चीज़ से प्रभावित नहीं हो पाएगी। हम आतंकवादी हमले से नहीं डरे तो बाकी चीजें मायने नहीं रखतीं।

# खेल जगत

## शुभमन गिल कप्तान की जिम्मेदारी बखूबी निभा रहे हैं: मदन लाल

**नई दिल्ली,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। भारत के पूर्व क्रिकेटर मदन लाल ने टेस्ट कप्तान होने के दबाव को संभालने के लिए शुभमन गिल की जमकर तारीफ की है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कैसे गिल ने टीम को जीत दिलाई और साथ ही अपने व्यक्तिगत प्रदर्शन का भी ख्याल रखा। मदन लाल ने कहा, 'भारत ने दोनों टेस्ट मैचों में दबदबा बनाया। टीम इंडिया पिछले मैच में खासकर खराब फील्डिंग के कारण हारी थी, इसके अलावा उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। गेंदबाजी विभाग ने शानदार प्रदर्शन किया। हमारी गेंदबाजी इंग्लैंड की तुलना में कहीं बेहतर थी। पिछले मैच में हमने थोड़ी शॉर्ट बॉलिंग की, जिससे इंग्लैंड को लक्ष्य हासिल करने का मौका मिला।' मदन लाल ने युवा कप्तान की तारीफ करते हुए कहा, 'शुभमन गिल की चर्चा हर जगह हो रही है। वह आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं।




# अगर हमारी टीम मेरे योगदान से टेस्ट सीरीज जीतती है तो मुझे खुशी होगी: शुभमन गिल

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। कप्तान शुभमन गिल के पहली पारी में दोहरे शतक और दूसरी पारी में शतक सहित कुल 430 रन बना और आकाश दीप के मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में दोनों पारियों में चटकाए कुल दस विकेट की बदौलत भारत ने एजबेस्टन, बर्मिंघम में रविवार रात 336 रन की बड़ी जीत के साथ एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए खेली जा रही पांच टेस्ट की क्रिकेट सीरीज में एक एक की बराबरी पा लिए। चीफ कोच गौतम गंभीर व कप्तान शुभमन गिल की जसप्रीत बुमराह को आराम देकर दूसरे टेस्ट की एकादश में शामिल तेज गेंदबाज आकाश दीप, वाशिंगटन सुंदर व नीतिश रेड्डी सहित दूसरे टेस्ट जिन तीन बदलावों के लिए कड़ी आलोचना की जा रही उनमें से आकाश दीप व सुंदर कसौटी पर खरे उतरे और भारत की जीत में अहम योगदान किया।

पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन बना मैन ऑफ द' मैच रहे शुभमन गिल ने भारत की बड़ी जीत के बाद कहा, 'गेंदबाजों के लिए एजबेस्टन टेस्ट में गेंदबाजी करना बहुत मुश्किल था। पिच पर गेंद ज्यादा जल्दी ढीली हो बहुत जल्दी अपना आकार खो रही थी। मुझे नहीं मालूम यह क्या था, मौसम या पिच कुछ भी लेकिन गेंदबाजों के लिए इस पिच पर विकेट चटकाना बहुत मुश्किल हो रहा था। बतौर टीम जब आप यह जानते हैं कि विकेट लेना मुश्किल है और रन आसानी से बन रहे हैं तो बहुत सी चीजे आपके काबू से बाहर हो जाती हैं। जहां तक मेरे खेल की बात है तो मैं कहूंगा कि मैं अपने खेल को लेकर सहज महसूस कर रहा हूं। अगर हमारी टीम मेरे योगदान से टेस्ट सीरीज जीतती है तो मुझे खुशी होगी। मैं एक बल्लेबाज के तौर पर खेलना चाहता हूं। बल्लेबाज के तौर पर सोचना चाहता हूं। पहले टेस्ट के बाद हमने जो कुछ भी किया सही किया। हमारी गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण वाकई शानदार थी। जब आप कप्तान होते हैं तो तब आपको अनुकरणीय खेल दिखाने की जरूरत होती है जिससे कि जब कोई अन्य खिलाड़ी इस स्थिति में हो आप उसका मार्गदर्शन कर सकें। आपको अपने मन की करने की बजाय खुद से पहले टीम को रखना होता है। मैं अच्छी गेंद पर आउट हो जाउ तो भले हो जाउ लेकिन मैं लंबे से लंबा खेलना चाहता हं। बेशक दूसरा टेस्ट भी पांच दिन तक चला लेकिन हमारी भारतीय टीम इतने लंबे टेस्ट मैच खेलने की आदत नहीं है।बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट में अच्छी बात यह रही कि हम इसमें ज्यादा समय तक बल्लेबाजी कर रहे थे न कि गेंदबाजी। शुभमन ने कहा,' यहां तक पहली पारी में हमने लगभग एक दिन यानी 90 ओवर फील्डिंग की और हमारे लिए यह अच्छा ही रहा। अब मौजूदा टेस्ट सीरीज के बाकी आगामी टेस्ट मैचों में हम यदि निरंतर 300 अथवा 400 के करीब रन बनाते हैं तो हम हमेशा टेस्ट में बने रहेंगे। हमारे तेज गेंदबाज आकाशदीप और मोहम्मद सिराज ने धारदार गेंदबाजी दूसरे टेस्ट में दोनों पारियों में कुल मिलाकर आपस में 17 विकेट बांटे जो अपने आप में तब एक बड़ी उपलब्धि है और उन्होंने यह कामयाबी जसप्रीत बुमराह भाई के बिना हासिल की।



■ हमारी गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण वाकई शानदार था
■ पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन बना मैन ऑफ द' मैच रहे शुभमन गिल

## इंग्लैंड वैसा नहीं खेल पाई, जैसा हम चाहते थे : ब्रैंडन मैकुलम

बर्मिंघम। एजबेस्टन में खेले गए एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में भारत के हाथों 336 रनों से करारी हार झेलने के बाद इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने स्वीकार किया कि मेजबान टीम अपनी इच्छानुसार नहीं खेल पाई और टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला गलत साबित हुआ। रिकॉर्ड 608 रनों का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम पांचवें दिन दूसरे सत्र से में 271 रन पर सिमट गई। भारत की सीरीज बराबर करने वाली जीत में कप्तान शुभमन गिल ने पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन बनाए, जबकि आकाश दीप ने मैच में 10 विकेट लिए। ब्रैंडन मैकुलम ने कहा, 'हम पांच दिनों तक दूसरे नंबर पर रहे। भारत ने असाधारण खेल दिखाया। शुभमन गिल ने इस पिच पर शानदार प्रदर्शन किया। हम इस पर वैसा नहीं खेल पाए जैसा हम खेलना चाहते थे और भारत पूरी तरह से जीत का हकदार था।'

# ईस्ट बंगाल व साउथ यूनाइटेड के बीच होगा डूरंड कप फुटबॉल का उद्घाटन मैच

## शिरकत करने वाली टीमों चार चार टीमों के छह ग्रुप में बांटा गया

**नई दिल्ली,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। ईस्ट बंगाल और साउथ युनाइटेड के बीच ग्रुप ए के कोलकाता में 23 जुलाई को खेले जाने वाले उदघाटन मैच से देश के सबसे पुराने 134वें इंडियन ऑयल डूरंड कप की का आगाज होगा। दोनों टीमों के बीच यह उद्घाटन मैच कोलकाता के प्रतिष्ठित विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन (साल्ट लेक स्टेडियम) में खेला जाएगा। डूरंड कप एक महीने तक चलेगा और इसमें कुल 43 मैच होंगे और फाइनल 23 अगस्त को खेला जाएगा।



टूर्नामेंट के ग्रुप और कार्यक्रम की घोषणा सोमवार को की गई, जिससे एक बार फिर भारतीय फुटबॉल की परंपरा और जुनून को देखने का अवसर मिलेगा। इसमें शिरकत करने वाली टीमों चार चार टीमों के छह ग्रुप में बांटा गया है। छहों ग्रुप की विजेता और दो सर्वश्रेष्ठ उप विजेता टीमें क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करेंगी, जो 16 और 17 अगस्त को खेले जाएंगे। सेमीफाइनल 19 और 20 अगस्त को होंगे। फाइनल 23 अगस्त, शनिवार को खेला जाएगा। नॉकआउट दौर के मैचो के स्थानो की घोषणा जल्द की जाएगी।

कोलकाता में ग्रुप ए और बी के मुकाबले होंगे। ईस्ट बंगाल के शुरुआती मैच के बाद इंडियन एयर फोर्स फुटबॉल टीम और आई-लीग क्लब नामधारी एफसी क्रमशः 27 और 30 जुलाई को एसयूएफसी के खिलाफ अपना अपना पहला मैच खेलेगी। ग्रुप बी का आगाज 28 जुलाई को मोहम्मडन एससी और डायमंड हार्बर एफसी के मैच से होगा जो कि भारती क्रीड़ांगन में खेला जाएगा। इसके बाद 31 जुलाई को इसी मैदान में आईएसएल चैंपियन मोहन बागान सुपर जायंट और मोहम्मडन एससी के बीच बहुप्रतीक्षित मैच होगा।बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स फुटबॉल टीम 1 अगस्त को डायमंड हार्बर के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी।

ग्रुप सी की शुरुआत जमशेदपुर में 24 जुलाई को होगी, जहां जमशेदपुर एफसी, नेपाल की त्रिभुवन आर्मी एफटी के खिलाफ जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेलेगी। इंडियन आर्मी एफटी और 1 लद्दाख एफसी क्रमशः 29 जुलाई और 2 अगस्त को अपना पहला मुकाबला खेलेंगे.। कोकराझार ग्रुप डी की मेज़बानी करेगा, जिसमें आईएसएल क्लब पंजाब एफसी, असम की करबी आंगलोंग मॉर्निंग स्टार एफसी, स्थानीय बोडोलैंड एफसी और इंडो-तिब्बतन बॉर्डर पुलिस एफटी (आईटीबीपी एफटी) शामिल हैं। आईटीबीपी और कार्बी आंगलोंग के बीच पहला मैच 27 जुलाई को होगा। बोडोलैंड एफसी 31 जुलाई को अपना पहला मैच खेलेगा, जबकि पंजाब एफसी 3 अगस्त को मैदान में उतरेगा।

ग्रुप ई की शुरुआत शिलॉन्ग में 26 जुलाई को होगी, जहां मेजबान शिलॉन्ग लाजोंग एफसी का सामना फॉरेन सर्विस टीम से होगा। गत विजेता नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी 2 अगस्त को फॉरेन सर्विस टीम के खिलाफ अपने खिताब की रक्षा शुरू करेगा। शिलॉन्ग डर्बी 29 जुलाई को लाजोंग और रंगदाजीद यूनाइटेड एफसी के बीच खेली जाएगी। ग्रुप एफ की मेज़बानी इंफाल करेगा, जहां 30 जुलाई को ट्राउ एफसी और नेरोका एफसी के बीच स्थानीय डर्बी से शुरुआत होगी। इंडियन नेवी एफटी और रियल कश्मीर एफसी 2 अगस्त को अपना अभियान शुरू करेंगे। अंतिम ग्रुप चरण मुकाबला 12 अगस्त को कोकराझार में बोडोलैंड एफसी और आईटीबीपी एफटी के बीच खेला जाएगा।

## साउथ अफ्रीका के लिए टेस्ट में कप्तानी करते हुए वियान मुल्डर ने तिहरा शतक जड़कर रचा इतिहास



**बुलावायो,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज वियान मुल्डर ने तिहरा शतक जड़कर इतिहास रच दिया है। उन्होंने 334 गेंदों में नाबाद 367 रन बनाए। पारी के दौरान 49 चौके और चार गगनचुंबी छक्के जड़े। केशव महाराज की अनुपस्थिति में वियान मुल्डर को टेस्ट टीम की कमान सौंपी गई। टेस्ट में पहली बार कप्तानी कर रहे 27 वर्षीय ऑलराउंडर ने पहले दिन शानदार बल्लेबाजी की और नाबाद 264 रन बनाए। इसके अगले दिन जब खेल शुरू हुआ तो उन्होंने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और लंच तक नाबाद 367 रन बना लिए। दक्षिण अफ्रीका के लिए किसी बल्लेबाज की ओर से यह स्कोर अब तक का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन 24 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद मुल्डर ने अपनी पहली कप्तानी पारी में बहुत धैर्य दिखाया। उन्होंने कमजोर गेंदों को सीमा रेखा के पार पहुंचाया। उन्होंने डेविड बेडिंगम के साथ 184 रन और लुआन-ड्रे प्रीटोरियस के साथ चौथे विकेट के लिए केवल 185 गेंदों पर 217 रन की शानदार साझेदारी की। यह दक्षिण अफ्रीका के लिए घर से बाहर चौथे विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है।

मुल्डर ने टेस्ट क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले दिन 264 रन बनाए, जो किसी दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज द्वारा टेस्ट के पहले दिन बनाया गया सर्वाधिक स्कोर और विश्व में ओपनिंग डे पर दूसरा सर्वाधिक स्कोर है। दूसरे दिन उन्होंने तेजी से बल्लेबाजी जारी रखी और 297 गेंदों में तिहरा शतक (300 रन) पूरा किया, जो टेस्ट इतिहास का दूसरा सबसे तेज

## आईसीसी ने जून महीने में 'प्लेयर ऑफ द मंथ' के लिए मार्करम, रबाडा और निसांका के नाम की घोषणा की

**दुबई,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज एडेन मार्करम, तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा और श्रीलंका क्रिकेट टीम के उभरते हुए सितारे पथुम निसांका को जून 2025 के लिए पुरुष कैटेगरी में 'प्लेयर ऑफ द मंथ' पुरस्कार देने की घोषणा की। आईसीसी ने पुरुष के अलावा महिला 'प्लेयर ऑफ द मंथ' पुरस्कार के लिए नामांकित खिलाड़ियों की भी घोषणा की।

मार्कराम ने लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाई थी। गेंद से स्टीव स्मिथ का महत्वपूर्ण विकेट लेने के बाद, मार्कराम ने शानदार 136 रन बनाकर प्रोटियाज को 282 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करने में मदद की। वियान मुल्डर और चोटिल कप्तान टेम्बा



बावुमा के साथ उनकी साझेदारी ने दक्षिण अफ्रीका को 27 वर्षों में पहली बार आईसीसी पुरुष ट्रॉफी जीतने में मदद की।

रबाडा ने अपनी आक्रामक शैली का जोरदार प्रदर्शन करते हुए आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में दक्षिण अफरीका के गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व किया। उन्होंने पहली पारी में 49 रन देकर 5 विकेट लिए। उन्होंने इस प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका के प्रमुख टेस्ट विकेट लेने वालों की सूची में पूर्व गेंदबाज एलन डोनाल्ड को पीछे छोड़ दिया। रबाडा ने मैच में कुल नौ विकेट लिए और ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को ज्यादा खुलकर शॉट्स खेलने का मौका नहीं दिया। जिससे ऑस्ट्रेलिया बड़ा स्कोर करने में सफल नहीं हो पाई। पहली पारी में कम स्कोर के बाद दक्षिण अफ्रीका को मुकाबले में बनाए रखने में रबाडा की गेंदबाजी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में जीत के दौरान पथुम निसांका श्रीलंका के स्टार बल्लेबाज थे। उन्होंने पहले टेस्ट में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 187 रन की पारी खेली और अपनी टीम को मैच ड्रॉ कराने में मदद की और दूसरे टेस्ट में 158 रन बनाकर श्रीलंका को पारी और 78 रन से जीत दिलाई। निसांका ने बेहतरीन निरंतरता और धैर्य दिखाते हुए सीरीज का अंत शीर्ष स्कोरर के रूप में किया। आईसीसी की ओर से महिला प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज ताजमिन ब्रिट्स और दो वेस्टइंडीज मूल की खिलाड़ी, हेले मैथ्यूज और अफी फ्लेचर शामिल हैं।

## इंग्लैंड की 'बैजबॉल' शैली से दुखी माइकल वॉन, टीम को दे डाली नसीहत



**बर्मिंघम,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। इंग्लैंड को एजबेस्टन में भारत के खिलाफ दूसरा टेस्ट 336 रन से गंवाना पड़ा, जिससे पूर्व कप्तान माइकल वॉन दुखी हैं। उनका मानना है कि हेडिंग्ले में 'बैजबॉल विद ब्रेन' के बाद मेजबान टीम फिर से अपने पुराने ढर्रे पर आ गई है। माइकल वॉन ने सोमवार को 'द टेलीग्राफ' में अपने कॉलम में लिखा, 'ईमानदारी से कहें, तो इस हफ्ते इंग्लैंड की टीम को करारी हार का सामना करना पड़ा है। तीसरे दिन चार घंटे के खेल को छोड़कर, जिसमें हैरी ब्रूक और जेमी स्मिथ ने शानदार बल्लेबाजी की, भारत ने इंग्लैंड पर पूरी तरह से दबदबा बनाया। यह ऐसा प्रदर्शन था, जिसने मुझे बहुत चिंतित किया।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे डर है कि इंग्लैंड ने पहले मैच को टेस्ट क्रिकेट खेलने के तरीके के पूर्ण प्रमाण के रूप में इस्तेमाल किया। उन्होंने पहले टेस्ट के दौरान जीत में शानदार स्किल दिखाई, लेकिन इसमें काफी हद तक भाग्य भी शामिल था। इंग्लैंड की टीम यहां (एजबेस्टन) आई और सोचा कि उन्हें सबकुछ उसी तरह करना चाहिए, लेकिन यह उल्टा पड़ गया।' पूर्व

## माही के घर के बाहर पहुंचे फैंस, केक काटकर मनाया जन्मदिन



**रांची,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। महेंद्र सिंह धोनी सोमवार को अपना 44वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर अपने इस हीरो को बधाई देने फैंस रांची स्थित माही के घर के बाहर एकत्रित हुए, जहां उन्होंने केक काटकर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान का जन्मदिन मनाया। सानिया सिंह एक युवा क्रिकेटर हैं। उन्होंने कहा, 'मैं क्रिकेट एकेडमी में खेलती हूं। मेरे कोच धोनी सर के बड़े फैन हैं। मैं भी उनकी बड़ी फैन हूं। सभी प्रोफेशनल क्रिकेटर्स के लिए धोनी प्रेरणा हैं। मैं चाहती हूं कि उनके जैसी ही खिलाड़ी बनूं।' धोनी के एक अन्य फैन ऋषभ राज ने कहा, 'हम धोनी का जन्मदिन मनाने के लिए उनके घर के बाहर खड़े हैं। यहां बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक मौजूद हैं। हम चाहते हैं कि माही ऐसे ही फिट बने रहें और पूरे देश को प्रेरित करते रहें।' धोनी के जन्मदिन पर सुबोध नामक एक फैन ने कहा, 'हमने यहां केक कटिंग की और लोगों के बीच इसे बांटा।

## ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को मौका देना डीडीसीए का उद्देश्य : रोहन जेटली

**नई दिल्ली**, 7 जुलाई (एजेंसियां)। दिल्ली प्रीमियर लीग-2025 के लिए सोमवार को महिला खिलाड़ियों की नीलामी हुई। इस मौके पर दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा है कि संघ का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को मौका देना है। रोहन जेटली ने कहा, 'डीपीएल को लेकर हमें शानदार रिस्पॉन्स मिला है। हमने पुरुष लीग में दो टीमें जोड़ी हैं। विमेंस टीम में पूल को बढ़ाया गया है, ताकि ज्यादा खिलाड़ियों को ऑक्शन में मौका मिल सके।'



उन्होंने आगे कहा, 'पहले हम सालभर में करीब 1,000 मैच करवाते थे, लेकिन अब इसकी संख्या 1,800 हो चुकी है। हमारे पास अंडर-16, अंडर-19, ओपन लीग, प्रोफेशनल टी20 लीग, डीपीएल जैसे आयोजन हैं। इसके अलावा महिलाओं के लिए भी क्लब लेवल क्रिकेट की शुरुआत की गई है। हम खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा मौके देना चाहते हैं।' इस मौके पर डीडीसीए के डायरेक्टर श्याम सुंदर शर्मा ने कहा, 'जब रोहन जेटली डीडीसीए के अध्यक्ष बने, तो वह एक ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार करना चाहते थे, जहां दिल्ली के बच्चों का टैलेंट लोगों को दिखे। हमने पिछले साल डीपीएल की शुरुआत की, जो बेहद सफल रहा। मैच के दौरान 20-22 हजार फैंस आए। खिलाड़ियों को शानदार प्लेटफॉर्म मिला।

## सार संक्षेप

### जमशेदपुर में 'डूरंड कप ट्रॉफी' का अनावरण, राज्यपाल ने बताया झारखंड के लिए गर्व का क्षण

**जमशेदपुर।** 134वें डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत 23 जुलाई से हो रही है, जिसकी ट्रॉफी का अनावरण सोमवार को एक्सएलआरआई ऑडिटोरियम में किया गया। इस मौके पर राज्यपाल संतोष गंगवार ने डूरंड कप जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन को झारखंड के लिए गर्व का क्षण बताया है। इस फुटबॉल टूर्नामेंट में 24 टीम भाग ले रही हैं। जमशेदपुर के जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में छह मुकाबले खेले जाने हैं। सोमवार को एक्सएलआरआई ऑडिटोरियम में ट्रॉफी टूर कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल संतोष गंगवार और शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में फुटबॉल फैंस उपस्थित थे। राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा, 'इस मौके पर न सिर्फ जमशेदपुर, बल्कि पूरा झारखंड गौरवान्वित महसूस कर रहा है। एशिया के सबसे प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंट में शामिल डूरंड कप की चमचमाती ट्रॉफी का अनावरण इस बात का प्रतीक है कि झारखंड की खेल संस्कृति निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रही है।'

### अब महाराष्ट्र क्रिकेट टीम के लिए खेलेंगे पृथ्वी शॉ, हो गया आधिकारिक ऐलान

**पुणे।** क्रिकेटर पृथ्वी शॉ लंबे वक्त से कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेल सके हैं। अब उन्होंने घरेलू स्तर पर मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को अलविदा कहते हुए आगामी सत्र से महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन के लिए खेलने का फैसला किया है। अपने फैसले के बारे में पृथ्वी शॉ ने कहा, 'करियर के इस मोड़ पर, मैंने एक क्रिकेटर के रूप में अपनी ग्रोथ और डेवलपमेंट के लिए महाराष्ट्र टीम की ओर से खेलने का फैसला किया है। मैं एक बार फिर मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन से अब तक मिले अवसरों और समर्थन के लिए आभार व्यक्त करता हूं।' उन्होंने कहा, 'महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन पिछले कुछ वर्षों से पूरे राज्य में क्रिकेट के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की खास कोशिशें कर रहा है। महाराष्ट्र प्रीमियर लीग, महिला एमपीएल, कॉर्पोरेट शील्ड, डीबी देवधर ट्रॉफी जैसे इवेंट्स इसके प्रमाण हैं। इसलिए, मेरा मानना है कि इस तरह के माहौल में खेलना मेरे करियर को एक नया मोड़ देगा।'

### एमएलसी 2025: एमआई न्यूयॉर्क की सीजन में सातवीं हार

**नई दिल्ली।** वाशिंगटन फ्रीडम ने मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमएलसी) के 29वें मैच को अपने नाम किया। इस टीम ने फ्लोरिडा में एमआई के खिलाफ खेले गए मुकाबले को छह विकेट से जीता। गीली आउटफील्ड के चलते यह मुकाबला 18-18 ओवरों का था। पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुकी वाशिंगटन ने इस सीजन 10 में से आठ मैच अपने नाम किए हैं। टीम प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष पायदान पर है, जबकि 10 में से सात मुकाबले गंवा चुकी एमआई न्यूयॉर्क की टीम चौथे स्थान पर प्लेऑफ की टिकट हासिल करने की जंग लड़ रही है।

# सौरव गांगुली : एक जौहरी, जिसने बदल दी भारतीय क्रिकेट की तस्वीर

## गांगुली एक आक्रामक कप्तान थे। उनकी कप्तानी में भारत ने बेखौफ अंदाज में खेलने की संस्कृति अपनाई



नई दिल्ली, 7 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम के इतिहास में अब तक कई कप्तान आए हैं। सभी ने अपने-अपने कार्यकाल में टीम के लिए बेहतर करने की कोशिश की। लेकिन, जिस कप्तान ने अपनी नेतृत्व क्षमता से भारतीय क्रिकेट की तस्वीर बदल दी और टीम को दुनिया की शीर्ष और मजबूत टीमों में शुमार कराया उसका नाम सौरव गांगुली है। सौरव गांगुली को 2000 में भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी सौंपी गई थी। यह वह दौर था जब टीम फिक्सिंग के आरोपों से जूझ रही थी। प्रदर्शन के आधार पर विश्व विजेता टीम होने के बाद भी कमजोर टीमों में गिनी जाती थी। विदेशों में जीत भारतीय टीम के लिए सपना हुआ करती थी।

लेकिन, गांगुली ने अपनी नेतृत्व क्षमता, खिलाड़ियों की परख और उनसे प्रदर्शन निकलवाने की काबिलियत के दम पर भारतीय क्रिकेट का चेहरा ही बदल दिया। कप्तान बनने के बाद सौरव गांगुली ने उन खिलाड़ियों को मौका दिया जिन्होंने आगे चलकर भारतीय क्रिकेट की तस्वीर ही बदल दी। इन खिलाड़ियों में युवराज सिंह, मोहम्मद कैफ, हरभजन सिंह, जहीर खान, आशीष नेहरा, गौतम गंभीर, एम. एस. धोनी, और वीरेंद्र सहवाग जैसे नाम प्रमुख हैं। ये सभी खिलाड़ी आज भारतीय क्रिकेट के श्रेष्ठतम खिलाड़ियों में शुमार होते हैं। इसके पीछे गांगुली की पारखी नजर थी। गांगुली एक आक्रामक कप्तान थे। उनकी कप्तानी में भारत ने बेखौफ अंदाज में खेलने की संस्कृति अपनाई। इस वजह से टीम को टेस्ट और वनडे दोनों ही फॉर्मेट में बड़ी सफलता मिली। 2000 में फिक्सिंग के आरोपों का सामना कर रही भारतीय टीम इसी साल गांगुली की कप्तानी में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल खेली, 2002 में संयुक्त रूप से श्रीलंका के साथ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की विजेता रही, और 2003 में वनडे विश्व कप का फाइनल खेला। सौरव गांगुली की कप्तानी में भारत ने विदेश में जीतना सीखा। नेटवेस्ट ट्रॉफी (2002) इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जिसमें भारत ने फाइनल में इंग्लैंड को उसकी धरती पर हराया। भारत ने टेस्ट में विदेश में अपना प्रभाव जमाना और जीतना गांगुली के दौर में ही सीखा। गांगुली 2005 तक कप्तान रहे। 5 साल के अपने कार्यकाल में फिक्सिंग के आरोपों का सामना करने वाली टीम को उन्होंने दुनिया की मजबूत क्रिकेट टीम बनाया। गांगुली ने धोनी को दिनेश कार्तिक पर प्राथमिकता दी थी। धोनी न सिर्फ भारत के सर्वश्रेष्ठ और सफलतम कप्तान बने बल्कि दुनिया के सफलतम विकेटकीपर बल्लेबाज भी बने।

**गांगुली को 2000 में भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी सौंपी गई थी**

# अर्थ जगत

**एचडीएफसी बैंक ने एमसीएलआर में कटौती की**

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक ने अपने करोड़ों ग्राहकों को बड़ी राहत दी है। बैंक ने अपने मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स आधारित लेंडिंग रेट एमसीएलआर में कटौती की है, जिससे लोन की ब्याज दरें घट गई हैं। यह बदलाव 7 जुलाई 2025 से प्रभावी हो गया है। पहले एमसीएलआर रेंज 8.90 प्रतिशत से 9.10 प्रतिशत थी, जो अब 8.60 प्रतिशतसे 8.80 प्रतिशत के बीच आ गई है। इस कदम से उन सभी ग्राहकों को फायदा होगा, जिनके लोन एमसीएलआर से जुड़े हुए हैं। इस कटौती का असर ओवरनाइट से लेकर तीन साल तक की अवधि के लोन पर पड़ेगा।



## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से मक्का किसानों पर संकट के बादल

*__नई दिल्ली।__ भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत एक अहम मोड़ पर आ गई है। भारत में घरेलू स्तर पर कुछ हलकों में चिंता जताई जा रही है कि कुछ कृषि उत्पादों के आयात से भारतीय किसानों पर बुरा असर पड़ सकता है। सूत्रों के मुताबिक, अमेरिका तीन बड़े कृषि उत्पादों को भारत भेजने से जुड़ी व्यापार बाधाएं दूर करने की मांग कर रहा है, जिनकी उसके पास अधिशेष मात्रा है।*

इन कृषि उत्पादों में सोयाबीन, सोया तेल और मक्का (मक्के को ही मकई भी कहते हैं) शामिल है। वर्ष 2024-25 (जुलाई से जून) में, देश में लगभग 1.2 करोड़ हेक्टेयर जमीन पर मक्का और लगभग 1.3 करोड़ हेक्टेयर जमीन पर सोयाबीन उगाया गया था। इन दोनों फसलों का मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों के किसानों पर बड़ा प्रभाव पड़ता है।



अगर भारत, अमेरिका की मांग मान लेता है तब जिन फसलों पर सबसे ज्यादा असर पड़ने की संभावना है, उनमें मक्का प्रमुख है। गेहूं और चावल के बाद मक्का भारत की तीसरी सबसे बड़ी अनाज फसल है। मक्का बिहार की पूरी कृषि अर्थव्यवस्था का एक अभिन्न अंग है। बिहार में अक्टूबर के अंत और नवंबर की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने हैं, जब मक्के की खरीफ फसल कटने वाली होगी। भारत के कुल मक्का उत्पादन में वर्ष 2024-25 (जुलाई से जून) में लगभग 9-11 प्रतिशत हिस्सा बिहार का रहा। तीसरे अग्रिम अनुमानों के मुताबिक बिहार का मक्का उत्पादन लगभग 50 लाख टन था जबकि देश का उत्पादन लगभग 4.22 करोड़ टन था। वास्तव में कुल उत्पादन में मक्के की हिस्सेदारी से कहीं अधिक, बिहार में प्रति हेक्टेयर मक्के की उपज और इसके कुल उत्पादन में जबरदस्त वृद्धि ने इसे राज्य की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बना दिया है। आंकड़े दर्शाते हैं कि वर्ष 2018-19 और 2024-25 के बीच, बिहार में मक्के की पैदावार लगभग 8 प्रतिशत की सालाना चक्रवृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ी, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह लगभग 2.02 प्रतिशत थी। इसके उलट, इसी अवधि के दौरान राज्य में चावल की पैदावार में 4.45 प्रतिशत की सालाना चक्रवृद्धि दर देखी गई जबकि इसी अवधि में राष्ट्रीय स्तर पर यह 1.35 प्रतिशत थी। राज्य में गेहूं की पैदावार में वर्ष 2018-19 से वर्ष 2024-25 तक 0.45 प्रतिशत की सालाना चक्रवृद्धि दर की बढ़ोतरी देखी गई जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह वृद्धि बहुत कम, 0.03 प्रतिशत थी।

### मध्य प्रदेश-महाराष्ट्र पर भी छाया

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से प्रभावित होने वाली दूसरी फसल सोयाबीन है। फिलहाल, सोयाबीन की कीमतें लगभग 3800-4200 रुपये प्रति क्विंटल चल रही हैं, जो एमएसपी से भी कम है। इस साल बोआई के मौसम से ठीक पहले, केंद्र सरकार ने खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने के लिए खाद्य तेलों पर आयात शुल्क कम कर दिया था। इस कदम पर मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के मुख्य सोया उत्पादक क्षेत्रों से नाराजगी जताई गई। सोयाबीन मध्य प्रदेश में एक अहम फसल है। यह मौजूदा केंद्रीय कृषि मंत्री और लगभग 17 वर्षों तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान का गृह राज्य भी है। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि सोयाबीन की गिरती दरें और किसानों की परेशानी जैसे अहम मुद्दों के कारण ही चौहान 2017 में राज्य चुनाव हार गए थे। अब आशंका यह है कि अगर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के तहत सोयाबीन का दूसरा सस्ता विकल्प आयात किया जाता है तब मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में भी जन धारणा पर असर दिखेगा।

## 9 जुलाई को बैंकिंग और बीमा सेवाएं हो सकती हैं ठप

*__नई दिल्ली।__ देशभर में मजदूरों के अधिकारों और केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों को लेकर असंतोष बढ़ता जा रहा है। इसी के विरोध में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने 9 जुलाई को देशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है।*



इस हड़ताल को अब मजदूर संगठनों के साथ-साथ किसान संगठनों और महागठबंधन के कई दलों का भी समर्थन मिल रहा है। ताज़ा जानकारी के अनुसार, बैंक कर्मचारियों के एक संगठन ने भी इस हड़ताल में शामिल होने की बात कही है, जिससे 9 जुलाई, बुधवार को बैंकिंग सेवाएं बाधित होने की आशंका जताई जा रही है। इस हड़ताल बीमा क्षेत्र के कर्मचारी भी जुड़ने वाले हैं।

**बैंक यूनियन भी शामिल होगी हड़ताल में**- बंगाल प्रोविंशियल बैंक एम्प्लॉइज एसोसिएशन , जो ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉइज एसोसिएशन से संबद्ध है, ने पुष्टि की है कि बैंकिंग क्षेत्र के कई प्रमुख यूनियन जैसे एआई बीईए, एआईबीओए और बीईएफआई इस हड़ताल में भाग लेंगे।

**बीमा सेक्टर भी हड़ताल के समर्थन में** - एशोसिएशन के अनुसार, बीमा क्षेत्र के कर्मचारी भी इस हड़ताल में शामिल होंगे। बैंक और बीमा क्षेत्र में काम करने वाले संगठनों ने दावा किया है कि यह हड़ताल व्यापक होगी और इसका असर देशभर में देखने को मिलेगा।

**15 करोड़ से अधिक कर्मचारी होंगे शामिल**- बैंक यूनियन की ओर से दावा किया गया है कि इस आम हड़ताल में 15 करोड़ से अधिक कर्मचारी भाग ले सकते हैं। उनका कहना है कि वे केंद्र सरकार की प्रो-कॉर्पोरेट और एंटी-लेबर नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज कराएंगे। यूनियनों का आरोप है कि सरकार की नीतियां मजदूरों और कर्मचारियों के हक़ के खिलाफ हैं और केवल कॉरपोरेट्स को लाभ पहुंचाने के लिए बनाई जा रही हैं।

## रुपया शुरुआती कारोबार में 26 पैसे टूटकर 85.66 प्रति डॉलर पर



*__मुंबई।__ विदेशी पूंजी की निकासी और घरेलू शेयर बाजारों की कमजोर शुरुआत के बीच रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में 26 पैसे टूटकर 85.66 प्रति डॉलर पर आ गया।*

अमेरिका के अपने व्यापारिक साझेदारों पर शुल्क बढ़ोतरी की समय-सीमा नौ जुलाई से पहले नए समझौते करने का दबाव रविवार को बढ़ा दिया और देशों को धमकी दी है कि एक अगस्त से उच्च शुल्क लागू हो सकते हैं। इससे रुपये पर और दबाव पड़ेगा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.53 पर खुला। बाद में 85.66 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से 26 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले 85.40 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 97.08 पर आ गया। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ 67.85 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक गत दिवस बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 760.11 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## कर्ज के जाल में फंसता मध्यम वर्ग, बचत हुई सपना

*__नई दिल्ली।__ आज की तारीख में नौकरीपेशा लोगों को सबसे ज्यादा इंतजार अपनी सैलरी के क्रेडिट होने का होता है लेकिन अब हालात ऐसे हो गए हैं कि सैलरी आते ही कुछ मिनटों में अकाउंट खाली हो जाता है। मिडिल क्लास की सबसे बड़ी चिंता बन चुकी है- बढ़ता खर्च और घटती बचत। एक रेडिट यूजर की कहानी ने इंटरनेट पर हलचल मचा दी।*

उसने बताया कि उसकी सैलरी क्रेडिट होते ही केवल 5 मिनट में 43,000 रुपए घटकर 7 रुपए रह गए। 19,000 रुपए रेंट में गए, 15,000 रुपए क्रेडिट कार्ड का मिनिमम पेमेंट करना पड़ा और बाकी रकम ईएमआई, मोबाइल, इंटरनेट बिल जैसे खर्चों में चली गई।



**ईएमआई पर टिका जीवन, बचत गायब** – इस शख्स की यह कहानी इंटरनेट पर काफी वायरल है। रिजर्व बैंक के आंकड़े बताते हैं कि पर्सनल लोन में बीते तीन साल में 75 प्रतिशत का उछाल आया है। आज करीब एक-तिहाई सैलरीड लोग अपनी आय का 33 प्रतिशत से ज्यादा सिर्फ ईएमआई में खर्च कर देते हैं। कुछ मामलों में यह आंकड़ा 45 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। इसके बाद किराया, राशन और बच्चों की फीस जैसी जरूरी चीजें जुड़ते ही सैलरी खत्म हो जाती है।

**जरूरतें बन गईं कर्ज का कारण**- फाइनेंशियल एक्सपर्ट्स का मानना है कि अब लोग शौक या लग्जरी के लिए नहीं, बल्कि बुनियादी जरूरतों के लिए लोन लेने को मजबूर हैं। डिजिटल लोन प्लेटफॉर्म्स ने लोन लेना आसान बना दिया है लेकिन इसका परिणाम यह हो रहा है कि 5 से 10 फीसदी मिडिल क्लास परिवार पहले ही कर्ज के जाल में फंस चुके हैं।

**कम सैलरी, बढ़ता दिखावा – बना कर्ज का रास्ता**- एक्सपर्ट्स चेतावनी दे रहे हैं कि अगर समय रहते खर्चों पर लगाम नहीं लगाई गई, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। आमदनी सीमित है लेकिन लाइफस्टाइल और सोशल मीडिया के दबाव में खर्च असीमित होता जा रहा है।

**मुद्रा बाजार**

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 85. 85 |
| एक यूरो | 101. 00 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 117. 60 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 56. 80 |
| एक जापानी येन | 0. 58 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 82 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 98 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-106 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -74 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### सराफा बाजार

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 97400 चांदी -108800

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 97400 चांदी -108800

### दाल- चावल भाव

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल**- राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 9500-10000, फाइन 105000-11000, एकस्ट्रा बोल्ड 11500-12000, चना दाल एवरेज 7200-7400 चना दाल मार्का 7300-7500, मसूर दाल एवरेज 7600-7700, मसूर दाल फाइन 8200-8300, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9000, उड़द धुली 9500-10000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-9500, मूंगदाल धुली 10000- 10500, फाइन 11000-11200। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3200-3400, बेस्ट 3400-3600, बीपीटी चालू 4000-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5000-5200 फाइन-5500-5600 दुबराज भाटापारा 5000-5200, जेजेएल चालू 5000-5200, फाइन 6000-6500, बासमती कनकी चालू 3000-3500, बासमती कनकी मीडियम 3500-4000, बेस्ट 4000-4200, मोगरा- 5000-5800, दुबार- 5500-6000, तिबार- 6000-7500, बासमती 7500-8500, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4350-4400, फाइन 4600-4800, मुरमुरा- 5800-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।

### लोहा भाव

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

## भारत का लक्ष्य 2047 तक मक्का उत्पादन दोगुना कर 8.6 करोड़ टन करना है: कृषि मंत्री

*__नई दिल्ली।__ कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कहा कि भारत 2047 तक अपने मक्का उत्पादन को मौजूदा 4.23 करोड़ टन से दोगुना करके 8.6 करोड़ टन तक पहुंचा सकता है। उद्योग मंडल फिक्की द्वारा आयोजित 11वें मक्का सम्मेलन में चौहान ने कहा कि दुनिया के पांचवें सबसे बड़े मक्का उत्पादक को आनुवंशिक रूप से संशोधित बीजों का उपयोग किए बिना उत्पादकता बढ़ाने की जरूरत है।*



चौहान ने कहा, ''हम आनुवंशिक रूप से संशोधित बीजों का इस्तेमाल नहीं करते हैं लेकिन फिर भी हम उत्पादकता के स्तर को बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की औसत मक्का उत्पादकता 3.7 टन प्रति हेक्टेयर है, पश्चिम बंगाल और बिहार जैसे कुछ राज्य राष्ट्रीय औसत से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन कुल मिलाकर पैदावार बढ़ाने की जरूरत है। मंत्री ने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने मक्का की 265 किस्में विकसित की हैं। इनमें 77 हाइब्रिड और 35 जैव-फोर्टिफाइड किस्में हैं लेकिन अभी और काम करने की जरूरत है। चौहान ने कहा, ''मक्के में स्टार्च का स्तर बढ़ाने की जरूरत है। हमें इसे मौजूदा 65-70 प्रतिशत से बढ़ाकर 72 प्रतिशत करने की जरूरत है ताकि मक्के का बेहतर तरीके से इस्तेमाल किया जा सके। भारत का मक्का उत्पादन 1900 के दशक के एक करोड़ टन से बढ़कर वर्तमान में 4.23 करोड़ टन हो गया है। उन्होंने कहा कि पंजाब और हरियाणा जैसे राज्य जो धान की खेती पर ध्यान केंद्रित करते हैं.. उन्हें उत्पादन बढ़ाने के लिए मक्का की खेती में विविधता लानी चाहिए। चौहान ने कहा कि मक्का की कीमतें जो 2,400 रुपए प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम थीं। वह सरकार के 2025-26 तक 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण लक्ष्य के बाद मजबूत हुई हैं। मंत्री ने घटिया बीज, उर्वरक और कीटनाशकों की बिक्री पर चिंता व्यक्त की तथा ऐसे आपूर्तिकर्ताओं एवं विनिर्माताओं के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए नीतिगत रूपरेखा बनाने का आह्वान किया।

## सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट

*__नई दिल्ली।__ सोने चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत आज सुस्ती के साथ हुई। खबर लिखे जाने के समय घरेलू बाजार में आज सोने के भाव 96,400 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,08,200 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। लेकिन बाद में इनके भाव में गिरावट देखी जाने लगी।*



सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रैक्ट आज 505 रुपये की गिरावट के साथ 96,485 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 96,990 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 585 रुपये की गिरावट के साथ 96,405 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 96,486 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 96,402 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस साल 1,01078 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।

चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमएसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रैक्ट आज 305 रुपये की गिरावट के साथ 1,08,124 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,08,429 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 249 रुपये की गिरावट के साथ 1,08,180 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,08,260 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,08,124 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव ने इस साल 1,09,748 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया है।

**अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेज शुरुआत के बाद गिरावट**- अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। हालांकि बाद में दोनों के भाव गिर गए। कॉमेक्स पर सोना 3,344.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 3,342.90 डॉलर प्रति औंस था।

## देश के सबसे अमीर मुकेश अंबानी, दूसरे नंबर पर अडानी



*__नई दिल्ली।__ अमेरिका की प्रतिष्ठित मैग्जीन फोर्ब्स ने दुनिया के अमीरों की जुलाई 2025 महीने के लिए सूची जारी कर दी है, जिसमें मुकेश अंबानी देश के सबसे अमीर की लिस्ट में इस बार भी अव्वल स्थान पर बने हुए हैं. 116 बिलियन डॉलर की कुल संपत्ति यानी करीब 9.5 लाख करोड़ के साथ वे एशिया में सबसे धनी हैं.*

**अमीरों की लिस्ट में कौन कहां**- मुकेश अंबानी के बाद इस लिस्ट अमीरों की सूची में 67 बिलियन डॉलर के साथ दूसरे नंबर पर हैं देश के दिग्गज उद्योगपति गौतम अडानी. पिछले कुछ सालों में बाजार में कुछ उतार-चढ़ाव ने रैकिंग में जरूर कुछ बदलाव किया, लेकिन वे देश के दूसरे सबसे अमीर है.

इन्फ्रास्ट्रक्चर से लेकर बंदरगाह और ऊर्जा तक उनका कारोबार फैसला हुआ है और वे एक प्रमुख चेहरा हैं.फोर्ब्स मैग्जीन की लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं टेक्नोलॉजी सेक्टर की जानी-मानी हस्ती और एचसीएल के फाउंडर शिव नादर, फोर्ब्स मैग्जीन में इनकी कुल संपत्ति 38 बिलियन डॉलर आंकी गई है. इसके बाद चौथे नंबर पर है सावित्री जिंग और उनका परिवार, जिनकी संपत्ति 37.3 बिलियन डॉलर बताई गई है पांचवें नंबर पर 26.4 बिलियन डॉलर के साथ हैं दिलीप संघवी.

छठे नंबर पर सीरम इंस्टीट्यूट के सायरस पूनावाला हैं, जिनकी संपत्ति 25.1 बिलियन डॉलर है. सातवें नंबर पर 22.2 बिलियन डॉलर के साथ आदित्य बिड़ला ग्रुप के कुमार मंगलम बिड़ला हैं आठवें नंबर पर 18.7 बिलियन डॉलर के साथ हैं लक्ष्मी मित्तल।

## जबलपुर चेंबर के चेयरमेन प्रेम दुबे ने पेश किया स्टार्टअप आईडिया



**जबलपुर।** जबलपुर चेम्बर के चेयरमैन प्रेम दुबे ने नये उद्यमियों और युवाओं के लिये स्टार्टअप आईडिया पेश किया है। उक्त संबंध में जानकारी देते हुए प्रेम दुबे बताया कि मैं जो बिजनेस आइडिया लेकर आया हूं, वह बड़ा ही कलात्मक और साजसज्जा से संबंधित है जिसका उपयोग शादी-ब्याह एवं बड़े-बड़े भव्य इवेंट में किया जाता है, जिसका नाम 'आईस स्कल्प्चर बिजनेस आइडिया' है। इस आईस व्यवसाय में बर्फ के बड़े-बड़े टुकड़ों से कलाकार उन्हें तरासकर मनमोहक आकृतियां बनाते हैं। भारत में यह व्यवसाय लोकप्रिय हो रहा है, करीब 400 करोड़ के आस-पास कारोबार पहुंच चुका है। व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए सरकार मुद्रा योजना और स्टार्टअप योजना के तहत सहायता प्रदान कर रही है। तो युवा उद्यमी इस व्यवसाय को प्रारम्भ करने के लिये सरकार की सहायता भी प्राप्त कर सकते हैं।

**देशबन्धु ग्राहक सेवा**

रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**मकान बेचना है**
मिनी ड्यूप्लेक्स- 27 प्लाट 14x32.5= 450 वर्गफुट लगभग सुभाष नगर महाराजपुर महर्षि विद्या मंदिर के पीछे जबलपुर में बेचना है-
संपर्क: केदार प्रसाद बिजपुरिया
8109324186
9303003069
र.नं.- 1024

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार )
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# बारिश के कहर से बह गई सड़कें, जबलपुर-मंडला मार्ग बंद

## अनूपपुर में तेज बहाव में कार बही, 4 की मौत, डिंडौरी में धमनी-कुसेरा सड़क धंसी







*जबलपुर, देशबन्धु। प्रदेश में मानसून पूरी तरह सक्रियता के साथ अपना प्रभाव दिखा रहा है। बारिश का कहर ऐसा है जिसमें कई सड़क और पुल-पुलिया बह गई हैं। प्रदेश के जिलों में भारी से भारी बारिश हो रही है। जबलपुर में भी सोमवार को सुबह से कभी तेज तो कभी मध्यम स्तर की बारिश हो रही थी। आंकड़ा 15.4 इंच पर समाचार लिखे जाने तक पहुंच गया है, जिसके बढ़ने की संभावना है। नर्मदा के गौरीघाट सहित अन्य तटों में चार से पांच फीट पानी बढ़ गया है। इस बीच 7 जुलाई को भी चार और गेट खोले गये जिसके बाद बरगी बांध में अब तक 13 गेट खुल गये हैं। बालाघाट में लगातार बारिश के चलते शहर के कई इलाकों में पानी भर गया है। डिंडौरी के मेहदवानी जनपद पंचायत क्षेत्र में धमनी-कुसेरा मार्ग बारिश से क्षतिग्रस्त हो गया।*

इसी तरह डिंडौरी के मेहदवानी जनपद पंचायत क्षेत्र में धमनी-कुसेरा मार्ग बारिश से क्षतिग्रस्त हो गया है। तीन साल पहले प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से सड़क बनी थी। सड़क टूटने से इस रास्ते पर भारी वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। सीहोर में पार्वती व पपनाश नदी भारी बारिश के चलते उफान पर हैं। पार्वती नदी पर हादसा होते-होते बचा। पानी पुल के ऊपर से बह रहा था।

इस बीच कार चालक ने लोगों के मना करने के बाद भी कार नहीं रोकी और आगे जाकर वो फंस गई। लोगों ने कार सवार को बाहर निकाला। मंडला में पिछले 24 घंटे में हुई भारी बारिश से नर्मदा नदी का जलस्तर वॉर्निंग लेबल क्रॉस कर 437.40 मीटर पर पहुंच गया है। माहिष्मती घाट स्थित छोटा पुल फिर डूब गया है। साथ ही मटियारी, सुरपन, बंजर सहित कई नदियां उफान पर हैं। नर्मदापुरम समेत 8 जिलों में जारी रहेगी तेज बारिश-मौसम विभाग ने आज मंगलवार के लिये पूर्वानुमान जारी किया है, इसके अनुसार 8 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

## अनूपपुर में कार बहने का हादसा

# पुल से बस निकलती देख कार वाला भी पीछे आया और बह गई जिंदगी

**अनूपपुर, देशबन्धु।** रविवार की रात अनूपपुर जिले में अमरकंटक रोड पर जिला मुख्यालय से 10 किमी दूर सजहा नाले में तेज बहाव के दौरान एक कार बह गई, जिसमें पति-पत्नी और उनके दो मासूम बच्चे सवार थे। सोमवार को पुलिस ने चारों के शव बरामद कर लिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसईसीएल सोहागरपुर के फोरमैन चंद्रशेखर यादव 38 वर्ष, अपनी और बच्चों के साथ अमरकंटक से लौट रहे थे। हादसा रविवार शाम करीब 7 बजे हुआ, जब सजहा पुल पर तेज बहाव के बावजूद उन्होंने कार आगे बढ़ाई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्थानीय लोगों ने उन्हें रोकने की कोशिश की थी, लेकिन एक बस के सुरक्षित पार होने के बाद चंद्रशेखर ने भी कार आगे बढ़ा दी। पुल का हिस्सा अचानक टूट गया और कार तेज धारा में बह गई। जिसकी सूचना मिलते ही अतिरिक्त् पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सू री, कोतवाली निरीक्षक अरविंद जैन एवं होमगार्ड कमांडेंट सहित अन्यि अधिकारी एवं कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचे।

**शव को तलाशने चला सर्च अभियान** – सजहा नाले में बही कार के साथ चंद्रशेखर यादव, प्रीति यादव, पुत्र रेयांश और पुत्री सीबी के शव की सर्चिंग की गई। जहां नाले के किनारे कार क्षतिग्रस्तख हालत में मिला, लेकिन कार के अंदर कोई नही था। जिसके बाद प्रीति यादव का शव त्रिपाठी क्रेशर के पीछे बकान नदी में मिल गया था, वहीं दूसरे लगातार चंद्रशेखर एवं उनके दोनो बच्चों के शव की तलाश की जा रही थी। जहां चंद्रशेखर का शव ग्राम छिटापटपर के पास समुदहा नदी, पुत्र रेयांश का शव ग्राम खमरिया के पास बकान नदी में तथा 2 वर्षीय सीबी का शव खेरकुंडी ग्राम निदावन बकान नदी में मिला।

### पूरा परिवार उजड़ गया, मां-बाप पर टूटा दुखों का पहाड़

जानकारी के अनुसार, चंद्रशेखर यादव मूलतः बाबा कालोली बदरा के निवासी थे और सोहागपुर एसईसीएल में कार्यरत थे। उनकी माता-पिता पहले ही दिवंगत हो चुके थे। वह अनूपपुर में परिवार के साथ रहते थे। इस हादसे में पूरा परिवार खत्म हो गया। प्रीति यादव जो कि जिला चिकित्सालय में नर्स थीं, उनके माता-पिता शवों को देखकर बेसुध हो गए। जिला चिकित्सालय में वातावरण शोकाकुल रहा।

### मंत्री ने पहुंचकर दी सांत्वना, की आर्थिक सहायता की घोषणा

घटना की जानकारी मिलते ही कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने जिला चिकित्सालय अनूपपुर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की और ढांढस बंधाया। मंत्री ने पीड़ित परिवार को विधायक निधि से 25-25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

### कलेक्टर ने जताई नाराजगी, अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश

सोमवार को हुई समयावधि बैठक में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने घटना को गंभीरता से लेते हुए नाराजगी जताई। उन्होंने ग्राम औढ़ेरा के पटवारी संजीव सिंह, पंचायत सचिव कल्याण सिंह और रोजगार सहायक पर लापरवाही के आरोप में निलंबन का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत को दिए।

# पेड़ से टकराया वाहन तीन महिलाओं की मौत

## चार की हालत गंभीर, अयोध्या से दर्शन कर लौट रहे थे

**शहडोल, देशबन्धु।** अयोध्या दर्शन कर अपने घर लौट रहे लोगों का वाहन सीधे पेड़ से जा टकराया। इस हादसे में तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दर्जनों लोग घायल हो गए। घायलों में चार महिलाओं की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें शहडोल मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है।

घटना शहडोल जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के जोरा में सोमवार सुबह लगभग 5 बजे घटित हुई। यह सभी लोग छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के निवासी हैं, घटना के संबंध में ब्यौहारी पुलिस ने बताया कि ब्यौहारी थाना के जोरा गांव के पास एक तूफान वाहन क्रमांक सीजी 10 बीपी 8657



सड़क किनारे लगे यूकेलिप्टिस के पेड़ से टकरा गया। सोमवार की सुबह लगभग 5 बजे हुई इस घटना में महिला गायत्री कवर उम्र लगभग 55 वर्ष, मालती पटेल उम्र लगभग 40 वर्ष और इंदिरा बाई कंवर उम्र लगभग 55 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि चार महिलाओं की हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर कर दिया। पुलिस ने बताया कि वाहन में सिर्फ महिलाएं और बच्चे ही थे, जबकि चालक ही अकेला पुरुष वाहन में था। ब्यौहारी थाना प्रभारी अरुण पाण्डेय ने बताया कि तीनों मृतक परसोढी थाना पपरेढी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ के निवासी हैं। थाना प्रभारी श्री पाण्डेय ने बताया कि प्रारंभिक रूप में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वाहन चालक को झपकी लग जाने के कारण यह हादसा हुआ है।

# ठेका कर्मचारियों को अलग प्रकार के परिचय पत्र जारी होंगे

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे बोर्ड दिल्ली ने नियमित कर्मचारियों और ठेका कर्मचारियों के लिए अलग अलग परिचय पत्र जारी किए जाने के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए गए है। इस आदेश की प्रति पमरे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के यूसी जोशी, हुबली के मुकुल शरण माथुर, गोरखपुर, गुवाहाटी, मध्य एवं पश्चिम रेलवे मुंबई कोलकाता जयपुर भुवनेश्वर चैन्नई, समस्त आरडीएसओ एवं संबंधित अधिकारियों को प्रति अग्रेषित की गई है इस नए नियम को शीघ्रता से लागू किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार रेलवे बोर्ड ने रेलवे कर्मचारियों और अनुबंध सेवा प्रदाताओं ठेका कर्मियों के लिए नए पहचान पत्र बनाए जाने का निर्णय लिया है। इस निर्णय से रेलवे सुरक्षा और पहचान व्यवस्था मे सर्वाधिक सुधार आने की संभावना है। जानकारी के अनुसार नए पहचान पत्रों को रेलवे कर्मचारियों के लिए अलग-अलग प्रकार का प्रारूप तैयार किया जाने का प्रावधान है। इन पहचान पत्रों का एक विशिष्ट प्रारूप तैयार किया गया है। जिससे कि दोनों श्रेणियों की सही पहचान हो सके।

**पहचान पत्र की भौतिक नमूना प्रति भेजी जाएगी**– रेलवे बोर्ड दिल्ली द्वारा पहचान पत्र में एक रूपता को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक पहचान पत्र आईडी कार्ड की एक भौतिक नमूना प्रति सभी जोनल एवं आरडीएसओ एवं संबंधित अधिकारियों के पास भेजे जाने का भी निर्णय लिया गया है। यह सुनिश्चित करेगा कि पहचान पत्रों का निर्णय और वितरण बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों के मुताबिक ही हो। इस नई व्यवस्था को लागू किये जाने का एक मात्र उद्देश्य अनाधिकृत व्यक्तियों का रेलवे स्टेशन परिसर और विभागीय कार्यालयों में अनाधिकृत प्रवेश पर रोक लगाने में सहायक होगी।

# सीबीआई जबलपुर जोन के अधिकारियों से करेगी पूछताछ

**जबलपुर, देशबन्धु।** पमरे जोन के अंतर्गत कोटा मंडल में मुख्य लोको पायलट की विभागीय परीक्षा में हुई धांधली को लेकर केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सी.बी.आई) जयपुर ने लोकपाल की अनुशंसा पर प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। सीबीआई ने इस धांधली को लेकर कड़ा रूख करते हुए मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सीबीआई टीम द्वारा कई छोटे-छोटे बिन्दुओं पर जांच की कार्रवाई किए जाने की योजना बनायी है। पमरे के महाप्रबंधक एवं मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय कोटा एवं जबलपुर में तरह-तरह की चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। सीबीआई की जांच किए जाने से जबलपुर एवं कोटा मंडल में हड़कम्प मचा हुआ है। दिल्ली में पदस्थ लोकपाल द्वारा इस प्रकरण में अपनी पैनी नजर रखी हुई है। यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि कोटा मंडल में पदस्थ कर्मचारियों द्वारा नियम विरूद्ध ढंग से कार्य संपादन करना आम बात हो गई है। कोटा मंडल के अधिकतर कर्मचारी जनप्रतिनिधियों की गोद में बैठकर काम करते हैं और अधिकारियों तक दबाव बनाने में सफल रहते हैं। इसी के साथ ही साथ कुछ कर्मचारियों ने प्रभावशाली यूनियन की चादर ओढ़ रखी है इसी के कारण उनके हौसले इतने बुलंद रहते हैं कि वह नियम कानूनों को अपनी जेब में ही रखकर चलते हैं। कोटा में सतर्कता निरीक्षक आए दिन नियमों की धज्जियां उड़ाते हैं। गौरतलब है कि जबलपुर जोन के एक सतर्कता निरीक्षक द्वारा प्रति माह रेलवे में एसी प्रथम श्रेणी में मुफ्त यात्रा करके लाखों रूपयों का धड़ल्ले से चूना लगाया जा रहा है, एक निरीक्षक जो कि कोटा निवासी है वह प्रत्येक शुक्रवार को बगैर ड्यूटी व मुख्यालय तक छोड़ने की अनुमति के बगैर कोटा आना जाना करता है यह अपने आपके मुख्य सतर्कता अधिकारी से कम नहीं समझता है। जब तक अधिकारी ठोस निर्णय लेकर कदम नहीं उठाएंगे तब तक इस प्रकार की भर्राशाही का आलम हमेशा चलता रहेगा। सतर्कता विभाग ने यदि समय पर कोटा मंडल में प्रमोशन में धांधली की जांच करता तो सीबीआई इस प्रकरण को जांच नहीं करती। पमरे के जबलपुर जोन में यह चर्चा जोरों से है कि सतर्कता विभाग के मुखिया द्वारा किसी भी प्रकरण में कोई ठोस कार्रवाई नहीं कराने से भी इस प्रकार की परिस्थिति निर्मित हो रही है।

### इन अधिकारियों से होगी पूछताछ

जानकारी के अनुसार सीबीआई जयपुर की टीम जबलपुर जोन एवं जबलपुर मंडल के कुछ अधिकारियों से पूछताछ किए जाने की भी योजना बना रही है। इसके तहत या तो अधिकारियों को जयपुर बुलाकर बयान दर्ज करेगी या फिर जबलपुर में टीम आकर बयान लिए जाएंगे।

जानकारी के अनुसार इसमें उन अधिकारियों को भी शामिल किया जा रहा है जिन्होंने परीक्षा लेते समय जो भी विभागीय कर्मचारी परीक्षा में शामिल हुए थे और परीक्षार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं में जांच करते हुए अपने सिंग्नेचर किए हैं। पमरे के जबलपुर मंडल के कुछ राजपत्रित अधिकारियों को जांच के नाम पर अभी से पसीना छूट रहा है।


ADMISSION OPEN
"THE MAIN AIM OF THE EDUCATION IS ALL ROUND DEVELOPMENT OF THE CHILD"
BULBUL KIDS KINGDOM
High School
Uniform FREE
NURSERY, L.K.G., U.K.G. & 1st to 10th
न्यू राम नगर, अमखेरा रोड, अधारताल, जबलपुर
M: 9301408551, 9301408550, 6266655219

J.B.F.A
जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 106
मुर्गा मीडियम - रु. 98
मुर्गा बड़ा - रु. 82
मुर्गा जम्बो - रु. 82
मो.-9039925000, 9425800409

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 78
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 94
छोटा ब्रॉयलर - रु. 102
मो.- 9039925999

BHARAT VIDYA SHIROMANI AWARD, MEGA TIME 4 MEDIA & PRIME TIME अवार्ड से सम्मानित
महात्मा गांधी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन
केन्द्र व राज्य सरकार से मान्यता व म. प्र. मेडिकल एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर से सम्बद्धता प्राप्त
नर्सिंग: M.Sc. (N), PB. B.Sc. (N), B.Sc. (N), GNM (N), ANM (N)
पैरामेडिकल: B.M.L.T., D.M.L.T.
होम्योपैथी: B.H.M.S.
एजूकेशन: D.Ed., B.Ed., M.Ed.
लॉ: B.A.LL.B., LL.B., LL.M.
More Info : महात्मा गांधी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, मेन रेल्वे स्टेशन के पास, होटल कल्चुरी के सामने, साऊथ सिविल लाईन्स, जबलपुर (म.प्र.) Mob. 9300637079, 8103218415, 9893691462, 9200007079

जबलपुर आई केयर
डॉ. पूजा मिश्रा
(एम.बी.बी.एस., एम.एस., नेत्र सर्जन)
प्रत्येक शुक्रवार नि:शुल्क नेत्र परीक्षण
समय-सुबह 11 से 2 बजे तक
पता- खुशी प्लाजा कॉम्पलेक्स, भंवरताल गार्डन, जबलपुर
रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें- 9009101571, 0761-4003010, 8103157419

FOR PRIVATE SCREENING CALL +917999968989
FOR ONLINE BOOKING & OFFER BOOK FROM BOOKMYSHOW
CALL BOOKING 0761-4069888, 4069889
TUESDAY OFFER Flat ₹120/-
समदड़िया सिनेमा
BOOK YOUR TICKET & FOOD NO WHATSAPP SAMDAREEYA CINEMA +917999968989
SITAARE ZAMEEN PAR: 11:00AM, 02:00PM, 05:00PM, 06:30PM, 08:00PM, 10:45PM
MAA: 09:30AM, 02:00PM, 05:45PM, 08:20PM
KANNAPPA: 10:45PM
HOUSEFULL 5: 12:00PM
JURASSIC WORLD: 09:30AM, 12:15PM, 03:00PM, 05:30PM, 08:15PM, 10:45PM
METRO: 10:00AM, 01:00PM, 04:00PM, 07:00PM, 10:00PM, 11:00PM

श्रीजानकीरमण कला, वाणिज्य एवं फॉर्मेसी महाविद्यालय
म.प्र. शासन से मान्यता व अनुदान प्राप्त और रानीदुर्गावती वि.वि. एवं फॉर्मेसी काउंसिल से संबद्धता प्राप्त महाविद्यालय
प्रवेश प्रारंभ
B.A. B.Com B.Pharma D.Pharma
बल्देवबाग के पास, आगा चौक, जबलपुर मो: 9243447119, 7869474006

नेशनल हॉस्पिटल
स्थान- 703, गोलबाजार, जबलपुर
फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612
C.G.H.S., C.S.M.A., E.S.I.C. एवं आयुष्मान द्वारा मान्यता प्राप्त
सुपर स्पेशिलिटी विभाग
• हृदय रोग (एंजियोग्रॉफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर) • न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (लकवा, मिर्गी, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, ब्रेन ट्यूमर) • यूरोलॉजी (मूत्र के सभी रोगों का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेजर द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन) • शल्य चिकित्सा (हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतों में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन) • हड्डी रोग (हिप एवं नी रिप्लेशमेन्ट) • छाती रोग • नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) • स्त्री रोग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी) • नेत्र रोग • शिशु रोग
28 वर्षों से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान

सीधे 10 वीं/12 वीं/कॉलेज के फार्म भरें
प्रवेश प्रारंभ
A Name of Quality Education
यश नर्सरी हा.से. स्कूल
ESTD- 2004
अधारताल/गोहलपुर, जबलपुर
➡ 9 वीं/11 वीं फेल/पास सीधे 10 वीं/12 वीं करें।
➡ 12 वीं पास बी.ए./बी.कॉम./बी.एस.सी./बी.बी.ए./डी.एड./आई.टी.आई./कॉलेज/एन.टी.टी. जैसे कोर्स करें।
➡ ग्रेजुएट छात्र-छात्रा बी.एड./बी.लिब./डी.फार्मा./बी.फार्मा./ जैसे रोजगारोन्मुखी कोर्स कम्प्यूटर कोर्स के रेग्यूलर/प्राइवेट फार्म भरें।
स्टेट बैंक के पास, अधारताल तिराहा, जबलपुर
मो: 9303580611, 0761- 4111321